


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 60 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) ज्येष्ठ अमावस्या 2082 मंगलवार, 27 मई-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## दिल्ली में कोरोना ने पकड़ी रफ्तार

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोविड-19 के मामलों में बड़ा उछाल आया है। राजधानी में कोरोना के 104 मामले सक्रिय हैं। इनमें से 99 मामले पिछले एक सप्ताह के दौरान बढ़े हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में सबसे ज्यादा सक्रिय मामले केरल में हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और दिल्ली का नंबर आता है। केरल में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या 430, महाराष्ट्र में 209 और दिल्ली में 104 हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 19 मई तक 24 सक्रिय मामले थे। लेकिन, एक ही हफ्ते में 99 मामले और बढ़े, जबकि 24 मरीज अब तक रिकवर हुए हैं।

# भारत पर आँख उठाई तो बख्शेंगे नहीं : पीएम

> पाक को चेतावनी-सुख चैन से जीयो अपनी रोटी खाओ, वरना मेरी गोली तो है ही

> कोटि-कोटि जनों ने भी मुझे आशीर्वाद देने में कोई कमी नहीं रखी

> देश निराशा के अंधकार से निकलकर विश्वास के उजाले में तिरंगा फहरा रहा है

दाहोद-भुज, 26 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री मोदी ने दाहोद में करीब 24,000 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने वेरावल और अहमदाबाद के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस और वलसाड और दाहोद स्टेशनों के बीच एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने विशाल जनसभा को संबोधित भी किया। पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र किया।


उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र मां भारती की, मानवता की रक्षा के लिए हमारे तप और त्याग को दर्शाता है। सोचिए, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने जो कुछ किया, क्या भारत चुप बैठ सकता है? क्या मोदी चुप बैठ सकता है? अगर कोई हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है। ये हम भारतीयों के संस्कारों और हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है। आतंकवादियों ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी। इसलिए मोदी ने वही किया, जिसके लिए देशवासियों ने मुझे प्रधान सेवक की जिम्मेदारी दी है। पीएम मोदी ने कहा, मोदी ने अपनी तीनों सेनाओं को खुली छूट दी और हमारे शूरवीरों ने वो कर दिखाया, जो दुनिया ने पिछले कई दशकों से नहीं देखा था। हमने सीमापार चल रहे 9 आतंकी ठिकानों को ढूंढ निकाला और 22 तारीख को उन्होंने जो खेल खेला था, 6 तारीख की रात को 22 मिनट में हमने उन्हें मिट्टी में मिला दिया। भारत की इस कार्रवाई से बौखलाकर जब पाकिस्तानी सेना ने दुस्साहस दिखाया, तो हमारी सेनाओं ने पाकिस्तानी फौज को भी धूल चटा दी। उन्होंने कहा कि विभाजन के बाद नए-नए बने देश का एक ही लक्ष्य था- भारत से नफरत करना और हमारी प्रगति को रोकने की कोशिश करना, लेकिन हमारा एक ही लक्ष्य है- आगे बढ़ते रहना, गरीबी को खत्म करना और विकसित भारत का निर्माण करना। वास्तव में विकसित भारत तभी संभव है, जब हमारी सशस्त्र सेनाएं मजबूत हों और हमारी अर्थव्यवस्था भी मजबूत हो। हम पूरी लगन और दृढ़ संकल्प के साथ लगातार उस दिशा में काम कर रहे हैं।



इससे पहले सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज 26 मई है। 2014 में इसी तारीख को मैंने पहली बार प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। सबसे पहले गुजरात के लोगों ने मुझे आशीर्वाद दिया, फिर करोड़ों भारतीयों ने मुझे आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि गुजरात के आप सभी लोगों में मुझे भरपूर आशीर्वाद दिया और बाद में देश के कोटि-कोटि जनों ने भी मुझे आशीर्वाद देने में कोई कमी नहीं रखी।आपके आशीर्वाद की शक्ति से मैं दिनरात देशवासियों की सेवा में जुटा रहा। इन वर्षों में देश ने वो फैसले लिए जो अकल्पनीय और अभूतपूर्व हैं। इन वर्षों में देश ने दशकों पुरानी बेड़ियों को तोड़ा है। देश हर सेक्टर में आगे बढ़ा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज देश निराशा के अंधकार से निकलकर विश्वास के उजाले में तिरंगा फहरा रहा है। आज हम 140 करोड़ भारतीय मिलकर अपने देश को विकसित भारत बनाने के लिए जी-जान से जुटे हैं। देश की तरक्की के लिए जो कुछ भी चाहिए वो हम भारत में ही बनाएं ये आज के समय की मांग है। भारत आज तेज गति से मैन्युफैक्चरिंग की दुनिया में आगे बढ़ रहा है।

# 'बाला साहेब ठाकरे होते तो ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते'

## गृह मंत्री शाह का शिवसेना (यूबीटी) पर निशाना



नांदेड़, 26 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र दौरे पर गए गृह मंत्री अमित शाह ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की रवानगी पर शिवसेना (यूबीटी) के बयान का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आज अगर बालासाहेब ठाकरे होते तो वे ऑपरेशन सिंदूर के लिए पीएम मोदी की सराहना करते। उन्होंने कहा कि शिवसेना के नेता ने प्रतिनिधिमंडल को लेकर कहा कि 'ये किसकी बारात जा रही है?' शिवसेना (यूबीटी) बालासाहेब ठाकरे की पार्टी थी।

उन्होंने कहा कि अगर बालासाहेब ठाकरे जीवित होते तो वे मोदी को गले लगाते। लेकिन शिवसेना (यूबीटी) के एक नेता ने प्रतिनिधिमंडल को बारात कहा। मुझे नहीं पता कि उद्धव सेना को क्या हो गया है। वे प्रतिनिधिमंडल को बारात कह रहे हैं, जबकि उनके अपने सदस्य भी इसका हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीएम मोदी ने फैसला किया कि यह देश का मामला है।

इसलिए सांसदों का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों का दौरा करेगा और आतंकवाद के पाकिस्तान के चेहरे को उजागर करेगा। फिर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का गठन किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आतंकियों ने उरी पर हमला किया, हमने सर्जिकल स्ट्राइक से जवाब दिया। उन्होंने पुलवामा पर हमला किया, हमने हवाई हमले से जवाब दिया। उन्होंने पहलगाम में हमला किया, हमने ऑपरेशन सिंदूर से जवाब दिया और उनके आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर ने पूरी दुनिया को संदेश दिया है कि किसी को भी भारतीय सेना, उसके लोगों और उसकी सीमा को परेशान नहीं करना चाहिए, अन्यथा उन्हें परिणाम भुगतने होंगे। पीएम मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर कोई हम पर हमला करता है, तो गोली का जवाब गोला से दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भूल गया कि 11 साल पहले वहां कांग्रेस की सरकार थी, जो अब बदल चुकी है। हमने सात मई को 22 मिनट में नौ आतंकी शिविर नष्ट कर दिए गए। जबकि भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने यह सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान की मिसाइलें और ड्रोन देश की धरती को न छू सकें। नौ मई को भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी ने सिंधु जल संधि को खत्म कर दिया है, जिस पर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने हस्ताक्षर किए थे और पाकिस्तान के साथ सभी तरह के व्यापार को भी खत्म कर दिया है।

## बीएसएफ के आईजी बोले-पाक ने राजस्थान में 413 ड्रोन अटैक किए

श्रीनगर, 26 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना ने सोमवार को एक बुकलेट जारी की है। इसमें बताया गया कि 6-7 मई को लॉन्च किए ऑपरेशन सिंदूर की तीनों सेना प्रमुख मॉनिटरिंग कर रहे थे। बुकलेट में दिखाया गया है कि कैसे वॉर रूम से पूरे ऑपरेशन पर नजर रखी जा रही थी। इसमें आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और एयरफोर्स चीफ एयरचीफ मार्शल एपी सिंह मौजूद थे। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पार्लियामेंट्री कंसलटेटिव कमेटी की बैठक की। उन्होंने कहा-डीजीएमओ ने पाकिस्तान को उसके क्षेत्र में टेरर कैंप पर भारतीय हमले की जानकारी तभी दी थी जब अटैक किया गया था। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तान से कभी बात नहीं की। आर्मी ऑपरेशन (सीजफायर) रोकने का फैसला पाकिस्तान की रिक्वेस्ट की पर द्विपक्षीय लिया गया था।

# 4 साल से फरार लाल चंदन का तस्कर 'जाफर' पकड़ा गया

नागपुर, 26 मई (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), नागपुर उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने चार वर्ष से फरार चल रहा 'लाल चंदन' का तस्कर 'अब्दुल जाफर' को धर दबोचा है।

चंदन को दुबई तक पहुंचाने के लिए जाफर ने एक नया तरीका खोजा था। इसके लिए उसने बाकायदा एक सिंडिकेट खड़ा कर लिया था। सिंडिकेट के प्रभाव से लाल चंदन, दुबई पहुंचने लगा। वह दुबई के लिए जो माल बुक करवाता था, उस कंटेनर में सिंडिकेट की मदद से लाल चंदन रखवा देता था। चूंकि हर जगह उसकी सेटिंग थी तो उसका ''लाल चंदन', स्पंज आयरन के बॉक्स में दुबई तक पहुंच जाता था। आरोपी ने इस तरह 'अपराध की आय' से भूमि, भवन, फ्लैट और महंगे वाहन खरीद लिए थे।

ईडी के मुताबिक, 'अब्दुल जाफर', चार साल से फरार चल रहा था। जांच एजेंसी ने पिछले सप्ताह चेन्नई के दो परिसरों में छापे मारे थे। ये दोनों परिसर, अब्दुल जाफर से जुड़े थे। उसने 'लाल चंदन' की तस्करी के लिए अपना एक सिंडिकेट तैयार कर रखा था। उसके प्रभाव के माध्यम से प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा निर्यात किए जा रहे घोषित माल को लाल चंदन से बदला जाता था। इस तरह से बड़े पैमाने पर दुबई में लाल चंदन की खेप पहुंचती थी।

## जस्टिस वर्मा की इन-हाउस जांच रिपोर्ट मांगने वाली आरटीआई याचिका खारिज

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के तहत दायर एक आवेदन को खारिज कर दिया है। जिसमें जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों से संबंधित इन-हाउस जांच समिति की रिपोर्ट की मांग की गई थी। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, शीर्ष अदालत ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) द्वारा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को उक्त रिपोर्ट भेजने के लिए लिखे गए पत्र का खुलासा करने से भी इनकार कर दिया। आरटीआई आवेदन में इस मामले में तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र की भी जानकारी मांगी गई थी।

# 'अच्छे दिनों की बात डरावना सपना बनी'

## मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर कांग्रेस का तंज

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी सरकार पर देश को बर्बाद करने का आरोप लगाया और कहा कि अच्छे दिन का वादा एक डरावना सपना बनकर रह गया है। खड़गे ने किसानों, महिलाओं, रोजगार और अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

**खड़गे ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बोला हमला :**

मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 26 मई 2014, 11 वर्षों में मोदी सरकार के सभी बड़े-बड़े वादे खोखले साबित हुए हैं।



मोदी सरकार ने देश को तबाह कर दिया है कि अच्छे दिन की बात अब डरावना सपना बन गई है। युवाओं से दो करोड़ नौकरियां सालाना का वादा किया गया था, लेकिन करोड़ों नौकरियां गायब हो गईं। खड़गे ने लिखा कि किसानों की आय दोगना करने का वादा किया गया था, आय तो दोगुनी हुई नहीं ऊपर से उन्हें रबर की गोलियां खानी पड़ीं। महिलाओं के आरक्षण पर शर्तें लागू कर दी गई है और महिला सुरक्षा तार-तार है। पिछड़े वर्गों पर अत्याचार हो रहा है और उनकी हिस्सेदारी भी कहीं खो गई है।

**अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर घेरा :**

अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर सरकार को घेरते हुए खरगे ने कहा कि देश में महंगाई चरम पर है और बेरोजगारी भी लगातार बढ़ रही है। खड़गे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने मेक इन इंडिया और देश को विश्वगुरु बनाने जैसे वादे किये थे, लेकिन देश के हर देश के साथ रिश्ते तबाह कर दिए गए। खड़गे ने कहा कि संघ द्वारा लोकतंत्र के हर स्तंभ पर हमला किया जा रहा है। ईडी और सीबीआई का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है।

## आठ राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव 19 जून को

### उसी शाम को आएंगे नतीजे, निर्वाचन आयोग ने किया एलान

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। आठ राज्यसभा (उच्च सदन) सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनावों की तारीख का एलान कर दिया गया है। असम के दो और तमिलनाडु के छह राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल जून और जुलाई में समाप्त होने की वजह से चुनाव कराए जा रहे हैं। चुनाव आयोग ने सोमवार को 19 जून को सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव की घोषणा की। उसी शाम को मतगणना की जाएगी। द्विवार्षिक चुनाव के लिए अधिसूचना 2 जून को जारी की जाएगी।

असम से बीरेंद्र प्रसाद बैश्य (भाजपा) और मिशन रंजन दास (भाजपा) का कार्यकाल 14 जून को समाप्त हो रहा है। इसी तरह तमिलनाडु के छह सदस्यों अंबुमणि रामदास (पीएमके), एन. चंद्रशेखरन (एआईएडीएमके), एम. शानमुगम (डीएमके), पी. विल्सन (डीएमके) और वाइको (एमडीएमके) का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है। इसस पहले बीते दिन चुनाव आयोग ने चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव का एलान किया था। उपचुनाव के लिए मतदान की तारीख 19 जून तय की गई थी। नतीजे 23 जून को आएंगे। भारतीय निर्वाचन आयोग ने गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल के 5 विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपचुनाव की तिथि घोषित कर दी थी। सभी पांच सीटें इस्तीफे या निधन की वजह से खाली हो गईं थी। जिन सीटों पर चुनाव होने हैं, उनमें गुजरात की कादी और विसावदर विधानसभा सीट शामिल हैं।

# ज्योति मल्होत्रा को 14 दिन के लिए जेल भेजा



हिसार, 26 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को सोमवार को हिसार कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने ज्योति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। उसे हिसार की सेंट्रल जेल नंबर-2 में रखा जाएगा, जो कि महिलाओं के लिए है। उधर, ज्योति का नया वीडियो सामने आया है, जिसमें वह पाकिस्तान में गाड्र्स के साथ बाजार में घूम रही है। इन गाड्र्स के हाथों में एके-47 गन हैं। यह वीडियो स्कॉटिश यूट्यूबर कैलुम मिल ने बनाया है। वीडियो में ज्योति, कैलुम से पूछती है कि क्या आप पहली बार पाकिस्तान आए हो? इस पर कैलुम कहते हैं कि मैं पांचवीं बार आया हूं।

ज्योति कहती है कि पाकिस्तान आपको कैसा लगा? कैलुम पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाते हैं। इसके बाद ज्योति कहती है-आप कभी इंडिया आए हो? मैं इंडिया से हूं। कैलुम इस पर हां कहते हैं। फिर कैलुम ज्योति से पूछते हैं कि आपको पाकिस्तान कैसा लगा? इस पर ज्योति कहती है कि बहुत पसंद आया। इससे पहले, हिसार पुलिस की इकोनॉमिक सेल ने ज्योति से 2 दिन पूछताछ की। हालांकि, पुलिस के हाथ ज्यादा कुछ नहीं लगा। पेशी से पहले ज्योति के पिता हरीश मल्होत्रा ने कहा कि पुलिस घर आई थी। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने उनसे कहा कि वह ज्योति की पेशी के दौरान कोर्ट में न आएं। उन्होंने बेटी से मिलने की इच्छा जताई, मगर पुलिस ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए मिलवाने से मना कर दिया।

**ज्योति के खातों से नहीं मिली बड़ी ट्रांजैक्शन :**

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इकोनॉमिक सेल की पूछताछ में ज्योति ने किसी भी विदेशी फंडिंग से इनकार किया है। ज्योति ने बताया कि उसके विदेश दौरों का खर्च ट्रैवल और होटल इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनियां उठाती थीं। ज्योति ने पुलिस को हर दौरे का हिसाब दिया है। जांच में ज्योति के बैंक खातों में कोई बड़ा लेनदेन भी नहीं मिला है। पुलिस इस एंगल पर भी काम कर रही है कि कहीं हवाला के जरिए तो ज्योति तक पैसा नहीं पहुंचा।

# कर्नाटक के तटीय इलाकों और केरल में भारी बारिश का रेड अलर्ट

> एनडीआरएफ टीमें तैनात

बेंगलूरू, 26 मई (एजेंसियां)। केरल में मानसून का आगमन हो गया है और इसके साथ ही देश में मानसूनी बारिश का दौर शुरू हो गया है। महाराष्ट्र में भारी बारिश हो रही है। वहीं कर्नाटक के तटीय इलाकों में अगले पांच दिनों तक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं केरल के कई जिलों में भारी बारिश का अनुमान जताया गया है। प्रशासन ने लोगों को सावधान रहने के निर्देश दिए।

कर्नाटक के तटीय इलाके दक्षिणी कन्नड़ जिले में बीते दो दिनों से तेज बारिश हो रही है, जो सोमवार को भी जारी रही। मौसम विभाग ने कर्नाटक के तटीय इलाकों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। हालात को देखते हुए सरकार ने एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की तैनाती करने का फैसला किया है। मंगलूरू शहर में भारी बारिश के चलते जगह-जगह जलभराव की समस्या हो गई है और सड़कों पर पानी भरने के चलते ट्रैफिक भी जाम हो गया है। पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन की छिटपुट घटनाएं भी हुई हैं। जिन इलाकों में बड़े पैमाने पर जलभराव की समस्या हुई है, उनमें मंगलूरू शहर के कोट्टारा जंक्शन, मालेमार, महावीरा सर्किल, उर्वा, माताडाकिनी, कुडरोली, कोडियाबेल आदि इलाके शामिल हैं।

जलभराव और भारी बारिश को देखते हुए जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्र बंद करने का आदेश दिया गया है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 48 घंटों में पूरे तटीय इलाकों में भारी बारिश का अनुमान है। प्रशासन ने पुत्तूर में एनडीआरएफ की एक टीम को तैनात किया है और मंगलूरू और सुब्रमण्य इलाकों में एसडीआरएफ की टीमें तैनात हैं और उन्हें अलर्ट पर रखा गया है। जेसीबी, नौकाएं आदि को भी तैयार रखा गया है। भारी बारिश के चलते नदियों के किनारों पर स्थित निचले इलाकों में बाढ़ की आशंका है। कर्नाटक के बेलगावी में भारी बारिश के चलते एक दीवार गिर गई, जिसकी चपेट में आकर एक तीन साल की बच्ची की मौत हो गई।

# 'ऑपरेशन सिंदूर के बाद ही दी गई पाकिस्तान को जानकारी'

## राहुल के आरोपों पर जयशंकर का जवाब

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। सीमापार आतंकवाद के मुद्दे पर आज संसदीय समिति की बैठक हुई। इस बैठक में सरकार ने सीमापार आतंकवाद को लेकर अपनी रणनीति साझा की, जिसमें कूटनीतिक पहल और अन्य कोशिशों की पूरी जानकारी दी। सरकार ने संसद की सलाहकार समिति के साथ बैठक में बताया कि पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जो आतंकवाद का केंद्र थे। इससे पाकिस्तानी सेना के मनोबल पर चोट लगी है क्योंकि वह आतंकी शिविरों की रक्षा नहीं कर सकी।



**विदेश मंत्री के हमले की कथित सूचना देने पर सरकार का जवाब :**

सरकार ने बताया कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में भारत को वैश्विक स्तर पर समर्थन मिला है। वहीं पाकिस्तान को तीन देशों को छोड़कर- तुर्किये, अजरबैजान और चीन को छोड़कर किसी का समर्थन नहीं मिला। बैठक में कांग्रेस ने विदेश मंत्री द्वारा पाकिस्तान को कथित तौर पर हमले की सूचना दिए जाने के विवाद को उठाया। जिस पर सरकार ने स्पष्ट किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच डीजीएमओ स्तर के अलावा किसी भी तरह की कोई बातचीत नहीं हुई, और वह भी हमलों के बाद ही हुई थी। पहले आतंकी ठिकानों पर हमला हुआ, फिर एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की। इसके बाद भारत के डीजीएमओ ने पाकिस्तानी डीजीएमओ से संपर्क किया। विदेश मंत्री ने कांग्रेस द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को बेईमानी और घटनाओं का गलत चित्रण बताया।

**सिंधु जल समझौते के स्थगन पर सरकार का बयान**

सिंधु जल समझौते को लेकर संसदीय समिति ने सरकार से पूछा कि क्या वह सिंधु जल समझौते का स्थगन बरकरार रखेगी या सिर्फ सरकार ने प्रतीकात्मक तौर पर यह कदम उठाया है। इस पर सरकार ने कहा कि फिलहाल सिंधु जल समझौता स्थगित है और भविष्य में जो भी कदम उठाया जाएगा, उसके बारे में संसद को जानकारी दे दी जाएगी।

**ट्रंप के दावे पर क्या बोली सरकार :**

विदेश मंत्रालय ने संसदीय समिति से राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की अपील की और बताया कि इसी के तहत सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर भेजे गए हैं। बैठक में सांसदों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को लेकर सवाल किया, जिस पर सरकार ने बताया कि अमेरिका और अन्य देशों ने भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत की सलाह दी थी, लेकिन उन्हें बता दिया गया कि आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकतीं।

## 750 से अधिक फर्जी खोल कर किया फर्जीवाडा

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। ईडी, बेंगलूरू क्षेत्रीय कार्यालय ने कर्नाटक भोवी विकास निगम में धन की हेराफेरी से संबंधित एक ऐसे मामले का खुलासा किया है, जिसमें मैनेजर ने ही गोलमाल कर दिया। विकास निगम के मैनेजर ने 750 से अधिक फर्जी लाभार्थियों के खाते खोले। उसके बाद उन खातों के नाम पर लोन या वित्तीय सहायता मंजूर की। इस धोखाधड़ी के जरिए मैनेजर ने जो पैसा कमाया, उससे अपने परिजनों के लिए प्रॉपर्टी खरीद ली। परिवार के लिए शानदार जीवनशैली का इंतजाम कर दिया। प्रवर्तन निदेशालय ने अब धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत बीके नागराजप्पा, आर लीलावती और अन्य आरोपियों की 26.27 करोड़ रुपये (लगभग) मूल्य की विभिन्न अचल संपत्तियों (वर्तमान बाजार मूल्य 40 करोड़ रुपये) को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। जांच से पता चला है कि केबीडीसी के तत्कालीन महाप्रबंधक बीके नागराजप्पा और केबीडीसी की तत्कालीन प्रबंध निदेशक आर लीलावती ने बिचौलियों और उनके सहयोगियों के साथ मिलकर 750 से अधिक फर्जी लाभार्थियों के बैंक खाते खोल दिए।

# एनआईए ने दिल्ली से सीआरपीएफ जवान को किया गिरफ्तार

## 2023 से पाकिस्तान को दे रहा था 'सीक्रेट' जानकारी

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। देश में एक के बाद एक पाकिस्तानी जासूस सामने आ रहे हैं। अब एक और जासूस को अरेस्ट किया गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए ने एक सीआरपीएफ जवान को पकड़ा है। आरोप है कि वह पाकिस्तानी इंटेलिजेंस के अधिकारियों के साथ में संवेदनशील जानकारी शेयर कर रहा था। एनआईए ने कहा कि उसने सीआरपीएफ के जवान को दिल्ली से गिरफ्तार किया है और उससे पूछताछ कर रही है। केंद्रीय एजेंसी ने कहा कि उसे उसकी सेवाओं से बर्खास्त कर दिया गया है।

पटियाला हाउस कोर्ट की स्पेशल कोर्ट ने उसे 6 जून तक एजेंसी की कस्टडी में भेज दिया है। एनआईए के प्रवक्ता ने कहा, हमने सीआरपीएफ के जवान को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान मोती राम जाट के तौर पर हुई है। वह जासूसी गतिविधि में सक्रिय रूप से शामिल था और 2023 से पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑफिसर्स के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित जानकारी शेयर कर रहा था। हमें यह भी पता चला है कि वह कई तरीकों से पीआईओ से पैसा भी हासिल कर रहा था।

सीआरपीएफ के एक अधिकारी ने कहा कि जब वे केंद्रीय एजेंसियों के साथ में कोऑर्डिनेट कर रहे थे तो उसकी नजह सोशल मीडिया की गतिविधियों पर पड़ी थी, तो उन्होंने पाया कि जाट ने प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हुए काम किया है। अधिकारी ने कहा, उसे आगे की जांच के लिए एनआईए को सौंप दिया गया है। साथ ही, उसे सीआरपीएफ नियमों के साथ भारत के संविधान के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत 21 मई से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रीय जांच एजेंसी उन लोगों पर भी कड़ी नजर रख रही है जो मोती राम जाट के संपर्क में थे। इतना ही नहीं जांच एजेंसी जवान के साथ-साथ रिश्तेदारों के बैंक अकाउंट की भी जांच कर सकती है, ताकि इस बात का पता लगाया जा सके कि पाकिस्तान से कितनी रकम मिली और उसका इस्तेमाल कहां-कहां पर किया गया।

## आंधी-तूफान और तेज हवा के साथ जागी मुंबई

**लगातार बारिश से जलभराव उपनगरीय रेल सेवा प्रभावित**

मुंबई, 26 मई (एजेंसियां)। दक्षिण पश्चिम मानसून के महाराष्ट्र पहुंचने के बाद राज्य में आंधी-तूफान और तेज हवा के साथ भारी बारिश हो रही है। राज्य के अलग-अलग इलाकों में बारिश से हाल बेहाल हैं। मुंबई शहर के कई हिस्सों में तेज बारिश हो रही है। कई हिस्सों में बारिश के बाद जलभराव के हालात बन गए हैं। सुबह से ही आंधी-तूफान और तेज हवा से हालात गंभीर होते जा रहे हैं। धूल भरी आंधी क वजह से दृश्यता कमजोर हुई, इससे रेल और सड़क यातायात प्रभावित हुआ है।

अधिकारियों ने बताया कि कुछ घंटों की लगातार बारिश के कारण मुंबई के कई निचले इलाकों और रेलवे ट्रैक पर जलभराव हो गया। इससे सोमवार सुबह सड़कों और लोकल ट्रेन सेवाओं पर यातायात प्रभावित हुआ। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ओर से जारी की गई आंधी और तेज हवा की चेतावनी के बीच मुंबई के कई इलाकों, खासकर द्वीपीय शहर में कुछ घंटों तक तेज बारिश हुई।

# 'रिपुन बोरा ने कबूला–पाकिस्तान सरकार के वेतन पर काम करती थी गौरव गोगोई की पत्नी'

*सीएम सरमा ने कहा-सीनियर कांग्रेस नेता का कबूलनामा, अगर यह सच तो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा*



गुवाहाटी, 26 मई (एजेंसियां)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने एक बार फिर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न का मुद्दा उठाया है। सरमा ने दावा किया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रिपुन बोरा ने माना है कि एलिजाबेथ वास्तव में पाकिस्तान सरकार के वेतन पर काम करती थी। अगर इस बात में सच्चाई है तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत ही चिंताजनक सवाल है।

सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, कल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रिपुन बोरा ने एक चौंकाने वाली बात कबूली। उन्होंने माना कि सांसद गौरव गोगोई की ब्रिटिश पत्नी वास्तव में पाकिस्तान सरकार के वेतन पर काम करती थी। अगर यह सच है, तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत ही चिंताजनक सवाल है। मुख्यमंत्री ने कहा, एक शत्रु विदेशी राज्य से जुड़े व्यक्ति की निरंतर मौजूदगी भारत की संस्थाओं की अखंडता के लिए एक गंभीर और अस्वीकार्य खतरा है। हमें पहले इस चौंकाने वाली जानकारी के बारे में पता नहीं था। अब जब यह खुलासा हुआ है, तो मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। हम बोरा का बयान दर्ज करेंगे और इस मामले में आगे की कार्रवाई करेंगे।

**'सीएम हैं, आईटी सेल के ट्रोल नहीं'**

इससे पहले लोकसभा क्षेत्र जोरहाट के मजुली में गौरव गोगोई ने 'पाकिस्तान कनेक्शन' के आरोप पर कहा था, 'जब भाजपा की आईटी सेल मुझ पर झूठे आरोप लगाती है, तो कोई हैरानी नहीं होती। लेकिन जब एक राज्य का मुख्यमंत्री कुछ कहता है, तो हम उम्मीद करते हैं कि वह अपने आरोपों को साबित भी करेगा।

मुख्यमंत्री और ट्रोल में कुछ तो फर्क होना चाहिए।' मुख्यमंत्री सरमा और भाजपा लगातार यह आरोप लगाते रहे हैं कि कांग्रेस सांसद गोगोई और उनकी पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न के पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध हैं। सरमा ने यहां तक कहा था कि गोगोई आईएसआई के बुलावे पर पाकिस्तान गए थे, वहां ट्रेनिंग ली थी और वहां की सरकार से मिलकर काम किया था। गौरव गोगोई ने इन आरोपों को 'बेबुनियाद, बेतुका और बकवास' करार दिया। उन्होंने कहा कि उनका पाकिस्तान दौरा भारत सरकार की जानकारी में था और इसमें कुछ भी गुप्त नहीं था। गोगोई ने कहा,'पहले दिन से ही हम सबूत मांग रहे हैं। लेकिन मुख्यमंत्री की तरफ से कोई प्रमाण नहीं आया है। यही उनकी कमजोरी है। अगर सबूत नहीं दिए गए, तो जनता का विश्वास भी उन पर से उठ जाएगा।'

**क्या हम फिल्म देख रहे हैं?'**

जब मुख्यमंत्री के इस बयान पर गौरव गोगोई से सवाल किया गया कि 'सारे सबूत 10 सितंबर तक जनता के सामने रखे जाएंगे', तो कांग्रेस सांसद ने तंज करते हुए कहा, 'क्या हम कोई फिल्म देख रहे हैं, जिसमें रिलीज डेट पहले से तय होती है? यह 'सिंघम 1' या 'सिंघम 2' नहीं है।' गौरव गोगोई ने यह भी कहा कि कांग्रेस मुख्यमंत्री सरमा की बातों को ज्यादा महत्व नहीं देती। उन्होंने कहा, 'हम उनके शब्दों को महत्व नहीं देते, हम जनता की बातों को महत्व देते हैं।'



## दिल्ली कोर्ट की अहम टिप्पणी

## महिला को हराम बोलना उसकी गरिमा का अपमान, आरोपी को माना गया दोषी

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। तीस हजारी कोर्ट ने एक महिला को हराम शब्द बोलकर उसकी गरिमा का अपमान करने के लिए एक आरोपी को दोषी ठहराया है। आरोपी हेमंत उर्फ जीत के खिलाफ तिमारपुर पुलिस थाना में भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 509 (किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्द, हाव भाव या कृत्य) के तहत मामला दर्ज था।

न्यायिक मजिस्ट्रेट करणबीर सिंह ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हराम शब्द ऐसा शब्द नहीं है जिसका इस्तेमाल सिर्फ किसी व्यक्ति का अपमान करने के लिए किया जाता है। हराम शब्द का मतलब है कोई ऐसी चीज जो निषिद्ध हो और जिसे गलत तरीके से अर्जित किया गया हो। न्यायाधीश ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने अपने मामले को संदेह से परे साबित कर दिया है। ऐसे में यह साबित हो गया कि आरोपी ने पीड़िता के चरित्र पर कलंक लगाने वाले शब्दों का प्रयोग किया था। इसलिए, आरोपी को आईपीसी की धारा 509 के तहत अपराध के लिए दोषी ठहराया जाता है।

17 मई के आदेश में अदालत ने कहा कि आरोपी के बोले गए शब्द का इस्तेमाल का उद्देश्य केवल पीड़िता का अपमान करना नहीं था। बल्कि इसका मतलब था कि वह चरित्रहीन थी, जिससे उसके चरित्र पर कलंक लगा। ऐसे शब्द किसी भी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले हैं। मामला 2017 का है, जब आरोपी महिला को परेशान कर रहा था। आरोपी ने 8 जुलाई 2019 को अपमानजनक शब्द बोलकर अपराध किया था।

# अमृतसर पार्षद हत्याकांड : पंजाब पुलिस ने मुठेभड़ के बाद चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

अमृतसर, 26 मई (एजेंसियां)। अमृतसर में अकाली दल के पार्षद की हत्या मामले में पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने हत्या में शामिल आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पार्षद की हत्या में शामिल चार आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों ने पहले पुलिस पर फायरिंग की, जिसके बाद पुलिस की तरफ से जवाबी कार्रवाई की गई और आरोपियों में से एक गुरप्रीत सिंह गोपी को पैर में गोली लगी है। इसके अलावा, बाकी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी गुरप्रीत सिंह गोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। साथ ही पुलिस ने मौके से एक बाइक भी



बरामद की है। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत भुल्लर ने आईएएनएस से बातचीत में बताया, पुलिस ने विदेश में बैठे किशन गैंग से जुड़े एक संगठित अपराध नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई की है।

गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें जंडियाला गुरु के नगर पार्षद हरजिंदर सिंह की हत्या का मामला सुलझा लिया गया है। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से हथियार भी बरामद किया गया है। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत भुल्लर ने कहा कि गोइंदवाल से एक युवक जोबन को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद अमित और गुरप्रीत सिंह गोपी को गिरफ्तार किया गया। हालांकि, गिरफ्तारी से पहले मुख्य आरोपी गुरप्रीत सिंह गोपी ने भागने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस ने उसका पीछा किया और नाकेबंदी के दौरान मुठभेड़ में उसे गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपी का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पंजाब पुलिस के डीजीपी के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर मुठभेड़ की जानकारी दी गई।

डीजीपी ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से एक ग्लॉक 9एमएम पिस्तौल बरामद की है। इसके साथ ही यह ऑपरेशन गैंग प्रतिद्वंद्विता और संगठित अपराध पर नकेल कसने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस जांच कर रही है ताकि गैंग के अन्य साथियों और उनके कनेक्शनों का पता लगाया जा सके। बता दें कि अमृतसर के छेहरटा क्षेत्र में एक अकाली पार्षद की रविवार शाम को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बदमाश बाइक पर सवार होकर आए थे और घटना को अंजाम देकर फरार हो गए थे।

## *खंडवा गैंगरेप को लेकर कांग्रेस हमलावर*

# जीतू पटवारी की मांग, 'पीएम मोदी आकर उस महिला से मिलें'

भोपाल, 26 मई (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के खंडवा गैंगरेप मामले में कांग्रेस पार्टी ने सत्ताधारी दल भाजपा को कठघरे में खड़ा किया है। एमपी पीसीसी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पीएम मोदी के प्रदेश आगमन को निशाने पर लेकर कहा कि उन्हें भोपाल की जगह खंडवा आना चाहिए। सोमवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि खंडवा में वीभत्स तरीके से गैंगरेप को अंजाम दिया गया। यह मध्यप्रदेश में क्या हो रहा है? यह कैसा मध्यप्रदेश है? मध्यप्रदेश में रोजाना 25 महिलाओं का बलात्कार हो रहा है और प्रदेश के गृहमंत्री कहां हैं? पीएम मोदी बहनों के सम्मान में 31 मई को भोपाल आ रहे हैं। मेरी पीएम मोदी से अपील है कि वे खंडवा जरूर



आएं। पीड़िता के दर्द को भी समझें। तीन साल के भीतर ढाई लाख आदिवासी महिलाएं गायब हो गईं, इसके पीछे के लॉजिक को भी समझना होगा।

जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, खंडवा में एक महिला की गैंगरेप के बाद मौत हो गई है। बेहोशी की हालत में उसे तेज ब्लीडिंग हो रही थी। बर्बर अत्याचार ने 'आदिम युग के जंगलराज' को भी पीछे छोड़ दिया है। दुस्साहस की ऐसी पराकाष्ठा तभी हो सकती है, जब प्रदेश में कानून का डर खत्म हो गया हो। लाडलियों के उत्पीड़न की इस इंतहा पर भी सरकार चुप है।

उन्होंने इसे न्यू नॉर्मल रवैया करार दिया। बोले, महिला उत्पीड़न से गंभीर रूप से पीड़ित मप्र में महिला अपराध के इस न्यू नॉर्मल ने भाजपा सरकारों के सरोकारों को भी उजागर कर दिया है। क्या मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार इस सरकारी-हत्या के दोष से मुक्त हो पाएगी? 31 मई को प्रधानमंत्री मोदी को भोपाल नहीं, अब खंडवा ही आना चाहिए। सरकारी खर्च पर प्रदेश की हजारों महिलाओं को भी अब खंडवा ही बुलाना चाहिए। देश के हृदय प्रदेश की तेज धड़कनों को पूरे देश को सुनाना चाहिए।

## नीट यूजी मामले में 29 को फिर सुनवाई

इंदौर, 26 मई (एजेंसियां)। नीट यूजी रिजल्ट मामले में आज सोमवार 26 मई को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। इससे पहले गुरुवार 22 मई को हुई सुनवाई में एनटीए की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता वर्चुअल उपस्थित हुए थे।

उन्होंने कहा था कि इंदौर से जुड़े 24 सेंटरों के प्रभावित स्टूडेंट्स के लिए एक कमेटी गठित की जाए। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान छात्रों के वकील मृदुल भटनागर ने बताया कि इंदौर-उज्जैन से 60 से ज्यादा याचिकाओं दाखिल हो चुकी है। इस पर एनटीए की ओर से 26 मई को सोमवार को रिप्लाई आ चुका है। हमने इस पर रिजॉइंडर भी पेश कर दिया था। हमें उम्मीद थी कि इस पर आज फाइनल ऑर्ग्यूमेंट हो जाएंगे। भटनागर ने आगे बताया कि सोमवार को सुनवाई से पहले एनटीए ने जांच समिति बनाने का कहा था, एक रिपोर्ट भी दी थी।

## साइबर ठगी करने वाले शातिरों को पुलिस ने दबोचा, खुले चौंकाने वाले राज

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। दिल्ली के साइबर पुलिस स्टेशन साउथ वेस्ट की टीम ने सोमवार को तीन कुख्यात ठगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल वर्मा (रायपुर, छत्तीसगढ़), शांतनु रिचोरिया (झांसी, यूपी) और अर्जुन सिंह (सहारनपुर, यूपी, उम्र 25 वर्ष) के रूप में हुई है।

इनके पास से पुलिस ने तीन स्मार्टफोन, चार सिम कार्ड, चार बैंक पासबुक और तीन चेकबुक बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, दिल्ली के राज नगर पालम कॉलोनी निवासी महेंद्र जैन ने साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज की थी कि उन्हें व्हाट्सएप वीडियो कॉल के जरिए ठगा गया। 21 मार्च को एक कॉलर, जो खुद को नासिक पुलिस की क्राइम ब्रांच का इंस्पेक्टर संजय बता रहा था, ने जैन को बताया कि उनके आधार कार्ड का दुरुपयोग कैनरा बैंक में फर्जी डेबिट/क्रेडिट कार्ड बनाने में हुआ है। कॉलर ने एक फर्जी कार्ड की तस्वीर दिखाकर दावा किया कि यह एक बड़ी एयरलाइन कंपनी के मालिक द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग में इस्तेमाल हो रहा है। डराने-धमकाने के बाद जैन ने अपनी बचत, सावधि जमा और पत्नी के गहने बेचकर पेटीएम और आरटीजीएस के जरिए 25 लाख रुपये ठगों को ट्रांसफर कर दिए। शिकायत के बाद साइबर पुलिस ने 10 अप्रैल को एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक के नेतृत्व में एसआई चेतन राणा, एचसी मनेंद्र और एचसी विजयपाल की टीम गठित की गई। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी और एसीपी विजय कुमार के मार्गदर्शन में टीम ने तकनीकी निगरानी, डिजिटल फुटप्रिंट और मनी ट्रेल का विश्लेषण किया। जांच में पता चला कि ठग दिल्ली के होटलों से फर्जी व्हाट्सएप नंबरों के जरिए अपराध को अंजाम दे रहे थे।

# सीएम स्टालिन बोले–राज्य के अधिकारों पर कोई समझौता नहीं

*नीति आयोग की बैठक में भाग लेने का किया बचाव*

चेन्नई, 26 मई (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कहा कि उन्होंने नीति आयोग की बैठक में इसलिए हिस्सा लिया, क्योंकि यह भारत के भविष्य की विकास योजनाओं पर चर्चा के लिए थी। उन्होंने इसको लेकर विपक्षी दलों के आरोपों को खारिज किया। स्टालिन ने रविवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को लिखे एक पत्र में कहा कि जैसे ही यह खबर सामने आई कि वह 24 मई को नीति आयोग की बैठक में हिस्सा ले रहे हैं, तो उनके राजनीतिक विरोधी घबरा गए और हमेशा की तरह आलोचना करने लगे।

उन्होंने कहा कि ऐसे राजनीतिक विरोधियों को पिछले वर्षों में आयोजित नीति आयोग की बैठक में उनकी भागीदारी न होने पर सवाल उठाकर खुशी मिलती थी। स्टालिन ने कहा कि विरोधियों ने यह आरोप भी लगाया कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इसलिए मिल रहे हैं ताकि सरकारी शराब कंपनी (तमिलनाडु राज्य विपणन निगम) में कथित घोटाले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई से बच सकें। स्टालिन ने कहा कि कोई और पार्टी इतनी बार सीबीआई और ईडी के निशाने पर नहीं आई जितनी द्रमुक आई है। लेकिन द्रमुक कानूनी तरीके से मुकाबला कर रही है, जबकि मुख्य विपक्षी पार्टी अन्नाद्रमुक तो डरकर झुक गई।

उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब तमिलनाडु राज्य विपणन निगम में कथित गड़बड़ियों को लेकर प्राथमिकी अन्नाद्रमुक के शासन की हैं, तो उनकी पार्टी द्रमुक को ईडी की कार्रवाई के लिए कोई समझौता क्यों करना चाहिए? मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रविड़ मॉडल सरकार ने यह भी साबित किया है कि इस मामले में



ईडी की कार्रवाई कानून के खिलाफ थी और सुप्रीम कोर्ट की ओर से लगाई गई रोक इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इतनी स्पष्ट बात के बावजूद विपक्षी दल सुधरने की बजाय बार-बार वही पुराने आरोप दोहराते रहेंगे।

## खबरे जरा हटके

## 'दुनिया का सबसे बदबूदार पक्षी' अंदर से आती है गोबर जैसी गंध

**6 करोड़ साल पहले की दुनिया से है कनेक्शन!**



प्रकृति कितनी अनोखी है, अगर आपको ये समझना है तो उसके द्वारा बनाए गए अनोखे जीव-जंतुओं को देख लीजिए जो किसी अजूबे से कम नहीं होते. प्रकृति ने उन्हें खास विशेषताएं दी हैं, जिनकी मदद से वो सर्वाइव करते हैं और अपनी रक्षा करते हैं. आज हम ऐसे ही एक अनोखे पक्षी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें दुनिया का सबसे बदबूदार पक्षी माना जाता है. वो इसलिए क्योंकि इसके अंदर से गोबर जैसी बू आती है. इस पक्षी का नाम है होआटज़िन, जो एक फ़ीज़ेंट की तरह दिखता है. ये दुनिया का एकमात्र ऐसा पक्षी है जो अपना भोजन फर्मेंट (किण्वन) करता है. असामान्य पाचन तंत्र की वजह से इस पक्षी को दुनिया का सबसे बदबूदार पक्षी भी माना जाता है. होआटज़िन एक बहुत ही अजीब पक्षी है. ये अमेज़न के बैकवॉटर्स वाले इलाकों में पाए जाते हैं. इसके बच्चे पंजों वाले पंखों के साथ जन्म लेते हैं. आपको जानकर हैरानी होगी कि यह एक प्राचीन पक्षी के वंश का आखिरी जीवित सदस्य है, जिसे माना जाता है कि लगभग 64 मिलियन वर्ष (6 करोड़ साल से ज्यादा) पहले पाए जाते थे. इन पक्षियों का आहार केवल पौधे हैं. इस अजीबोगरीब जीव को सबसे ज्यादा इसके मजबूत गोबर जैसी बदबू के लिए जाना जाता है, जिसने उसे 'स्टिंकबर्ड' का उपनाम दिलाया है.

**इस वजह से आती है गंध**

होआटज़िन एकमात्र ज्ञात पक्षी प्रजाति है जिसके पास गायों जैसा फोरगट फर्मेंटेशन सिस्टम है, जो महत्वपूर्ण मात्रा में मीथेन गैस को लगातार डकार लेने के साथ रिलीज करता है. ये बदबूदार डकारें और मल की वजह से ही इस पक्षी के अंदर ऐसी गंध निकलती है. अधिकांश पक्षियों में, गले के पास भोजन स्टोर करने वाला पाउच होता है जिसे crop कहते हैं. इसका उपयोग थोड़ी मात्रा में भोजन को उल्टी करने के लिए किया जाता है जिससे चूजों को पक्षी खाना खिलाते हैं, लेकिन होआटज़िन में यह बहुत बड़ा होता है और खाई हुई पत्तियों के लिए फर्मेंटेशन चैंबर की तरह काम करता है. इस चैंबर में खास बैक्टीरिया होते हैं जो निगली हुई पत्तियों को तोड़ते हैं. इसे पूरी तरह हजम होने में करीब 45 घंटे लगते हैं. इस असामान्य रूप से लंबी पाचन प्रक्रिया के दौरान, पक्षी डकारों के माध्यम से गैसें जारी करता है जो उसकी विशिष्ट गोबर जैसी गंध पैदा करते हैं.

## दावत में पहुंचे बिहार के दो लड़के, खा गए 25 किलो मछली, टेबल पर बना दिया हड्डियों का पहाड़!



भारतीय जब भी किसी दावत में जाते हैं, तो उनका एक ही काम होता है, बाकी हर चीज से ध्यान हटाकर पूरी तरह खाने पर फोकस करना. खाने में कहीं उनका मनपसंद भोजन मिल गया, तब तो वो बिना शर्माए ठूंस-ठूंसकर खा लेते हैं. ऐसा ही बिहार के दो लड़कों ने भी किया. दोनों एक दावत में पहुंचे. वहां मछली बनी थी. बस फिर क्या था, दोनों ने मछली खाना शुरू किया और देखते ही देखते 25 किलो मछली खा गए. टेबल पर उन्होंने मछली के कांटों और हड्डियों से पहाड़ बना दिया जिसे देखकर लोग दंग रह गए. इंस्टाग्राम पर हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया गया है जिसमें दो लड़के एक दावत में पहुंचकर मछली खाते नजर आ रहे हैं. वीडियो के साथ लिखा है कि ये सहरसा का वीडियो है. लड़कों ने बैठे-बैठे 25 किलो मछली खा ली. उसके साथ ही हड्डियों और कांटों का पहाड़ बना दिया. सारा ढेर उन्होंने टेबल पर ही जमा कर लिया.

इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि लड़के किसी दावत में हैं. पीछे के टेबल पर भी काफी लोग बैठे हुए हैं. वीडियो बनाने वाले लोग भी लड़कों द्वारा बनाए गए पहाड़ को देखकर हैरत में हैं और बार-बार पूछ रहे हैं कि क्या वाकई ये दोनों हड्डियों का ढेर इन्हीं लड़कों द्वारा बनाया गया है? कैमरामैन कहता है कि कहीं कंप्टीशन हो जाए तो ये लोग जीत जाएंगे. इस वीडियो को 18 लाख व्यूज मिल चुके हैं, हालांकि, वीडियो पर 7 मिलियन (70 लाख) व्यूज मिलने की बात लिखी है जो गलत लग रही है.

## सेल्फ ड्राइव टूर का किया अनूठा जुगाड़, घोड़े पर ही लगा डाला बिस्तर, देखते ही रह गए आसपास के लोग!



सोशल मीडिया पर लोग कई बार बहुत ही अनूठी रचनात्मकता दिखाते हैं. कई बार ऐसे वीडियो वायरल हो जाते हैं लोग चौंक जाते हैं कि आखिर ये आइडिया वीडियो बनाने वाले शख्स कैसे सूझा होगा. वहीं कई लोगों के वीडियो में क्रिएटिव लोगों की कारीगरी कैद भी हो जाती है और किसी दूसरे शख्स की रचनात्मकता में किसी और का फायदा हो जाता है. पर हम आपके लिए ऐसा ही क्रिएटिव और फनी वीडियो लेकर आए हैं जो इसी वजह से वायरल भी हो गया है. इसमें एक महिला एक घोड़े के ऊपर तो जा रही है, लेकिन वह उस पर बैठी नहीं सो रही है. इस जुगाड़ पर लोगों को बहुत मजा आया है. पहाड़ी इलाकों में यूं तो आज भी बहुत से लोग सड़क परिवहन का इस्तेमाल करते हैं.

पर यहां आज भी घोड़े या खच्चरों के जरिए लोग सामान ढोने और खुद भी सफर करते हैं. सफर का यह तरीका कठिन भूभागों के लिहाज से बहुत ही कारगर होता है जहां सड़क नहीं हो और चढ़ना उतरना भी मुश्किल हो. लेकिन इस महिला ने जुगाड़ का लेवल ही अलग कर दिया. वीडियो में हम देखते हैं कि एक घोड़ा सड़क पर से आ रहा है और उसके ऊपर कोई बैठा नहीं बल्कि एक बिस्तर ही लगा हुआ है जिस पर एक पॉमेलियन कुत्ता बैठा है और कोई इंसान सो रहा है. गौर करने वाली बात ये रहती है कि पास में कोई इसे चलाने वाला या घोड़े वाला नहीं बल्कि सैनिक खड़े दिखते हैं जो घोड़े के निकलते देख रहे हैं. गौर से देखने में हमें पता चलता है कि वीडियो में घोड़े को ऊपर जो बिस्तर है उसमें एक महिला सो रही है.

सुविचार: सब चीज़ व्यर्थ हो सकती है पर आपका अनुभव कभी व्यर्थ नहीं हो सकता ।

# भट्टी ने बिजली कर्मचारियों के लिए एक करोड़ दुर्घटना बीमा लागू करने की सराहना की




हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि बिजली कर्मचारियों को एक करोड़ रुपये से अधिक का दुर्घटना बीमा प्रदान करना देश में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। सोमवार को प्रजा भवन में बोलते हुए, उपमुख्यमंत्री ने एनपीडीसीएल के तहत ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वाले जोगुन नरेश के परिवार को दुर्घटना बीमा के रूप में एक करोड़ रुपये का चेक सौंपते हुए सभा को संबोधित किया, साथ ही नरेश की पत्नी रमेश श्रीमती को बिजली विभाग में अनुकंपा नियुक्ति पत्र भी सौंपा। उन्होंने कहा कि एक बिजली कर्मचारी को इतना उच्च मूल्य का दुर्घटना बीमा चेक प्रदान करना केवल मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और इंदिराम्मा सरकार के नेतृत्व में ही संभव हो पाया है। भट्टी विक्रमार्क ने जोर देकर कहा कि पिछली किसी भी सरकार ने कभी भी इतने महत्वपूर्ण तरीके से श्रमिकों के कल्याण के बारे में नहीं सोचा या काम नहीं किया, और यह केवल उनकी सरकार के सत्ता में आने के बाद ही संभव हुआ है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्घटना बीमा और अनुकंपा नियुक्ति दोनों प्रदान करना सरकार की दूरदर्शिता, कार्रवाई और मानवीय दृष्टिकोण को दर्शाता है। उन्होंने याद दिलाया कि दुर्घटना बीमा योजना सबसे पहले सिंगरेनी में शुरू की गई थी और बाद में इसे बिजली विभागों तक बढ़ा दिया गया। उन्होंने कहा कि एक करोड़ रुपये से अधिक के दुर्घटना बीमा का प्रावधान बिजली विभाग के सभी कर्मचारियों में सुरक्षा की नई भावना पैदा करता है। उपमुख्यमंत्री ने बिजली कर्मचारियों से समर्पण के साथ राज्य के लोगों की सेवा करने का आग्रह किया। उन्होंने सरकार के विजन को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए एनपीडीसीएल के सीएमडी वरुण रेड्डी को भी बधाई दी। इस कार्यक्रम में सरकारी सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी और बिजली और बैंकिंग क्षेत्रों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## महिला से साइबर जालसाज ने सेना अधिकारी बनकर ठगे 1.3 लाख रुपये

हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। शहर की एक महिला को साइबर जालसाजों ने सेना अधिकारी बनकर 1.3 लाख रुपये की ठगी कर ली। जानकारी के अनुसार, पीड़िता एक ई-कॉमर्स साइट पर अपने घर के लिए फर्नीचर खोज रही थी। उसे एक विज्ञापन पसंद आया और उसने फर्नीचर खरीदने में रुचि दिखाई। इसके बाद एक अज्ञात व्यक्ति ने उनसे संपर्क किया, जिसने खुद को सेना का अधिकारी और विक्रेता बताते हुए उनसे फर्नीचर की कुल कीमत का कम से कम 20 प्रतिशत भेजने को कहा।

पैसा प्राप्त करने के बाद संदिग्ध ने फोन बंद कर दिया और फरार हो गया। शिकायत के आधार पर हैदराबाद साइबर अपराध पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

# पुराने शहर में अग्निशमन शाखा पर बुनियादी ढांचे के संकट का असर

हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। आग दुर्घटनाओं के दौरान जान-माल की हानि को रोकने के लिए अग्नि सुरक्षा उपायों को मजबूत करने पर राज्य सरकार के जोर के बावजूद, जैसे कि हाल ही में गुलजार हौज में हुई आग की घटना जिसमें 17 लोगों की जान चली गई, पुराने शहर में अग्निशमन विभाग के पास समर्पित अग्निशमन केंद्र स्थापित करने के लिए अपनी जमीन का अभाव है।

परिणामस्वरूप, पुराने शहर में प्रस्तावित पांच अग्निशमन केन्द्र उपयुक्त भूमि प्राप्त करने में असमर्थ रहे हैं। इससे अधिकारियों को इन केन्द्रों को आवंटित वाहनों को उनके निर्दिष्ट अधिकार क्षेत्र से कई किलोमीटर दूर खड़ा करना पड़ता है, जिससे आपात स्थितियों में प्रतिक्रिया समय पर बहुत बुरा असर पड़ता है।

याकतपुरा फायर स्टेशन का उदाहरण लें। राज्य सरकार ने बहुत पहले ही याकतपुरा के लिए एक फायर स्टेशन को मंजूरी दे दी थी और अग्निशमन विभाग ने एक फायर टेंडर भी आवंटित किया था। हालांकि, राज्य सरकार ने अभी तक जमीन का टुकड़ा आवंटित नहीं किया है, जिससे अधिकारियों को वाहन को उस्मानिया जनरल अस्पताल, अफजलगंज में खड़ा करना पड़ रहा है, जो याकतपुरा से चार किलोमीटर दूर है।इसी तरह अंबरपेट के लिए भी एक फायर स्टेशन स्वीकृत किया गया है। जमीन की अनुपलब्धता के कारण अंबरपेट को आवंटित फायर टेंडर निलोफर अस्पताल में तैनात है।

तल्लाबकट्टा के एक स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता एमए रहमान ने दुख जताते हुए कहा कि अफजलगंज से याकतपुरा तक जाने में 30 मिनट लगते हैं। जब ट्रैफिक होता है, तो इसमें 40 मिनट लगते हैं।

अगर कहीं आग लग जाती है, तो दमकल की गाड़ी तब पहुंचेगी जब संपत्ति में सब कुछ जलकर राख हो चुका होगा। पुराने शहर में अग्निशमन विभाग के सामने चुनौतियां सिर्फ नए अग्निशमन केंद्रों की स्थापना तक ही सीमित नहीं हैं।

तीन अन्य मौजूदा फायर स्टेशन- चंदूलाल बारादरी, लैंगर हाउस और चंद्रयानगुट्टा- हालांकि स्थानीय अधिकार क्षेत्र में स्थित हैं, लेकिन उनके पास अपनी खुद की समर्पित इमारतें नहीं हैं। उदाहरण के लिए, चंदूलाल बारादरी फायर स्टेशन मूल रूप से दूसरे विभाग के लिए आवंटित भूमि से संचालित होता है, जबकि चंद्रयानगुट्टा फायर स्टेशन को अस्थायी रूप से चंद्रयानगुट्टा के फूल बाग में राष्ट्रीय निर्माण अकादमी भवन में समायोजित किया गया है।

अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि लैंगर हाउज़ अग्निशमन केंद्र वर्तमान में किराए के परिसर में संचालित हो रहा है, और मालिकों ने उन्हें खाली करने का अनुरोध करते हुए एक नोटिस जारी किया है। एमबीटी पार्टी के प्रवक्ता अमजेदुल्ला खान ने कहा कि विभिन्न मंचों पर बार-बार इस मुद्दे को उठाए जाने के बावजूद सरकारें और जनप्रतिनिधि इस मुद्दे को सुलझाने में विफल रहे।

खान ने आरोप लगाया कि यह स्थिति पुराने शहर से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की कमी को दर्शाती है।

पूर्व तट रेलवे
सामग्री की आपूर्ति
निविदा सं. 30255542, दिनांक : 20.05.2025
कार्य का नाम : कमिंस डीजल इंजन मॉडल सं.KTA-19-G5 (या तत्समान) के लिए पार्ट नं.4959063 के 500 KVA डीजल इंजन के लिए असेम्बली सहित रेडिएटर (Radiator) की आपूर्ति, स्थापना के साथ नए रेडिएटर असेम्बली को हटाना एवं फिटमेंट सहित संशोधन कार्य। (वांरटी अवधि : डिलीवरी तिथि के बाद 30 दिन), TPI एजेंसी द्वारा निरीक्षण, मात्रा : 3 संख्यक ।
नोट : अनुबंध जारी होने के बाद 0 दिन के भीतर डिलीवरी शुरु हो जाएगी एवं उसके बाद 90 दिन के भीतर पूरी हो जाएगी।
निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक 19.06.2025 को 1500 बजे।
निम्नलिखित निविदाएँ वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई हैं।
वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, वाल्टिर
PR-166/Q/25-26

# केटीआर ने हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों की गिरती छतों पर किया कटाक्ष



हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने सोमवार को भाजपा पर कटाक्ष करते हुए केंद्र की परियोजनाओं में बार-बार बुनियादी ढांचे की विफलताओं की ओर इशारा करते हुए पार्टी के विकास के दावों का मजाक उड़ाया। उन्होंने छत का ठीक से निर्माण न कर पाने के बावजूद विशाल कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई योजना पर टिप्पणी करने के लिए भाजपा नेताओं की आलोचना की। हैदराबाद में 430 करोड़ रुपये की लागत से बने चेर्लापल्ली रेलवे स्टेशन के ढहने और दिल्ली एयरपोर्ट पर बार-बार छत गिरने का जिक्र करते हुए रामा राव ने कहा कि भाजपा के विकास की पोल खोलने के लिए बस एक साधारण बारिश ही काफी थी। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले साल भी दिल्ली एयरपोर्ट की छत ढह गई थी और पुनर्निर्माण के बाद, इसे फिर से गिराने के लिए बस एक बारिश ही काफी थी।

उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह दुख की बात है कि वे ठीक से छत भी नहीं बना सकते, लेकिन कालेश्वरम परियोजना पर टिप्पणी करना चाहते हैं। मुझे आश्चर्य है कि कौन सी एजेंसी भाजपा के आकार बदलने वाली छतों के अद्भुत नए मॉडल का अध्ययन करेगी?

गावो विश्वस्य मातर ।। जय श्री कृष्ण ।। जय गो माता
श्री गोपाल गौशाला
संत विनोबानगर, रामदास पल्ली के पास, सागर रोड, इब्राहिमपटनम
आज मंगलवार, 27 मई 2025 को ज्येष्ठ अमावस्या है।
अमावस्या के उपलक्ष्य में सभी गौ प्रेमियों से विनम्र अनुरोध है कि गौसेवा कर पुण्य के भागी बने और हमें सहयोग राशी इन बैंक खाते में जमा करा सकते है।
प्रसाद की व्यवस्था रहेगी।
विशेष सेवा : गौभक्त अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, अपने पूज्य एवं प्रियजनों की याद में गौशाला में संपूर्ण एक दिन की सेवा हेतु 21,000/- देकर पुण्य एवं शांति का लाभ लेवे।
अन्य सेवा : एक कट्टा घास का प्रति दिन एक माह तक 500/-
एक गाय की मासिक सेवा 1100/-
गूड - दलिया या चुन्निभूसा एक दिन की सेवा 3100/-
एक DCM गाडी घाँस या एक समय की संपूर्ण गोवंश की भोजन व्यवस्था 11,000/-
Scan To Pay
SRI GOPAL GOSHALA TRUST MAHESH BANK, VANASTHLIPURAM BRANCH, S/A NO. 025001100001224 IFSC CODE : APMC0000025
निवेदक : श्री गोपाल गौशाला ट्रस्ट (रजि.)
सम्पर्क सूत्र : तुलसीराम बंसल - 9247262215, सत्वीर गर्ग - 9346098880, महावीरप्रसाद अग्रवाल - 9246340476, अर्जुन गोयल - 9390389055, विनोद गर्ग (ट्रस्टी-लेखा जोखा) - 9885237833
गोशाला व्यवस्थापक : राजूराम सेपटा - 8019106318, रमेश काबरा - 9290434314 एवं समस्त ट्रस्टीगण

# शब्बीर अली ने 17 साल पुराने उर्दू संस्थान को पुनर्जीवित किया

## निजामाबाद में लड़कियों के लिए जूनियर कॉलेज की योजना बनाई

हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार के सलाहकार मोहम्मद अली शब्बीर ने निजामाबाद टाउन में 17 साल पुराने उर्दू माध्यम के शिक्षण संस्थान को पुनर्जीवित करने का बीड़ा उठाया है, जिसकी पुनर्निर्मित इमारत को सरकारी जूनियर कॉलेज फॉर गर्ल्स (उर्दू माध्यम) में बदलने की योजना है।

शब्बीर अली ने सोमवार को डॉ.बी.आर. अंबेडकर तेलंगाना सचिवालय में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें निजामाबाद के मलापल्ली में स्थित उर्दू माध्यम जूनियर कॉलेज की इमारत की स्थिति का आकलन किया गया।

बैठक में तेलंगाना उर्दू अकादमी के अध्यक्ष ताहिर बिन हमदान, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की प्रभारी सचिव यास्मीन बाशा, उर्दू अकादमी के प्रभारी निदेशक असदुल्लाह, इंटरमीडिएट बोर्ड के उप निदेशक श्री लक्ष्मा रेड्डी और उच्च शिक्षा, इंटरमीडिएट शिक्षा, अल्पसंख्यक कल्याण और उर्दू अकादमी के विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। 2008 में, लड़कियों के लिए जूनियर कॉलेज की स्थापना के उद्देश्य से सड़क एवं भवन विभाग द्वारा 30 लाख रुपये की लागत से एक नई इमारत का निर्माण किया गया था। हालांकि, बीआरएस शासन के दौरान यह अप्रयुक्त और उपेक्षित रहा और तब से यह जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है।

शब्बीर अली ने अधिकारियों को बताया कि तत्काल जीर्णोद्धार के लिए निजामाबाद शहरी विकास प्राधिकरण (एनयूडीए) से 38 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं, जिसमें उनके निजी कोष से अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी शामिल है। उम्मीद है कि तीन महीने के भीतर इमारत का पूरी तरह से जीर्णोद्धार हो जाएगा।

आज मंगलवार दिनांक 27 मई 2025 अमावस्या है
चलिये हज़ारों गौवंश एव कबूतरों को अपने करकमलों से चारा अर्पण कीजिये ।
हार्दिक श्रद्धासुमन
गुलजार हौज, चारकमान में हुई भीषण अग्नि दुर्घटना में मोदी परिवार के 17 सदस्यों के असामयिक निधन से मन बेहद व्यथित है । दिवंगत आत्माओं को हम अपनी भावपूर्ण विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं । अनंत करुणामय शुद्धात्मा सदैव शांतिमय रहें यही ईश्वर से प्रार्थना करते हैं ।
सत्यम् शिवम् सुंदरम् गौ निवास
SATYAM SHIVAM SUNDARAM GAUNIVAS
Estd. 2001 Regd. 664/2010
Gagan Pahad, Rajiv Gandhi International Airport Road, R.R. Dist, Hyderabad - 500 052, Cell : 99853 85399, 99894 03635, 94404 37618, 99121 42260, 92465 22435 93472 11966, 94412 10591, 94414 22085
BANKERS BANK OF BARODA, NALLAKUNTA BRANCH, HYD.
AKSHYA PASHU PAKSHI TRUST CANARA BANK Basheerbagh Branch
Scan & Pay

।। जय गौ माता ।। जय जय रघुवीर समर्थ ।। श्री श्री श्री सद्गुरु ।।
श्री समर्थ कामधेनु गौशाला
कामधेनु गौ मंदिर
श्री सद्गुरु समर्थ नारायण आश्रम, शिवबाग़, जियागुड़ा, हैदराबाद. फोन : 9296358630, 7013711317
समर्थ नारायण महाराज
आज मंगलवार दिनांक 27 मई 2025 ज्येष्ठ अमावस्या है
"गौ माता की सेवा से आयु, स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। पापों का नाश होता है।" गौ-ग्रास सेवा से सुख-शांति, मंगलमय जीवन, सर्व दोष निवारण का लाभ उठाएँ। गौशाला में गौ दान की सुविधा उपलब्ध है।
श्री प्रभुदत्तजी महाराज
Online गौ सेवा के लिये
(For Income Tax Exemptions u/s 80g)
SHREE KALPAVRUKSHA KAMDHENU WELFARE TRUST
SBI Bank King koti Branch A/c No. 10015542319 IFSC: SBIN0007054
SHRI SADGURU SAMRATH NARAYAN ASHRAM
SBI PPB, Red Hills A/c No. 20100020864 IFSC: SBIN0002790
PAYTM - 9296358630/GOOGLE PAY/PHONE PAY/7013711317
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
GOPAL BALDAWA GROUP

# बीआरएस एमएलसी ने ईडी के आरोपों पर रेवंत रेड्डी के इस्तीफे की मांग की

हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस एमएलसी दासोजू श्रवण ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कथित संलिप्तता के लिए प्रवर्तन निदेशालय द्वारा आरोपपत्र में उनका नाम शामिल किए जाने के मद्देनजर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के इस्तीफे की मांग की है। एक खुले पत्र में श्रवण ने रेवंत रेड्डी पर राजनीतिक लाभ के बदले यंग इंडिया के लिए करोड़ों रुपये का चंदा इकट्ठा करने का आरोप लगाया है- यह भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आने वाला एक स्पष्ट मामला है। उन्होंने चेतावनी दी कि मुख्यमंत्री के पद पर बने रहने से संवैधानिक नैतिकता का उल्लंघन हुआ है और जनता के विश्वास को ठेस पहुंची है।

उन्होंने कहा कि आपके पद पर बने रहना सार्वजनिक सेवा और संवैधानिक नैतिकता की मूल भावना का उल्लंघन करता है। उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के रूप में ईमानदारी के उच्चतम मानदंडों को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। अनुच्छेद 164 और सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख फैसलों का हवाला देते हुए श्रवण ने तर्क दिया कि भारतीय लोकतंत्र में भ्रष्टाचार की धारणा भी जवाबदेही की मांग करती है। उन्होंने लालकृष्ण आडवाणी, लालू प्रसाद यादव और अरविंद केजरीवाल सहित विभिन्न दलों के पिछले इस्तीफों को नैतिक मिसाल के तौर पर पेश किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में इस्तीफा देना सजा नहीं, बल्कि न्यूनतम नैतिक कर्तव्य है। जब मुख्यमंत्री दागदार होता है, तो सरकार, जिसमें कैबिनेट भी शामिल है, सामूहिक रूप से दागदार होती है। उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया कि यदि आवश्यक हो तो वे कार्रवाई करें तथा रेवंत से पद की गरिमा बनाए रखने के लिए पद से इस्तीफा देने को कहा।

निवेदक : कार्य समिति
ॐ शिव मंदिर गौशाला
पालमाकुल, शमशाबाद
OM SHIV MANDIR GOSHALA
MAHAVEER CO.OP. URBAN BANK LTD. Shamshergunj Branch
C/A No. 003103000000072
IFSC CODE: HDFC0CMCUBL
शिव मंदिर गौशाला
शमशेरगंज, हैदराबाद
SHIV MANDIR GOSHALA
AP MAHESH BANK CO.OP. URBAN BANK LTD. Begum Bazar Branch
C/A No. 002001200018617
IFSC CODE: APMC00002
गौमाता को हरी घांस की सेवा कर पुण्य के भागी बने।
आज मंगलवार दिनांक 27 मई 2025 अमावस्या है
जो पुरुष गौओं की सेवा करता है और सब प्रकार से उनका अनुगमन करता है, उस पर संतुष्ट होकर गौएँ उसे अत्यंत दुर्लभ वर प्रदान करती है । गौओंके साथ मन से भी कभी द्वेष न करे, उन्हे सदा सुख पहुँचाये, उनका यथोचित सत्कार करे और नमस्कार आदि के द्वारा उनका पूजन करते रहे । जो मनुष्य जितेन्द्रिय और प्रसन्नचित होकर नित्य गौओंकी सेवा करता है, वह समृद्धि का भागी होता है ।
Digital Donation are accepted on G Pay Google Pay/ PhonePe Phone Pay 9959271866
FOR MORE DETAILS CONTACTS 9849710223, 9848097776, 9247888983, 7989734546
गाय का दूध गौशाला में उपलब्ध है । Home Delivery Available
गाय के गोबर से निर्मित उपली गौशाला में उपलब्ध है।
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
GOPAL BALDAWA GROUP

विश्व मंगल गौशाला
सोमारम ग्राम, मेडचल, हैदराबाद (तेलंगाना)
सस्नेह निमंत्रण
आज मंगलवार 27 मई 2025 प्रातः 11 बजे से
स्नानदान अमावस्या
शुभ स्थल : विश्व मंगल गौशाला सोमारम ग्राम, मेडचल, हैदराबाद
गौ-माता पूजन * भजन * भोजन प्रसादी
सभी से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर गौसेवा, दान, पुण्य के भागीदार बनें। सभी धर्मप्रेमियों, गौ-भक्तों से विनती है कि वे दान-पुण्य का कार्य गूगल-पे/फोन-पे द्वारा भी कर सकते हैं। समय निकालकर सपरिवार अवश्य पधारें।
भोजन प्रसादी लाभार्थी : गुप्त दान
हरी घास व्यवस्था : गुप्त दान, कानाजीगुडा विकास ग्लास हाउस (प्रकाश सी र वी)
भजन गायक : श्री आसकरणजी महाराज
दूरभाष : 9346917593
Bank Details : GOU GRAM VIKAS SEVA SAMITHI
A/c No. 50200063938688 | IFSC : HDFC0009429
HDFC Bank, Kanajiguda Branch

श्री धर्मसाई गौशाला
धर्मगिरी, शमशाबाद, आरआर डिस्ट्रीक तेलंगाना-501218
सस्नेह निमंत्रण
ज्येष्ठ अमावस्या
आज मंगलवार दिनांक 27 मई 2025 अमावस्या है
गौ माता पूजन : सभी से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर गौ सेवा, दान पूण्य के भागीधार बने
C/o Sree Dharmasai Temple, Dharmagiri, Shashabad
SRI DHARMASAI GOW RAKSHA TRUST
A/c no-922020006836112
AXIS BANK, Shamshabad branch
IFSC code-UTIB0000867
Paytm,GOOGLE PAY, Phone pe:-
9440828585
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा

## ठेकेदार और दो बेटों की हथौड़े से कूचकर हत्या

**जौनपुर में सिर पर ताबड़तोड़ वार किए, हत्यारे सीसीटीवी और डीवीआर भी ले गए**

जौनपुर, 26 मई (एजेंसियां)। जौनपुर में ठेकेदार और उसके दो बेटों की सिर कूचकर हत्या कर दी गई। तीनों देर रात काम के चलते दुकान पर ही रुके थे। सुबह जब बहनोई दुकान पर पहुंचे तो तीनों को खून से लथपथ पाया। इसके बाद पुलिस को वारदात की जानकारी दी। घटना रविवार देर रात जफराबाद के नेवादा बाईपास की है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से खून से सना हथौड़ा बरामद किया। इसके बाद तीनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। इस दौरान ग्रामीण और परिजनों ने पुलिस को शव को ले जाने से रोका। हाईवे जाम कर दिया और जमकर हंगामा काटा। पुलिस ने मृतकों की पहचान मोहम्मदपुर कांध गांव निवासी लालजी (50 वर्ष) और उनके दो बेटों यादवीर (32) व गुड्डू (25) के रूप में की है। तीनों मृतकों के सिर पर हथौड़े के जोरदार हमले के निशान मिले हैं।

# 2 इंजीनियरों की जान लेने की आरोपी डॉक्टर का सरेंडर

> कानपुर में हेयर ट्रांसप्लांट के बाद हुई थी मौत > कोर्ट से जेल तक रोती रही

कानपुर, 26 मई (एजेंसियां)। कानपुर में सिर पर बाल उगाने के नाम पर दो इंजीनियरों की जान लेने की आरोपी महिला डॉक्टर ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। अनुष्का तिवारी 18 दिन से फरार थी। उसकी तलाश में यूपी-बिहार और दिल्ली समेत कई राज्यों में पुलिस छापेमारी कर रही थी। अनुष्का तिवारी ने इंजीनियर विनीत दुबे और मयंक कटियार का हेयर ट्रांसप्लांट किया था। ट्रांसप्लांट के कुछ ही घंटों के बाद दोनों की तबीयत बिगड़ गई थी। दोनों का चेहरा सूज गया था और 24 घंटे में दोनों इंजीनियरों ने दम तोड़ दिया था।

मामला तब सुर्खियों में आया, जब विनीत दुबे की पत्नी ने सीएम पोर्टल पर शिकायत की। इसके बाद पुलिस अफसर एक्टिव हुए और डॉक्टर अनुष्का के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

**कोर्ट से जेल तक रोती रही अनुष्का, पति ने संभाला**

डॉ. अनुष्का तिवारी ने सोमवार को पुलिस को चकमा देते हुए सीजेएम (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) सूरज मिश्रा की कोर्ट में सरेंडर किया। अनुष्का अपने पति सौरभ त्रिपाठी के साथ कोर्ट पहुंची। उनके साथ 2 वकील भी थे। अनुष्का अपना चेहरा दुपट्टे से ढके थी। कोर्ट ने 1 बजकर 25 मिनट पर उन्हें 14



दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। अनुष्का कोर्ट में हाजिर होने से लेकर जेल जाने तक लगातार रोती रही। वहीं, पति सौरभ त्रिपाठी अनुष्का को गले लगाकर भरोसा दिलाते रहे कि जल्द ही जमानत दिलाकर जेल से बाहर निकालेंगे। पति के अलावा परिवार के अन्य लोग अनुष्का को पुलिस के पीछे-पीछे जेल तक छोड़ने पहुंचे।

**डीजीसी क्राइम बोले-अग्रिम जमानत याचिका पर राहत नहीं मिली तो सरेंडर किया**

डीजीसी क्राइम दिलीप अवस्थी ने बताया- अनुष्का तिवारी दांतों की डॉक्टर थी। उन्होंने अपनी फील्ड से हटकर एक सर्जन के रूप में हेयर ट्रांसप्लांट किया। इस संबंध में एफआईआर दर्ज हुई थी। पुलिस को जांच में अनुष्का के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं। अनुष्का ने पहले डीजे कोर्ट में एक एंटीसिपेट्री बेल का आवेदन किया था, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली। उसमें 2 जून को सुनवाई होगी। इसके बाद उन्होंने सीजेएम कोर्ट में सरेंडर किया। कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की रिमांड पर जेल भेज दिया है। अगर अब वह जमानत के लिए अर्जी दाखिल करती हैं, तो उस पर सुनवाई होगी।

**18 दिन बाद अनुष्का ने किया सरेंडर**

रावतपुर थाना पुलिस ने 9 मई को डॉ. अनुष्का तिवारी के खिलाफ इलाज में लापरवाही से मौत की एफआईआर दर्ज की थी। यह एफआईआर पनकी पावर हाउस ऑफिसर्स कॉलोनी में रहने वाली जया त्रिपाठी की शिकायत पर दर्ज हुई थी। जया ने आरोप लगाया था कि उनके पति इंजीनियर विनीत कुमार दुबे पनकी पावर हाउस में एक्सईएन थे। उन्होंने डॉ. अनुष्का के इंपायर क्लिनिक/वाराही से अपना हेयर ट्रांसप्लांट कराया था। अनुष्का का क्लिनिक कल्याणपुर के आवास विकास केशवपुरम में है। ट्रांसप्लांट के बाद ही पति की हालत बिगड़ी और 15 मार्च को उनकी मौत हो गई थी।

रिपोर्ट दर्ज होने के बाद डॉ. अनुष्का कानपुर कल्याणपुर क्लिनिक बंद करके फरार हो गई थीं। इसके बाद से उनकी तलाश में पुलिस की टीमें ताबड़तोड़ दबिश दे रही थीं। अनुष्का कानपुर से लेकर लखनऊ, वाराणसी समेत यूपी और देश के कई जिलों में छिपी रही। रिपोर्ट दर्ज होने के 18 दिन बाद (सोमवार) सीजेएम कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

## महिला दरोगा ने ड्राइवर को मारे 5 थप्पड़

**कॉलर पकड़कर घसीटा, भीड़ आने पर स्कूटी लेकर भागी**

अयोध्या, 26 मई (एजेंसियां)। अयोध्या में महिला दरोगा की दबंगई सामने आई है। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें महिला दरोगा एक ई-रिक्शा चालक और उसमें बैठे यात्री के साथ अभद्रता और मारपीट करती दिख रही है। चालक की कॉलर खींचकर उसे 5 थप्पड़ मारती है। बोलती है-आज तुझे रिक्शा चलाना बता देती हूं। मुझसे से पंगा लेता है तू। अब तुझे पता चलेगा, मैं कौन हूं और क्या कर सकती हूं। थोड़ी देर में स्थानीय लोग पहुंचे। इसका विरोध जताया। इसके बाद महिला दरोगा स्कूटी पर सवार होकर वहां से चली गई। ये वीडियो आज सामने आया है। जो 24 मई का बताया जा रहा है।

**2 मिनट का है वीडियो**

वायरल वीडियो करीब 2 मिनट का है, जिसमें स्कूटी (यूपी41 एएफ 1315) पर सवार महिला दरोगा आती है। पहले ई-रिक्शा चालक से बहस करती हैं, फिर स्कूटी के पास जाकर डिग्गी से मोबाइल निकालती हैं। फोटो खींचती हैं। इसके बाद वह स्कूटी पर बैठकर ही चालक को थप्पड़ मारती हैं। जब रिक्शा में बैठे एक यात्री ने इसका विरोध किया, तो महिला दरोगा ने उसके साथ भी बदसलूकी की। उसका कॉलर पकड़कर झकझोरती नजर आईं। महिला दरोगा ने हेलमेट भी नहीं पहना था। लोगों के हस्तक्षेप के बाद महिला दरोगा चली गईं। हालांकि, इस मामले में अभी तक पुलिस थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पूरे घटना की वीडियो को कार में बैठे व्यक्ति ने बनाया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, महिला दरोगा का नाम शिखा सिंह है। जो 3 साल से राम जन्मभूमि थाना क्षेत्र में तैनात हैं। वो ड्यूटी से लौट रही थीं, तभी रास्ते में परिक्रमा मार्ग स्थित ब्रह्मकुंड के पास उनकी स्कूटी की ई-रिक्शा टक्कर हो गई।

# सपा सांसद ने नोटिस फाड़कर पुलिस पर फेंका

भड़के रामजी सुमन बोले-पार्टी बंद कर दूं क्या? मथुरा जाने से पहले हाउस अरेस्ट

आगरा, 26 मई (एजेंसियां)। राणा सांगा को गद्दार कहने वाले सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने आगरा पुलिस पर नोटिस फाड़कर फेंक दिया। गुस्से में उन्होंने पुलिस से कहा- पार्टी बंद कर दूं क्या? सरकार हमारी सुरक्षा की चिंता न करे। मैं लिखित में देने को तैयार हूं कि अगर मेरे साथ कोई घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी मेरी होगी। दरअसल, सपा सांसद मथुरा में उस दलित परिवार से मिलने जाने वाले थे, जिसके बेटे की 22 मई को बारात नहीं चढ़ने दी गई थी। यह जानकारी मिलते ही पुलिस ने उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया। घर के बाहर बैरिकेडिंग कर दी।

इसके बाद जब सपा सांसद समर्थकों के साथ घर से बाहर निकले तो पुलिस ने उन्हें वहीं रोक दिया। इस दौरान उनकी पुलिसकर्मियों से तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस ने उन्हें घर से बाहर न जाने का नोटिस थमाया, जिससे नाराज होकर सांसद ने नोटिस



फाड़कर पुलिस पर फेंक दिया। हालांकि, पुलिस ने उन्हें मथुरा नहीं जाने दिया। एसीपी सदर सुकन्या शर्मा ने कहा- सपा सांसद की सुरक्षा के चलते यह फैसला लिया गया। इससे पहले 2 मई को भी सपा सांसद को पुलिस ने हाउस अरेस्ट किया था।

पुलिस मुझे हर दिन रोकती है, पार्टी अध्यक्ष को क्या जवाब दूंगा सपा सांसद ने कहा- पुलिस मुझ पर हमला करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही, उल्टा रोज-रोज सुरक्षा का हवाला देकर मुझे कहीं जाने से रोका जा रहा है। मैं एक राजनीतिक पार्टी का पदाधिकारी हूं।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुझे जिम्मेदारी दी है। ऐसे में मैं उन्हें क्या जवाब दूंगा कि मुझे घर में बैठा दिया गया है? मुझे मेरी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने से रोका जा रहा है। हर बार मुझे ही रोक दिया जाता है।

सांसद बोले - देखी आपकी सुरक्षा, घर तक असलहा लेकर आए थे अब समर्थकों के साथ सांसद रामजी लाल सुमन घर के बाहर बैठे हैं। वहां तैनात पुलिस वालों से उन्होंने नाराजगी के साथ कहा- देखी आपकी सुरक्षा? मैंने सब देखा है... एक दिन पहले मेरे घर पर मुझसे मिलने वाले लोग कमर में पिस्तौल लगाकर आ गए थे। उन्हें गेट पर रोका तक नहीं गया। न ही उनकी चेकिंग की गई थी।

**3 लोग सरेंडर किए, पुलिस का बस हो गया**

उन्होंने कहा कि जब मेरे घर पर हमला हुआ था, उस समय कहा गया था कि 10 टीमें आरोपियों को पकड़ने के लिए लगाई गई हैं। मगर क्या हुआ? किसी पर कार्रवाई तक नहीं हुई। तीन लोगों ने सरेंडर कर दिया...बस हो गया। पुलिस अपराधियों के साथ दोस्तों की तरह रहती है, तो कौन डरेगा।

## महिला महानिदेशालय को उड़ाने की धमकी

**कहा-पाक जिंदाबाद, 4 आरडीएक्स फटेंगे; कर्मचारी ऑफिस से भागे**

लखनऊ, 26 मई (एजेंसियां)। लखनऊ के महिला और परिवार कल्याण महानिदेशालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। विभाग के डीजी को धमकी भरा ई-मेल आया। इसमें लिखा है- पाकिस्तान जिंदाबाद। 4 आरडीएक्स बम फटेंगे। डीजी ने कर्मचारियों और पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। अधिकारी और कर्मचारी ऑफिस से बाहर निकलकर भाग आए।

थोड़ी देर में पुलिस, एटीएस और बम स्क्वॉड की टीम पहुंची, जिसने पूरे परिसर की छानबीन की। एडीसीपी वेस्ट धनंजय कुशवाहा ने कहा कि परिसर में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

# वाराणसी के जासूस ने पाकिस्तानी नफीसा का नेटवर्क बढ़ाया

युवाओं से कहती-बाबरी को भूल जाओगे क्या, अत्याचार का बदला लो

वाराणसी, 26 मई (एजेंसियां)। वाराणसी में गिरफ्तार जासूस तुफैल ने पाकिस्तानी सेना के अफसर की पत्नी नफीसा का कनेक्शन यूपी में फैलाया है। तुफैल ने मजलिस और तकरीरों के बहाने कई युवाओं को नफीसा से जोड़ा।



मोहम्मद तुफैल, जासूस

सुरक्षा एजेंसियों की पूछताछ में नफीसा का वाराणसी, लखनऊ, बरेली, कन्नौज, मुरादाबाद और रामपुर जिलों से स्ट्रॉन्ग कनेक्शन सामने आया है। एटीएस की जांच में सामने आया कि नफीसा की फ्रेंड लिस्ट में 240 भारतीय युवा हैं। इनमें से यूपी के 6 लोग हैं, जिनसे नफीसा रोज लंबी बातें करती। चैट, वॉयस कॉल और वीडियो कॉल करती थी। कहती थी- तुम भारत में मुसलमानों पर हो रहे अत्याचार का बदला लो, बाबरी को भूल जाओगे क्या? एटीएस ने तुफैल के जरिए नफीसा का स्कैच भी तैयार करवाया है। हालांकि, अभी इसे सार्वजनिक नहीं किया है। तुफैल के अलावा बाकी 5 लोग एटीएस और एनआईए की रडार पर हैं।

**पाकिस्तानी नेता की तकरीरें पढ़कर उकसाती थी नफीसा**

नफीसा की भारतीय युवाओं में खासी रुचि नजर आई है। उसने 9 शहरों में 200 से अधिक युवाओं को फॉलो कर रखा है। इनमें वो कौम के युवाओं को प्राथमिकता देती थी।

जासूस तुफैल यूपी के युवाओं का कनेक्शन नफीसा से करवा रहा था। नफीसा उन्हें इस्लामी चरमपंथी दल तहरीक-ए-ब्लैक पाकिस्तान के नेता मौलाना साद रिजवी की तकरीरों से कट्टर समर्थक बनाने की कोशिश करती थी। सोशल प्लेटफॉर्म के जरिए पहले युवाओं को धार्मिक भावनाओं के साथ जोड़ती और फिर बात बढ़ा देती। यूपी में नफीसा के नेटवर्क में कई मुस्लिम लड़के थे, जिन्हें वो अपने हक की लड़ाई लड़ने का मैसेज भेजा करती थी। मौलाना साद की तरह तकरीर करने के लिए प्रेरित करती थी।

## महामंडलेश्वर दास ने महात्मा गांधी के सिद्धांत को बताया कायरता

औरंगाबाद, 26 मई (एजेंसियां)। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय धर्माचार्य मार्गदर्शक मंडल के प्रमुख महामंडलेश्वर अखिलेश्वर दास ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों को लेकर बड़ा बयान दिया है। एक यज्ञ में शामिल होने औरंगाबाद आए महामंडलेश्वर ने सोमवार को यहां कहा कि गांधी की बात हम नहीं मानते हैं। गांधी एक गाल में थप्पड़ मारने पर दूसरा गाल आगे करने की बात करते हैं, लेकिन दूसरा थप्पड़ पड़ गया तो तीसरा गाल कहां से लाएंगे। यह कायरता है और हमारा सत्य सनातन धर्म इसकी इजाजत नहीं देता बल्कि जैसे को तैसा की बात कहता है और हमें खुशी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी राह पर चल रहे हैं।

'धर्म-राजनीति के समन्वय का सुंदर उदाहरण रामायण का सुंदर कांड'

अखिलेश्वर दास ने कहा कि मोदी राजधर्म का सम्यक निर्वहन कर रहे और राजनीति बिना धर्म के चल ही नहीं सकती। धर्म के साथ राजनीति और राजनीति के साथ धर्म का समन्वय बेहद जरूरी है, जो वर्तमान में नरेंद्र मोदी की सरकार में दिख रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म और राजनीति के समन्वय का सबसे सुंदर उदाहरण रामायण का सुंदर कांड है, जिसे हर किसी को पढ़ना और मनन करना चाहिए।

## सिपाही की हत्या कर हिस्ट्रीशीटर को छुड़ाया

गाजियाबाद, 26 मई (एजेंसियां)। गाजियाबाद में बदमाशों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। सिपाही की हत्या कर हिस्ट्रीशीटर को छुड़ा ले गए। रविवार रात साढ़े 12 बजे नोएडा पुलिस की टीम हिस्ट्रीशीटर को पकड़कर ले जा रही थी, तभी उसके साथियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिसवालों ने गाड़ी रोकी और भागकर जान बचाई।

मौका मिलते ही हिस्ट्रीशीटर कादिर भाग गया। फिर उसने साथियों के साथ मिलकर पुलिस पर गोलियां बरसा दीं। दोनों ओर से 20 से 25 राउंड फायरिंग हुई।

# वाराणसी सहित यूपी के 27 जिलों में बारिश का अलर्ट

नौतपा में 15 साल में पहली बार नहीं चलेगी लू, मेरठ में सबसे ज्यादा 53 मिमी बारिश हुई

वाराणसी, 26 मई (एजेंसियां)। यूपी में आज यानी 26 मई से नौतपा का दूसरा दिन है। 27 जिलों में बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिन तराई और पूर्वी इलाकों में नमी युक्त हवा चलेगी। दक्षिणी यूपी के इलाकों व वाराणसी परिक्षेत्र में बूंदाबादी हो सकती है। 15 साल में यह पहला मौका है। जब नौतपा के 9 दिन में एक दिन भी लू नहीं बहेगा। बंगाल की खाड़ी की तरफ से आने वाला मानसून 18 जून से करीब चार दिन पहले दस्तक दे सकता है।

वहीं, नौतपा के पहले दिन 20 जिलों में जोरदार बारिश हुई।



गाजियाबाद में आंधी-बारिश से एसीपी ऑफिस की छत गिर गई। मलबे में दबने से दरोगा वीरेंद्र कुमार मिश्रा की मौत हो गई। मथुरा में देर रात से बारिश का दौर जारी है। प्रेमानंद महाराज ने छाता लेकर पदयात्रा निकाली। बारिश के बावजूद उनके सैकड़ों भक्त दर्शन के लिए खड़े रहे। मथुरा में सड़कों पर कई फीट पानी भर गया।

बरेली के बहेड़ी में इतनी बारिश हुई कि सड़कें तालाब बन गई हैं। कॉलोनियों में कमर तक पानी भर गया है। बागपत के बड़ौत में बारिश से एक अंडरपास में 4-5 फीट तक पानी भर गया। इसमें कई बाइकें डूब गईं।

24 घंटे में सबसे ज्यादा 53 मिमी (2.08 इंच) बारिश मेरठ में हुई। जहां एक तरफ बारिश हो रही, वहीं दूसरी तरफ लखनऊ-झांसी समेत कई शहरों में भीषण गर्मी पड़ी।

दोपहर में झांसी सबसे गर्म शहर रहा। यहां का पारा 42.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। 40.5 डिग्री के साथ मुरादाबाद दूसरे और 39.5 डिग्री के साथ आगरा तीसरे नंबर पर रहा।

## झांसी में सिर कूचकर युवक की हत्या

झांसी, 26 मई (एजेंसियां)। झांसी में एक युवक की सिर कूचकर हत्या कर दी गई। वो गांव में मां को देखकर लौटा था, मगर रात को घर नहीं पहुंचा। आज सुबह उसकी लाश घर से करीब 300 मीटर दूर मिली है।

पास में सिगरेट और शराब की बोतलें भी पड़ी थी। आशंका है कि किसी करीबी व्यक्ति ने पहले उसे शराब पिलाई गई और फिर हत्या कर दी।

उसका पत्नी से अक्सर झगड़ा होता था। पुलिस घर पहुंची तो सास बाउंड्री फांदकर भाग गई। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला रक्सा के अठौंदना पुल के पास का है।

# 'सपा हमारी सीटें तय नहीं कर सकती'

लोकसभा चुनाव का जिक्र कर इमरान मसूद ने अखिलेश को दे दी बड़ी चुनौती; कहा-80 में से 17 वाला फॉर्मूला नहीं चलेगा

लखनऊ, 26 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन का सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा है। दोनों पार्टियों ने 2024 का लोकसभा चुनाव गठबंधन में लड़ा और आश्चर्यजनक प्रदर्शन किया। यूपी में एक साथ 43 सीटें जीतीं। जिसने बीजेपी की रणनीति पर सवालिया निशान खड़े कर दिए। जिसकी सबसे बड़ी वजह थी कि यूपी में बीजेपी की सरकार है और योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री हैं, जो कट्टर हिंदुत्व के लिए जाने जाते हैं। लेकिन उसके बाद से कांग्रेस और समाजवादी पार्टी में संबंध में खराब हो गए। वो था अक्तूबर 2024 में हरियाणा विधानसभा चुनाव और फिर इस साल फरवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव। जिसमें सपा ने कांग्रेस को समथर्न न देकर आम आदमी पार्टी के पक्ष में प्रचार किया।



2024 के लोकसभा चुनावों में गठबंधन के विजेताओं में सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद भी शामिल हैं। जिन्होंने सार्वजनिक रूप से यह कहकर यूपी में इंडिया अलायंस में तनाव को फिर से हवा दे दी कि 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले दोनों दलों के बीच संबंधों को फिर से बनाने की जरूरत। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मसूद ने गठबंधन के भविष्य के बारे में इंडियन एक्सप्रेस से बात की। जिसमें उन्होंने कई सवालों के जवाब दिए। कोई दिक्कत नहीं है। कांग्रेस अपने संगठन को मजबूत करने के लिए काम कर रही है और हम बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कर रहे हैं। कुछ लोगों ने बयान दिया है कि हम (कांग्रेस) उम्मीदवार नहीं उतारेंगे। मैं कहना चाहता हूं कि हम जमीन पर मेहनत कर रहे हैं और हमें बैसाखी की जरूरत नहीं है। हम अपने दम पर लड़ेंगे और अगर सहमति बनती है तो वह सम्मान की बात होगी। हम उन्हें (सपा को) यह तय नहीं करने देंगे कि हम किन सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। अगर सहमति बनती है तो हम तय करेंगे। और यह फैसला पार्टी नेतृत्व को करना है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं के अधिकारों को सुरक्षित करना मेरा काम है।

# तेज प्रताप की पत्नी एश्वर्या ने लालू परिवार पर लगाए गंभीर आरोप

> *कहा-चुनाव की वजह से ड्रामा चल रहा है*

पटना, 26 मई (एजेंसियां)। तेज प्रताप यादव की सोशल मीडिया पोस्ट के बाद उठा सियासी तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है। लालू परिवार एक बार फिर से मुश्किलों में फंसता नजर आ रहा है। तेज प्रताप की पत्नी एश्वर्या ने लालू परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहा है कि ये सब चुनाव को लेकर ड्राम चल रहा है।

**'लालू प्रसाद का पूरा परिवार ड्रामा कर रहे हैं'**

तेज प्रताप यादव की पहली पत्नी ऐश्वर्या ने कहा कि मुझे मीडिया से पता चला। लालू प्रसाद का पूरा परिवार ड्रामा कर रहे हैं। पूरा खानदान तेज प्रताप का साथ दे रहा था। पार्टी से जो निकाला गया वह भी ड्रामा ही है। जब मुझे मारा-पीटा जा रहा था तब यह लोग कहां थे? राबड़ी आवास में मुझे काफी प्रताड़ित किया गया। यहां तक मेरा खाना पीना बंद कर दिया गया। तेज प्रताप यादव की पत्नी ऐश्वर्या ने आरोप लगाया कि, ये दावा किया जा है कि वो 12 साल से रिलेशन में हैं, तो क्या परिवार वालों को नहीं पता होगा। पूरे परिवार को पता है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने रविवार को अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी से



6 वर्षों के लिए निष्कासित करने की घोषणा की थी। तेज प्रताप की अनुष्का यादव के साथ एक निजी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह सख्त कदम उठाया था। लालू यादव ने इस फैसले की पुष्टि करते हुए कहा, निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करती है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों के अनुरूप नहीं हैं। अतः मैं उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से उसकी किसी भी प्रकार की भूमिका न पार्टी में होगी, न परिवार में। उन्होंने कहा कि तेज प्रताप अब अपने जीवन के निर्णय स्वयं लें और उनसे संबंध रखने वाले लोग भी स्वविवेक से सोच-समझकर कदम उठाएं। लालू ने यह स्पष्ट किया कि वह सदैव लोक लाज और नैतिक मूल्यों के पक्षधर रहे हैं और राजद की परंपरा भी यही रही है।पार्टी में इस निर्णय के बाद हलचल तेज हो गई है। राजद के भीतर तेज प्रताप की हालिया गतिविधियों को लेकर असंतोष पहले से ही था, जिसे अब सार्वजनिक रूप दे दिया गया है। हालांकि लालू यादव के इस कड़े कदम को आगामी चुनावों के मद्देनजर पार्टी की छवि को सुधारने की कोशिश माना जा रहा है।

तेजस्वी यादव ने तेज प्रताप के वायरल पोस्ट पर स्पष्ट कहा कि यह सब उन्हें पसंद नहीं है। वहीं लालू प्रसाद के फैसले का उन्होंने समर्थन किया। पटना में पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि एक बात स्पष्ट है कि मुझे यह सब चीजें न अच्छी लगती है और न मैं यह सब बर्दाश्त करता हूं। मैं जनता के दुख-सुख में साथ रहता हूं। उनके मुद्दों को उठाता हूं। मैं नेता विरोध हूं। बिहार के प्रति मैं समर्पित हूं।

जहां तक मेरे बड़े भाई की बात है तो मेरा मानना है कि राजनीतिक जीवन और निजी जीवन अलग होता है। चूंकि वह बालिग हैं, इसलिए वह अपने निजी जीवन के फैसल ले सकते हैं। उन्हें अपने फैसले लेने का अधिकार हैं। उनके लिए क्या सही होगा और किस निर्णय से नुकसान होगा? इसका निर्णय वह खुद लें।

# प्रधानमंत्री ने जाति जनगणना के फैसले को सराहा तो कांग्रेस का तंज, साझा किए पुराने वीडियो



नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार के जाति जनगणना के फैसले की सराहना की थी। अब सोमवार को कांग्रेस ने इस पर तंज कसा और प्रधानमंत्री के दो पुराने वीडियो साझा कर दिए, जिनमें प्रधानमंत्री विपक्ष की जाति जनगणना की मांग की आलोचना करते नजर आ रहे हैं। रविवार को प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप-मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। इसी बैठक में पीएम मोदी ने जाति जनगणना के फैसले की तारीफ की।

**प्रधानमंत्री ने क्या कहा?**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जाति जनगणना उन वर्गों को मुख्यधारा में लाने की कवायद है, जो पीछे छूट गए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार जातिगत राजनीति में विश्वास नहीं करती, लेकिन पिछड़ों को सशक्त बनाना उनका उद्देश्य है। एनडीए के मुख्यमंत्रियों और डिप्टी सीएम की इस बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गए, जिनमें से एक में ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र सेनाओं की बहादुरी और पीएम मोदी के नेतृत्व में मजबूत फैसले लेने की सराहना की गई तो दूसरे प्रस्ताव में अगली जनगणना के साथ ही जाति जनगणना कराने के फैसले की तारीफ की गई। जयराम रमेश ने दो वीडियो को साझा करते हुए लिखा कि 'लेकिन जरा सुनिए पूर्व में प्रधानमंत्री ने क्या कहा- एक. 2 अक्तूबर 2023 को, जब बिहार में जाति सर्वे के नतीजे जारी किए गए थे और दूसरा. 28 अप्रैल 2024 को जब कांग्रेस ने जाति जनगणना की मांग की थी।' पहली वीडियो में प्रधानमंत्री कहते सुनाई दिए कि वे (विपक्ष) जाति के आधार पर समाज को बांटना चाहता है और अपने पापों को आगे भी जारी रखना चाहता है। दूसरी वीडियो में प्रधानमंत्री कहते सुनाई दे रहे हैं कि कांग्रेस का जाति जनगणना की मांग करना शहरी नक्सलवाद की मानसिकता है।

केंद्र सरकार ने बीते महीने ही जाति जनगणना कराने का एलान किया था। जनगणना के साथ ही जाति जनगणना भी कराई जाएगी। देश की आजादी के बाद पहली बार होगा, जब जनगणना में जातिगत जानकारी को भी शामिल किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी देशभर में जाति जनगणना की मांग उठा रही थी। बिहार, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे राज्यों में विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने जाति जनगणना को अपना प्रमुख मुद्दा बनाया था और इसके चलते पार्टी को फायदा भी पहुंचा था।

### *कांग्रेस ने कसा तंज*

कांग्रेस महासचिव और मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने पीएम मोदी के दो पुराने वीडियो साझा किए, जिनमें पीएम मोदी जाति जनगणना की विपक्ष की मांग की आलोचना करते दिखाई दिए। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि '30 अप्रैल 2025 को पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बीच प्रधानमंत्री ने अचानक से जाति जनगणना का एलान कर दिया। कल, जैसा कि उम्मीद थी प्रधानमंत्री ने एनडीए के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक में जाति जनगणना का पूरा श्रेय ले लिया।'

# बढ़ रहा कोरोना का खतरा : पिछले एक हफ्ते में 750 नए केस आए, दिल्ली में आंकड़ा 100 के करीब



नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। देश में कोरोना के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। बीते एक हफ्ते में देश में कोरोना के 752 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 305 लोगों ने कोरोना संक्रमण को मात दी। चिंता की बात यह है कि बीते सात दिनों में कोरोना से जान गंवाने वालों का आंकड़ा सात दर्ज किया गया है। मरने वालों महाराष्ट्र के चार, केरल के दो और कर्नाटक का एक शख्स शामिल है। नए मामलों की बात करें तो बीते एक हफ्ते में (19 मई के बाद) सबसे ज्यादा 335 मामले केरल, 153 महाराष्ट्र, 99 दिल्ली, 76 गुजरात और 34 कर्नाटक में आए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक, 26 मई को सुबह 8:00 बजे देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 1009 है।

**कोरोना के सबसे ज्यादा 403 मामले**

कुल केसों की बात करें तो केरल में कोरोना के सबसे ज्यादा 403 मामले दर्ज किए गए हैं। मुंबई में 209 और दिल्ली में अब तक 104 मामले दर्ज किए गए हैं। इन शहरों के बाद गुजरात का नंबर आता है, जहां 83 मामले दर्ज किए गए हैं। कर्नाटक में 47, उत्तर प्रदेश में 15 और पश्चिम बंगाल में 12 मामले दर्ज किए गए हैं। केंद्र सरकार की एजेंसी इंडियन एसएआरएस-सीओवी-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (इंसाकोग) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, नए कोरोना संक्रमणों में वृद्धि के बीच दो नए वेरिएंट के मामले सामने आए हैं।

**बंगाल में चार और कोविड संक्रमण, सक्रिय मामले 11 हुए**

पश्चिम बंगाल में चार और लोगों में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है। अब यहां सक्रिय मामलों की संख्या 11 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सांस संबंधी समस्याओं वाले मरीजों का सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। इनमें से ज्यादातर मामले कोलकाता और उसके उपनगरों से सामने आए हैं। 19 मई तक बंगाल में कोरोना का सिर्फ एक सक्रिय मामला था।

बिहार में सोमवार को कोविड-19 की मौजूदा लहर का पहला मामला सामने आया। पटना के 31 वर्षीय एक व्यक्ति में संक्रमण की पुष्टि हुई। निजी अस्पताल में इलाज करा रहे मरीज का हाल ही में राज्य से बाहर यात्रा करने का कोई इतिहास नहीं है।

# भाजपा के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज करेगी सरकार

## *विपक्षी पार्टी ने कहा-यह आपातकाल का दूसरा अध्याय*



बंगलूरू, 26 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने दुष्प्रचार फैलाने के आरोप में भाजपा की राज्य इकाई के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज करने का फैसला लिया है। सरकार की ओर से रविवार को जारी एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि भाजपा ने 'राज्य सरकार के दो साल के कार्यकाल की विफलताओं का आरोपपत्र' शीर्षक के साथ प्रिंट और डिजिटल मीडिया में गलत जानकारी दी है। सरकार ने कहा कि विपक्षी पार्टी ने तथ्यों को तोड़-मरोड़ के पेश किया है और दुष्प्रचार किया है।

वहीं, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने सरकार के इस कदम को कर्नाटक में आपातकाल के दूसरे अध्याय की शुरुआत बताया है। अधिसूचना में कहा गया है कि सरकार यह मानहानि का मुकदमा बंगलूरू की 42वीं मुख्य मेट्रोपोलिटन कोर्ट में दर्ज करेगी। इसके लिए कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग (डीपीएआर) के सचिव को शिकायत दर्ज करने के लिए कहा गया है। सरकारी वकील बी. एस. पाटिल (67वीं सिटी सिविल एंड सेशन कोर्ट) और शैलजा नायक (61वीं सिटी सिविल एंड सेशन कोर्ट) को कानूनी कार्यवाही संभालने के लिए नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, गृह विभाग (कानून व्यवस्था) में उप सचिव कुमटा प्रकाश को इस मामले में सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय करने और सरकारी वकील को पूरी जानकारी उपलब्ध कराने का जिम्मा सौंपा गया है। इस पर भाजपा ने कहा कि यह कर्नाटक में पहली बार है जब एक 'काली अधिसूचना' जारी कर विपक्षी पार्टी और मीडिया को डराने की कोशिश की गई है। इसके लिए सरकार सरकारी तंत्र और अधिकारियों को इस्तेमाल कर रही है। कर्नाटक बीजेपी अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र ने एक्स पर लिखा, कांग्रेस सरकार की किसी भी धमकी से भाजपा डरने वाली नहीं है। अगर आप यह सोचते हैं कि आप पुलिस और कानून के नाम पर विपक्षी पार्टियों की आवाज दबा सकते हैं, तो यह आपकी मूर्खता की पराकाष्ठा है।

उन्होंने कहा, यह फैसला आपके चापलूसों और मूर्ख सलाहकारों की सलाह पर लिया गया है और यह न केवल भाजपा, बल्कि मीडिया के खिलाफ भी एक बदले की कार्रवाई है। विजयेंद्र ने आगे लिखा, कर्नाटक में आपातकाल का दूसरा अध्याय शुरू हो चुका है। लेकिन कांग्रेस सरकार को जल्द ही दिख जाएगा कि लोकतंत्र, कर्नाटक की जनता, विपक्षी दल और मीडिया में इसे पलटने की पूरी ताकत है।

# मुरैना में डबल मर्डर, चाचा-भतीजे को गोली मारी

मुरैना, 26 मई (एजेंसियां)। मुरैना के सिहौनिया थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह दो शराब कारोबारियों की गोली मारकर हत्या हो गई। पहले खबर आई थी कि दोनों ने एक-दूसरे पर गोली चलाई थी। बाद में पता चला कि मिरघान गांव निवासी बंटी भदौरिया और भोला भदौरिया रिश्ते में चाचा-भतीजे थे, जिन्हें किसी और ने गोली मारी है। घटना आज (सोमवार) सुबह करीब 8 बजे भाई खां का पुरा गांव के पास हुई। जानकारी के मुताबिक बंटी, भोला का चाचा था। बंटी को सोमवार सुबह किसी ने फोन पर जानकारी दी कि कोई अवैध शराब लेकर आ रहा है। यह सुनकर भोला भी बंटी के पास पहुंचा। दोनों फोन पर बताई जगह के लिए कार से रवाना हो गए। वे सिहौनिया थाना क्षेत्र के भाई खां का पुरा गांव पहुंचे। यहां अवैध शराब कारोबार से जुड़े दूसरे ग्रुप के प्रदीप तोमर, लुक्का तोमर और ललकी पंडित पहले से मौजूद थे। दोनों गुट एक-दूसरे से विवाद करने लगे।

# वडोदरा में पीएम मोदी का रोड शो

# कर्नल सोफिया कुरैशी के परिवार ने की पुष्पवर्षा; भाई-बहन ने कही यह बात



वडोदरा, 26 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। इसकी शुरुआत उन्होंने वडोदरा में रोड शो के जरिए की। यहां भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के परिवार के सदस्यों ने प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो के दौरान पुष्प वर्षा की। गुजरात की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी राज्य में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

**'हमारी औरतें किसी भी मर्दों से कम नहीं'**

कर्नल सोफिया कुरैशी के भाई मोहम्मद संजय कुरैशी ने कहा, 'प्रधानमंत्री को आमने-सामने देखना बहुत गर्व का पल था।' अपनी बहन सोफिया कुरैशी के बारे में उन्होंने कहा, 'हमारी डिफेंस फोर्स को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने सोफिया को ये मौका दिया। औरतों के साथ जो गलत हुआ, उसका बदला एक औरत ले, उससे बेहतर कोई पल नहीं है। दुश्मनों को बता दिया कि हमारी औरतें किसी भी मर्दों से कम नहीं है।'

**'अब सोफिया सिर्फ मेरी बहन नहीं रही, अब वो पूरे देश की बहन'**

कर्नल सोफिया कुरैशी की जुड़वां बहन शाइना सुन्सारा ने बताया, 'मैं खुद एक महिला हूं, मैं इस बात को महसूस कर सकती हूं कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को कितना ऊपर उठा दिया। सोफिया कुरैशी मेरी जुड़वां बहन है। ये बहुत प्रोत्साहित करने वाली बात है। अब सोफिया सिर्फ मेरी बहन नहीं रही, अब वो पूरे देश की बहन बन गई है।' शायना ने कहा कि जब पीएम मोदी हमें क्रॉस कर रहे थे, तो उन्होंने झुककर प्रणाम किया और हमने भी वैसा ही किया। यह बहुत ही अलग पल था। मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकती। ऐसा लगा जैसे वह दुनिया को संदेश दे रहे थे कि हम आप सबके साथ खड़े हैं और किसी को डरने की जरूरत नहीं है।

# वायुसेना अमेरिका-इजराइल से बेहतर एयर डिफेंस सिस्टम बना रही : स्मार्ट ड्रोन का ब्लूप्रिंट तैयार

## एक-दो महीने में रूस से S-400 की नई मिसाइलें मिलेंगी

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के सभी हमलों को नाकाम करने वाली भारतीय वायुसेना अब नए सुरक्षा मिशन में जुट गई है। वायुसेना एयर डिफेंस सिस्टम को अमेरिकी गोल्डन डोम और इजराइल के आयरन डोम से भी बेहतर बनाने जा रही है। इंडियन एयरफोर्स के पास अभी दोनों डोम जैसा ही एयर डिफेंस सिस्टम है, लेकिन वह चीन और पाकिस्तान से होने वाले हवाई हमलों को नाकाम करने के मकसद से तैयार किया गया है। वायुसेना अब देशभर को रक्षा देने के लिए सबसे मॉडर्न और स्मार्ट एयर डिफेंस सिस्टम बनाने पर फोकस कर रही है। ऐसे ड्रोन पर भी काम हो रहा है, जिन्हें दुश्मन के इलाकों के आसपास हेलिकॉप्टर से लॉन्च किया जा सकेगा। एयरफोर्स के डिजाइन ब्यूरो ने ऐसे कई एरियल सिस्टम्स का ब्लू प्रिंट तैयार किया है। इधर, ऑपरेशन सिंदूर में दुश्मन के हवाई हमलों को नाकाम करने में खर्च हुई S-400 एयर डिफेंस सिस्टम की मिसाइलों की भरपाई रूस जल्द ही करेगा। इसके अलावा, एक और S-400 सिस्टम एक-दो माह में रूस से मिल जाएगा। इसकी एक अन्य स्क्वॉड्रन की सप्लाई 2026 में होगी। एक स्क्वॉड्रन में 256 मिसाइलें होती हैं। एयर लॉन्च स्वार्म ड्रोनः एयर लॉन्च फ्लेक्सिबल एसेड स्वॉर्म एल्फा-एस। एआई से लैस यह ड्रोन समूह दुश्मन के एयर डिफेंस को भ्रमित व खत्म करेगा। खुफिया सूचना जुटाना, सर्विलांस, निगरानी, संचार रिले इसके काम हैं। बीच उड़ान में बदल सकेगा। हेलिकॉप्टर लॉन्चरः 40 किमी रेंज वाले इन ड्रोन्स को एमआई-17 हेलिकॉप्टर से लॉन्च कर सकेंगे। इन पर 50 किलो के हथियार होंगे। लॉइटरिंग एरियल इंटरसेप्टरः 8 हजार फीट ऊपर उड़ने में सक्षम। यह दुश्मन ड्रोन को पहचानकर नष्ट करेगा।

# 14 से 16 जून तक बीजेपी विधायक-सांसदों का ट्रेनिंग कैंप

## पचमढ़ी में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष करेंगे उद्घाटन

## समापन में केंद्रीय गृह मंत्री शामिल होंगे

भोपाल, 26 मई (एजेंसियां)। पचमढ़ी में 14 से 16 जून तक बीजेपी के विधायकों सांसदों का ट्रेनिंग कैंप आयोजित होगा। इस ट्रेनिंग कैंप में एमपी बीजेपी के सभी विधायक, मंत्री और लोकसभा, राज्यसभा के सांसद शामिल होंगे। उद्घाटन में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आयेंगे। वहीं, समापन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे।

विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद नवनिर्वाचित विधायकों, सांसदों को भाजपा 5 साल में एक बार प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम आयोजित करती है। यह ट्रेनिंग कैंप इस साल की शुरुआत में होना था। लेकिन संगठन चुनाव के चलते इसे आगे बढ़ा दिया गया था। 11 मई को जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान दिया। इसके बाद डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायक नरेंद्र प्रजापति के बयानों से भी विवाद बढ़ा। ऐसे में लगातार आ रहे विवादित बयानों के बाद पार्टी अब सभी विधायकों और सांसदों को प्रशिक्षण देने जा रही है।

# पादरी से मिलने पाकिस्तान पहुंची नागपुर की महिला : ऑनलाइन हुआ प्यार

## कारगिल से बॉर्डर क्रॉस किया; गिलगित में पकड़ी गई, पाक रेंजर्स ने लौटाया



अमृतसर, 26 मई (एजेंसियां)। नागपुर की रहने वाली 43 वर्षीय सुनीता जांगड़े को पाकिस्तानी रेंजर्स ने अमृतसर के अटारी बॉर्डर पर बीएसएफ को सौंप दिया है। नागपुर की यह महिला पाकिस्तानी पादरी के प्यार में पड़कर 14 मई 2025 को कारगिल के हुंदरमन गांव से नियंत्रण रेखा पार कर आई थी। यहां से वह गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में पहुंच गई। जानकारी के मुताबिक, सुनीता अपने 14 वर्षीय बेटे के साथ छुट्टियां मनाने लद्दाख गई थी, इस दौरान उसके अचानक लापता होने की बात सामने आई, वह अपने बेटे को होटल में छोड़कर गई थी।

जांच में पता चला कि सुनीता दो पाकिस्तानी नागरिकों से बात कर रही थी। इनमें से एक पादरी था और दूसरा जुल्फिकार नाम का युवक था। उसके फोन रिकॉर्ड, सोशल मीडिया गतिविधियों और ऐप्स से पता चला है कि वह पहले भी दो बार अटारी-वाघा बॉर्डर से पाकिस्तान जाने की कोशिश कर चुकी है, लेकिन तब सुरक्षा एजेंसियों ने उसे रोक लिया था। सूत्रों के मुताबिक, महिला ने कारगिल के जिस सीमावर्ती गांव से पाकिस्तान में प्रवेश किया। यह गांव अंतरराष्ट्रीय सीमा से कुछ किलोमीटर की दूरी पर है। जांच एजेंसियों को शक है कि कुछ स्थानीय लोगों ने भी महिला को सीमा पार करने में मदद पहुंचाई है।

इसे लेकर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। गिलगित-बाल्टिस्तान में घुसपैठ के बाद पाकिस्तानी एजेंसियों ने महिला को हिरासत में ले लिया था और उससे पूछताछ की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों देशों के बीच संपर्क हुआ। पाकिस्तानी अधिकारियों ने महिला को "गलती से भटकी भारतीय नागरिक" के रूप में पेश किया और मानवीय आधार पर वापस लौटाया। उसे शुक्रवार को अटारी सीमा पर बीएसएफ के हवाले किया गया था। फिलहाल सुनीता अब अमृतसर रूरल के थाना घरिंडा की कस्टडी में है।

# इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाने से पहले क्वारंटीन हुए शुभांशु शुक्ला

## > पूरा भरोसा कि मिशन सफल होगा > 8 जून को एक्सिओम मिशन के तहत आईएसएस जाएंगे



नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। इंडियन एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जाने से पहले क्वारंटीन में चले गए हैं। उनके साथ मिशन के अन्य तीन एस्ट्रोनॉट ने भी शनिवार को क्वारंटीन में प्रवेश किया। शुभांशु ने कहा-मुझे पूरा भरोसा है कि एक्सिओम मिशन सफल होगा। यह कमर्शियल स्पेस फ्लाइट के लिए मील का पत्थर साबित होगा। एक्सिओम स्पेस ने एक कार्यक्रम में मिशन पर जाने वाले क्रू को विदाई दी।

दरअसल, अंतरिक्ष में जाने से पहले क्वारंटीन एक जरूरी फेज होता है। इसमें पूरे क्रू को आइसोलेशन में रखा जाता है, ताकि वो पूरी तरह से स्वस्थ्य रहे और मिशन के दौरान उन्हें कोई संक्रमण ना हो। एक्सिओम मिशन 4 में चार देशों के चार एस्ट्रोनॉट 8 जून को 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। नासा और इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है।

**शुभांशु के साथ तीन और एस्ट्रोनॉट जाएंगे**

एक्सिओम 4 मिशन के चालक दल में भारत, पोलैंड और हंगरी के मेंबर शामिल हैं। स्लावोज़ उज़्नान्स्की 1978 के बाद स्पेस में जाने वाले पोलैंड के दूसरे एस्ट्रोनॉट होंगे। टिबोर कापू 1980 के बाद स्पेस में जाने वाले हंगरी के दूसरे एस्ट्रोनॉट होंगे। अमेरिकी की पैगी व्हिटसन का यह दूसरा कॉमर्शियल ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन है।

**शुभांशु शुक्ला : एनडीए क्लियर करके आईएएफ पायलट बने**

शुभांशु शुक्ला मूल रूप से उत्तर प्रदेश के लखनऊ के रहने वाले हैं। इनकी की शुरुआती पढ़ाई-लिखाई अलीगंज, लखनऊ के सिटी मॉन्टेसरी स्कूल से पूरी हुई। 12वीं के बाद उन्होंने नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) का एंट्रेंस एग्जाम क्लियर किया और यहीं से ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की। एनडीए भारत में सशस्त्र बलों (थल सेना, नौसेना और वायुसेना) के लिए ऑफिसर कैडेट्स को प्रशिक्षण देने वाली एक प्रमुख संस्था है। ये ट्रेनिंग के साथ-साथ एकेडमिक डिग्री भी देती है, जो जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली से एफिलिएटेड होती है।

**2,000 घंटे से अधिक का फ्लाइंग एक्सपीरियंस**

शुभांशु को 17 जून, 2006 को भारतीय वायुसेना के फाइटर विंग में शामिल किया गया। वे एक अनुभवी फाइटर और टेस्ट पायलट हैं। उनके पास 2,000 घंटे से अधिक का फ्लाइंग एक्सपीरियंस है। उन्होंने सुखोई-30 एमकेआई, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डोर्नियर और एन-32 जैसे लड़ाकू विमानों को उड़ाया है।



स्वतंत्र वार्ता

मंगलवार, 27 मई - 2025

# अर्थव्यवस्था को लगे पंख

भारत की अर्थव्यवस्था को यूं ही पंख नहीं लगे हैं। इसके लिए पीएम मोदी और उनकी सरकार पूरी योजना के साथ दिन-रात काम किया है। जिसका सुफल रहा कि जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत बन गया है। यदि सबकुछ ठीक रहा तो आगामी 2.5 से 3 वर्षों में जर्मनी को पछाडकर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम 25 मई को जब यह ऐलान कर रहे थे, तब नरेंद्र मोदी के भारत के प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल के तौर पर 4018 दिन ही पूरे हुए थे। मोदी ने 26 मई 2014 को भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी और आज 26 मई 2025 है यानी पीएम के तौर उनके कार्यकाल का आज 4019वां दिन है। सुब्रह्मण्यम ने कहा 4 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी का डेटा डेटा मेरा नहीं बल्कि आईएमएफ का है। अब हमसे संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही आगे हैं। मोदी के कार्यकाल के दिनों को देखा जाए तो अब तक जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के बाद सबसे ज़्यादा समय तक चुने हुए प्रधानमंत्री हैं। नेहरू और इंदिरा गांधी मुख्यमंत्री नहीं थे। लेकिन वे 6,130 और 5,829 दिनों तक प्रधानमंत्री रहे। मनमोहन सिंह अब खिसककर चौथे स्थान पर जा चुके हैं। जिस सड़क पर अर्थव्यवस्था दौड़ रही है, उसी रास्ते पर पीएम मोदी का कार्यकाल भी सरपट दौड रहा है। नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए, मोदी को मार्च 2031 तक प्रधानमंत्री बने रहना होगा। प्रधानमंत्री ने पिछले 12 वर्षों में आर्थिक सुधार और बुनियादी ढांचा को प्राथमिकता दी। 2017 में जीएसटी लागू किया, जिससे पूरे देश में एक समान कर व्यवस्था बनी। 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिला। 'स्टार्टअप इंडिया' के जरिए नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहन दिया गया। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में रिकॉर्ड स्तर पर सड़कें बनाई गईं और 'भारतमाला' व 'सागरमाला' जैसी योजनाएं शुरू की गईं। मेट्रो नेटवर्क का भी जाल बिछाया गया। प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 50 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए जिससे वित्तीय समावेशन को बल मिला। उज्ज्वला योजना के माध्यम से 9 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिए गए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 10 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए लाखों लोगों को घर मिले और आयुष्मान भारत योजना के तहत 50 करोड़ लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया गया। डिजिटल इंडिया अभियान के माध्यम से ई-गवर्नेंस को बढ़ावा मिला, ग्रामीण क्षेत्रों तक इंटरनेट पहुंचा और ऑनलाइन सरकारी सेवाएं आसान हुईं। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए भारत ने डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में वैश्विक पहचान बनाई। भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर आतंकवाद को नेस्तनाबूत किया। रक्षा क्षेत्र में तेजस लड़ाकू विमान, आईएनएस विक्रांत, अग्नि-V मिसाइल जैसे कई प्लेटफॉर्म विकसित हुए। 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' और 'इंडो-पैसिफिक रणनीति' के तहत भारत ने चीन के प्रभाव को संतुलित करने की दिशा में काम किया। अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय देशों के साथ संबंध मजबूत किए। 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया गया, जिससे राज्य को विशेष दर्जा समाप्त हुआ। तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाकर मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाया गया। किसानों को सीधे खातों में आर्थिक सहायता दी गई। गांवों में बिजली और सड़कें पहुंचीं। 'जल जीवन मिशन' के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य लिया गया। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन और आर्थिक सहायता दी गई।

# नीति आयोग की बैठक और विरोधी दल से सामंजस्य व मोदी मंत्र



अशोक भाटिया

नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बेहद गंभीर मुद्रा में बात करते नजर आए। वहीं, जब पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पीएम मोदी से मिले, तो दोनों खिलखिलाकर हंस रहे थे। आंध्र प्रदेश के सीएम एन। चंद्रबाबू नायडू के साथ पीएम मोदी चाय पीते नजर आए। ये नजारा शनिवार को हुई नीति आयोग की बैठक का था, जहां ज्यादातार राज्यों के मुख्यमंत्री पहुंचे थे। नीति आयोग की बैठक के दौरान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और अन्य मुख्यमंत्रियों के साथ पीएम मोदी खुलकर बातचीत करते नजर आए। इस बैठक में पीएम मोदी, जिस अपनेपन से राज्यों के मुख्यमंत्रियों के से मिले, उससे ऐसा लगा ही नहीं कि इनके बीच कोई राजनीतिक मतभेद है। ये दृश्य देख ऐसा लगा कि ये ही पार्टी के सदस्य हैं। हालांकि, पीएम मोदी व्यक्तित्व ही ऐसा है, वह बड़ी जल्दी लोगों के साथ घुल-मिल जाते हैं। फिर उनकी कार्यशैली के मुरीद तो विपक्षी पार्टियों में भी बहुत हैं। पीएम मोदी ने नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि देश को भविष्य के लिए तैयार शहरों के विकास की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने केंद्र और सभी राज्यों से एक साथ मिलकर विकास की गति बढ़ाने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने कार्यक्रम में कहा, भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। विकास, नवाचार और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए। हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। अगर केंद्र और सभी राज्य एक साथ आते हैं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करते हैं, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। बता दें कि यह बैठक केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 'विकसित भारत : 2047' के विजन को आगे बढ़ाने के उपायों पर विचार-विमर्श करने और इस बात पर आम सहमति बनाने के लिए एक मंच प्रदान करती है कि कैसे राज्य भारत को एक 'विकसित राष्ट्र' बनाने के लिए आधारशिला बन सकते हैं। दरअसल नीति आयोग की अवधारणा मोदी के प्रधान मंत्री बनने के बाद के दिनों में आई। इससे पहले, एक योजना आयोग था और इसे पंडित नेहरू द्वारा स्थापित किया गया था। लेकिन उस योजना आयोग के दौरान, राज्यों के पास कोई अधिकार नहीं था और केंद्र की मां कहने के अलावा कुछ नहीं था। लेकिन मोदी के आने के बाद, राज्यों को अधिक सरकारी मामलों में अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार मिला और राज्यों को मिला। यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि यह मोदी का एहसान है। तुलना करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन यह एक तथ्य है कि राज्यों को केंद्र से उनके हिस्से के अनुसार केंद्र से कुछ अधिक मिलना शुरू हो गया है, लेकिन फिर भी। कल की बैठक में, मोदी ने समावेशी शासन के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और यह बहुत मायने रखता है क्योंकि पहले कोई समावेशिता नहीं थी।यह बैठक केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 'विकसित भारत : 2047' के विजन को आगे बढ़ाने के उपायों पर विचार-विमर्श करने और इस बात पर आम सहमति बनाने के लिए एक मंच प्रदान करती है कि कैसे राज्य भारत को एक 'विकसित राष्ट्र' बनाने के लिए आधारशिला बन सकते हैं। मोदी ने कल की बैठक में एक महान विचार रखा था और वह चल रही क्रिकेट टीम की तरह है। मोदी ने कहा कि टीम इंडिया हमारा मार्गदर्शक सिद्धांत होना चाहिए। यानी जैसे टीम इंडिया मिलकर क्रिकेट खेलती है, वैसे ही हमें उससे कुछ सीखना चाहिए। यह विचार कि हम तभी प्रगति करेंगे जब सभी राज्य और केंद्र सरकारें अपने मतभेदों को सुलझाएं और देश के विकास के लिए मिलकर काम करें। इसे संघवाद कहा जाता है। यह विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस को स्वीकार्य नहीं है। कांग्रेस ने हमेशा यह प्रचार फैलाया है कि मोदी ने अपने समय में संघवाद को समाप्त करने का प्रयास किया है। लेकिन मोदी ने समय-समय पर साबित किया है कि यह कितना झूठा और निराधार है और उसी के अनुसार अपना व्यवहार भी रखा है। राज्यों ने देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और सभी ने देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी के इस बयान के पीछे एक मजबूत विचार है कि देश तभी विकसित हो सकता है जब राज्य का विकास हो और यह 100 प्रतिशत सच है। क्योंकि ये सच है कि देश तभी प्रगति कर सकता है जब राज्य मिलकर प्रगति करें। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हर राज्य को कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करना चाहिए जो विश्व मानक के बराबर हो। इसमें सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचे होंगे। इससे न केवल राज्य का विकास होगा बल्कि देश का विकास भी होगा और देश 2047 की ओर बढ़ेगा। यही प्रधानमंत्री मोदी का आदर्श वाक्य है और यही उनके भाषण का सार था। यदि केंद्र और राज्य इस दिशा में काम करते हैं, तो कोई भी लक्ष्य प्राप्त करने योग्य नहीं है। इसे कहते हैं एकीकृत संघवाद और यही विचार दीनदयाल उपाध्याय ने अपनी अब तक की चर्चा में सामने रखा था। लेकिन हमने कांग्रेस के नाम पर इसकी अनदेखी की। लेकिन मोदी के तहत हमने इसके महत्व को महसूस किया है और उनके विचारों को फिर से स्पष्ट करना शुरू कर दिया है। जैसा कि मोदी ने कहा, विकसित भारत हर भारतीय का सपना है और यह 140 करोड़ भारतीय लोगों की आकांक्षा है। देश को 2047 से पहले विकसित भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने एक यथार्थवादी बिंदु रखा कि सभी को विकसित भारत के निर्माण के सपने का हिस्सा बनना चाहिए। मोदी ने कहा कि देश तभी विकसित हो सकता है जब हर राज्य का विकास हो, हर नगरपालिका का विकास हो और हर ग्राम पंचायत विकसित हो। दीनदयाल उपाध्याय की सोच से क्या अलग था। मोदी को विकसित देश का निर्माण करते समय यह देखना चाहिए कि विकास के अंतिम पायदान पर खड़े हर नागरिक और हर नागरिक को विकास में उचित हिस्सा मिले। क्योंकि यह अमर्त्य सेन का विकास का दृष्टिकोण था। बेशक, प्रधानमंत्री की इस नीति आयोग की बैठक ने दलगत राजनीति, खासकर विपक्ष के विचारों और राजनीति पर भी ग्रहण लगा दिया, क्योंकि कांग्रेस ने बैठक का विरोध किया और राहुल गांधी का काम उनसे अलग है। आप इसकी उम्मीद नहीं कर सकते। लेकिन सभी मुख्यमंत्रियों ने बैठक में भाग नहीं लिया। उनके कारण जो भी हों, प्रधानमंत्री की मौजूदगी में बुलाई गई बैठक में शामिल नहीं होने के मुख्यमंत्री के साहस की संघीय सरकार को ही सराहना करनी चाहिए, क्योंकि मुख्यमंत्री को इतनी आजादी है। आखिरकार मोदी ने महिलाओं की भागीदारी का एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा बनाया। उनका कहना है कि हमें अपने कार्यबल में महिलाओं को सम्मान के साथ शामिल करना चाहिए। क्योंकि अगर महिलाओं को शामिल नहीं किया जाता है, तो विकास का कोई मतलब नहीं होगा। विकास सबका साथ विकास है। यह मोदी का आदर्श वाक्य है। तदनुसार, मोदी ने उपरोक्त की घोषणा की है। यह प्रधान मंत्री मोदी की उपलब्धि है। यानी भारत एक विकसित भारत बनने के लिए तैयार है और अब यह उसी के अनुसार आगे बढ़ेगा। विपक्षी दल कितनी भी राजनीति क्यों न करें। करें या सहयोग करें। लेकिन मोदी की बयानबाजी जारी रहेगी और भारत विकास की राह पर आगे बढ़ता रहेगा। विपक्ष को अपनी राजनीति का आनंद लेने दीजिए। कांग्रेस के जयराम रमेश ने मोदी के बारे में कहा कि यह एक अनुचित बैठक थी। लेकिन हर कोई जानता है कि रमेश के कांग्रेस शासन के दौरान योजना आयोग की बैठकें कैसे काम करती हैं। इसलिए रमेश कुछ भी कहें, मोदी और भारत का घोड़ा दौड़ता रहेगा।

# आईएमएफ की सत्ता-संरचना और भारत की अनसुनी आवाज़



नृपेन्द्र अभिषेक नृप

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की स्थापना 1944 के ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में हुई थी, एक ऐसे समय में जब द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका ने वैश्विक आर्थिक ढांचे को पूरी तरह से चरमरा दिया था। तब इसकी कल्पना एक ऐसे वित्तीय संस्थान के रूप में की गई थी जो देशों को आर्थिक संकट से उबारने और वैश्विक आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में सहायक हो। परंतु विडंबना यह है कि जिस संस्था का जन्म वैश्विक सहयोग और निष्पक्षता की भावना से हुआ था, आज वही संस्था एक राजनीतिक संतुलन और पश्चिमी देशों की शक्ति के यंत्र में परिवर्तित होती जा रही है। भारत का हालिया आईएमएफ वोट से सार्वजनिक रूप से परहेज़ करना, इस संस्थागत विसंगति की ओर स्पष्ट संकेत करता है, जो अब केवल एक देश की प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि उभरती अर्थव्यवस्थाओं की गहरी असंतुष्टि का प्रतिबिंब है। 2019 की बात करें तो जब भारत में पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद संपूर्ण देश आक्रोशित था, उसी समय आईएमएफ ने पाकिस्तान को 6 बिलियन डॉलर का राहत पैकेज स्वीकृत किया, जबकि वह एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में आतंकवादी वित्तपोषण के आरोप में दर्ज था। यह एक ऐसा क्षण था जब भारत को उम्मीद थी कि अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले देशों के प्रति कठोर रुख अपनाएँगी, लेकिन इसके विपरीत वैश्विक वित्तीय संस्थाओं ने पाकिस्तान की कमजोर विदेशी मुद्रा स्थिति को प्राथमिकता दी और आतंकवाद से जुड़ी नैतिक वास्तविकता को नजरअंदाज कर दिया। यह उस दोहरे मानदंड का एक ज्वलंत उदाहरण था, जहाँ भू-राजनीतिक समीकरण नैतिक स्पष्टता पर भारी पड़ते हैं। इतिहास ने एक बार फिर खुद को दोहराया है। पिछले सप्ताह पाकिस्तान को दिए गए 2.4 बिलियन डॉलर के ऋण पर भारत का परोक्ष विरोध यही संकेत देता है कि अब भारत जैसे देश इन वैश्विक संस्थाओं की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर विश्वास खो रहे हैं। भारत की चिंता यह है कि पाकिस्तान आईएमएफ से प्राप्त संसाधनों का उपयोग भारत विरोधी गतिविधियों में कर सकता है। लेकिन यह केवल भारत-पाक मसला नहीं है, यह उस गहरे संस्थागत दोष की ओर इशारा करता है जिसमें आईएमएफ अब भी उस शक्ति-संरचना के अनुसार कार्य करता है जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अस्तित्व में आई थी, और जिसमें उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं की आवाज को बार-बार अनदेखा किया जाता है। बोस्टन विश्वविद्यालय के ग्लोबल डिवेलपमेंट पॉलिसी सेंटर की हालिया रिपोर्ट में इस असंतुलन को विस्तार से उजागर किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, आज उभरते हुए बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं (ईएमडीईएस) वैश्विक जीडीपी का लगभग 60% उत्पन्न करती हैं, लेकिन इनका आईएमएफ में वोटिंग पावर केवल 40% है। इसके विपरीत अमेरिका और यूरोपीय देशों का प्रभुत्व असमानुपातिक है। अमेरिका अकेला ही इतना वोटिंग पावर रखता है (लगभग 16.5%) कि वह आईएमएफ की किसी भी संरचनात्मक सुधार प्रक्रिया को वीटो कर सकता है, क्योंकि महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए 85% बहुमत आवश्यक होता है। यह शक्ति असंतुलन केवल एक सांख्यिकीय विसंगति नहीं है, इसके गंभीर राजनैतिक और आर्थिक परिणाम हैं। आईएमएफ का कोटा तंत्र यानी कोटा प्रणाली, एक ऐसी पद्धति है जो किसी देश की अर्थव्यवस्था के आकार, व्यापार की खुलापन दर, विदेशी मुद्रा भंडार और आर्थिक विविधता के आधार पर उसकी स्थिति निर्धारित करती है। लेकिन वर्तमान में उपयोग में लाई जा रही गणना-पद्धति जीडीपी को मार्केट एक्सचेंज रेट पर आधारित करके विकसित देशों को प्राथमिकता देती है, जबकि विकासशील देशों की आर्थिक क्षमता को कम करके आँकती है। यदि जीडीपी को परचेजिंग पॉवर प्रायोरिटी (पीपीपी) के आधार पर मापा जाए तो भारत, इंडोनेशिया और ब्राज़ील जैसे देश कहीं अधिक प्रभावशाली दिखाई देते हैं। इसके अतिरिक्त, आईएमएफ की वोटिंग प्रणाली में एक 'बेसिक वोट' की अवधारणा भी है, जो सभी सदस्य देशों को समान रूप से दी जाती है। यह व्यवस्था इसलिए बनाई गई थी ताकि कोटा आधारित वोटिंग में संतुलन स्थापित हो सके। लेकिन समय के साथ, जैसे-जैसे सदस्य देशों की संख्या बढ़ी और विकसित देशों के कोटे में वृद्धि हुई, बेसिक वोट का अनुपातिक महत्व घटता गया। हाल के वर्षों में इसमें मामूली वृद्धि की गई है, लेकिन यह अभी भी केवल 5.5% है, जो संस्थागत असमानता को दूर करने के लिए अपर्याप्त है। इस स्थिति में भारत का वोटिंग पावर उसकी वास्तविक आर्थिक स्थिति की तुलना में बहुत कम है। उपर्युक्त रिपोर्ट का अनुमान है कि यदि कोटे का पुनर्संरेखण निष्पक्ष तरीके से किया जाए, तो भारत को 0.9 प्रतिशत अतिरिक्त वोटिंग पावर प्राप्त हो सकता है, जो उसे नीतिगत निर्णयों में अधिक प्रभावशाली बना सकता है। वर्तमान व्यवस्था में, एक देश के वीटो अधिकार के कारण दर्जनों विकासशील देशों की सामूहिक इच्छा अप्रभावी हो जाती है। 2023 में हुई आईएमएफ की 16वीं जनरल कोटा समीक्षा एक अवसर था जब इस असंतुलन को सुधारा जा सकता था, लेकिन इसके बजाय केवल कुल कोटा राशि में आनुपातिक वृद्धि की गई, जिससे शक्तिसंतुलन जस का तस बना रहा। अब 2025 में प्रस्तावित 17वीं समीक्षा एक और अवसर प्रदान करती है, जहाँ इस व्यवस्था में सार्थक सुधार लाया जा सकता है। इसमें पीपीपी आधारित जीडीपी का अधिक वज़न, आर्थिक खुलापन की परिभाषा में सुधार, और गरीब देशों की भागीदारी को बढ़ावा देना जैसे कदम उठाए जाने की सख्त ज़रूरत है। भारत आज एक तेजी से उभरती हुई आर्थिक शक्ति है, जिसकी आवाज़ विश्व मंच पर सुनी जाती है। जी20, बीआरआईसीएस और एससीओ जैसे मंचों पर भारत की भूमिका सक्रिय और निर्णायक रही है।

ऐसे में भारत आईएमएफ जैसे संस्थानों में सुधार की वैश्विक मुहिम का नेतृत्व कर सकता है। यह तर्क दिया जा सकता है कि वोटिंग शक्ति का पुनर्वितरण चीन जैसे देशों को अधिक ताकत देगा और इससे भारत को कोई प्रत्यक्ष लाभ नहीं मिलेगा। लेकिन यह तर्क नैतिक रूप से अधूरा है। सही निर्णय केवल संभावित परिणामों के आधार पर नहीं, बल्कि सैद्धांतिक न्याय के आधार पर लिए जाने चाहिए। यहाँ प्रश्न यह नहीं है कि पाकिस्तान को आईएमएफ की सहायता मिलनी चाहिए या नहीं। मूल प्रश्न यह है कि निर्णय किस आधार पर लिया गया? किसकी आवाज़ महत्वपूर्ण मानी गई और किसकी उपेक्षा हुई? जब तक आईएमएफ अपनी संरचना को इस तरह नहीं बदलता कि वह आज की वैश्विक आर्थिक सच्चाईयों को प्रतिबिंबित करे, तब तक वह उन देशों का विश्वास खोता रहेगा जिनकी सहायता के लिए उसका निर्माण हुआ था।

# हनी ट्रैप के जाल में फंस कर देश के साथ गद्दारी!



मनोज कुमार अग्रवाल

दुश्मन देश अपने विरोधी देशों की जासूसी के लिए हनी ट्रैप का इस्तेमाल करते है। भारत में हनी ट्रैप के कई मामले सामने आए हैं। लेकिन अब विदेशी एजेंसियों द्वारा भारतीय युवाओं को आसानी से सुविधा पर्यटन का खर्चा विपरीत सैक्स के आकर्षण से लव एंगल बना कर जासूसी के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। ताज़ा मामला यू-ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का इन दिनों सुर्खियों में है इसमें पूर्व हमारी आईएफएस अधिकारी माधुरी भी पाकिस्तान में कथित तौर पर एक मुस्लिम के जाल में फंस कर धर्मपरिवर्तन कर जासूसी करने मे शामिल रहीं है। समझना होगा कि खासकर युवतियां क्यों हो जाती हैं पाकिस्तानी हनी ट्रैप का शिकार? आप जानते हैं कि सोशल मीडिया के इस दौर में लोगों के पास अपने अकेलेपन को दूर करने का एक तरीका ऑनलाइन चैटिंग, वीडियो कॉल वगैरा भी है। कुछ युवा नए दोस्त बनाने के चक्कर में तो कुछ अकेलापन दूर करने और कुछ पैसों और सुविधा के लिए जाने अनजाने में इस घिनौने खेल में शामिल हो जाती हैं और जब तक उन्हें पता चलता है कि वह किसी देश के दुश्मन के शिकंजे में फंस गयीं हैं तब देर हो चुकी होती है न तो उनमे इतना साहस होता है कि वह देश की एजेंसियों के सामने सच बता कर सरेंडर कर सके दरअसल उनको स्लीपर सेल बनाने वाले इतना दबाव बना कर मनोबल तोड़ देते हैं कि यदि उन्होंने जरा भी जाल से बाहर निकलने की कोशिश की तो वह सारी जिंदगी जेल में रहेंगी। ऐसे में जाल में फंसी महिलाओं को विदेशी एजेंसियों के इशारे पर काम करने के अलावा कोई रास्ता नहीं रहता है। हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा फिलहाल पुलिस हिरासत में है, जिससे पूछताछ की जा रही है। जिसमें देश की संवेदनशील सूचनाओं के आदान प्रदान का मामला जाहिर हो रहा है यह युवती पाकिस्तान बांग्लादेश आदि की यात्रा कर चुकी है। इस आरोपी को हिसार स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, और अदालत ने पूछताछ के लिए उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। यह गिरफ्तारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े जासूसी नेटवर्क के खिलाफ देश की सुरक्षा एजेंसियों की तेज कार्रवाई के फलस्वरूप हुई है। इससे पहले एक महिला समेत दो लोगों को पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पंजाब के मलेरकोटला से गिरफ्तार किया गया था। वे भी पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात कुछ अधिकारियों के संपर्क में थे। हरियाणा के कैथल जिले के गुहला में भी एक युवक को जासूसी के आरोप में दबोचा गया है। ये तमाम गिरफ्तारियां इस लिहाज से चौंकाने वाली है कि आरोपी स्लीपर के रूप में मौजूद थे और समाज में इस कदर सक्रिय थे कि उन पर पहली नजर में शक होना तक संभव नहीं था। ये पाकिस्तान उच्चायोग के कुछ अधिकारियों के जाल में फंसे तो लालच के चलते फंसे। चाहते थे कि इस प्रकार मिलने वाले धन से ऐश की जिंदगी जी जाए। धन कमाने की लालसा होना कोई अपराध नहीं है, लेकिन इस लालसा के वशीभूत होकर देश विरोधी नेटवर्क से जुड़ जाना अक्षम्य अपराध है। आरोपी ज्योति के यूट्यूब चैनल के 3.77 लाख सब्सक्राइबर हैं, लेकिन शानो-शौकत की जिंदगी जीने की इच्छा ने उसे कानून के शिंकजे में धकेल दिया। वह पाकिस्तान के अलावा कई दूसरे देशों में भी घूम-फिर चुकी है। उसके मोबाइल फोन में पाकिस्तान उच्चायोग के अधिकारियों के नंबर मिले हैं, जिनसे वह निरंतर संपर्क में रहती थी और देश की महत्वपूर्ण जानकारी और सूचनाएं उन तक पहुंचा रही थी। हैरान करने वाली बात यह है कि वह देशभक्ति का लबादा ओढ़ कर अपनी करतूतों को अंजाम दे रही थी। इन लोगों की गिरफ्तारियां भारतीय एजेंसियों की यकीनन बड़ी सफलता है, परंतु जरूरी है कि इनके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाए। उन लोगों तक भी पहुंचा जाए जिनके ये लोग संपर्क में थे। यह काफी बड़ा जाल हो सकता है। सुरक्षा एजेंसियों की इस कार्रवाई ने न केवल जासूसी के नए-नए तरीकों को उजागर किया, बल्कि यह भी दिखाया कि कैसे सोशल मीडिया जैसे प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल खतरनाक मंसूबों के लिए हो रहा है। हरियाणा के हिसार की ज्योति मल्होत्रा से लेकर पंजाब के मलेरकोटला के युवाओं तक, ये जासूस हनीट्रैप, मैसेजिंग ऐप्स और व्यक्तिगत यात्राओं के जाल में फंसाए गए। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार यह जासूसी नेटवर्क विशेष रूप से 20-30 आयु वर्ग के युवाओं को निशाना बनाता था, जो सोशल मीडिया पर सक्रिय थे। इनमें से कई लोग अनजाने में जाल में फंस गए, जबकि कुछ को पैसे और अन्य प्रलोभनों ने लालच में डाला। उदाहरण के लिए, ज्योति मल्होत्रा को कथित तौर पर एक फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल के जरिए हनीट्रैप में फंसाया गया, जिसके बाद वह संवेदनशील जानकारी साझा करने लगीं।

# पाकिस्तान परस्ती के पीछे क्या है अमेरिकी कूटनीति




डॉ ब्रजेश कुमार मिश्र

22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसारन घाटी में पाँच सशस्त्र उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले के बाद से ही भारत-पाक के संबंध ऐतिहासिक रूप से सबसे नाजुक मोड़ पर पहुँच गए। भारत द्वारा अपनी वायुसेना के माध्यम से 6-7 मई 2025 की रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई। इसमें प्रतिबंधित आतंकी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिज्बुल मुजाहिदीन के मुख्यालयों को निशाना बनाकर विशेष कार्रवाई की गई। इसमें मरकज़ सुब्हान अल्लाह, बहावलपुर –जैश-ए-मोहम्मद का ठिकाना, मरकज़ तैयबा, मुरिदके – लश्कर-ए-तैयबा का मुख्यालय, सरजल, टेहड़ा कलां – जैश-ए-मोहम्मद का अड्डा, महमूना जोया, सियालकोट – हिज्बुल मुजाहिदीन का ठिकाना, मरकज़ अहले हदीस, बरनाला – लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा, मरकज़ अब्बास, कोटली – जैश-ए-मोहम्मद का केंद्र, मस्कर रहील शहीद, कोटली – हिज्बुल मुजाहिदीन का प्रशिक्षण शिविर शवाई नाला कैंप, मुजफ्फराबाद – लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी शिविर और सैयदना बिलाल कैंप, मुजफ्फराबाद – जैश-ए-मोहम्मद का संचालन केंद्र सम्मिलित था। इसके बाद पाकिस्तान की तरफ से भारत के ख़िलाफ़ ऑपरेशन 'बुनयान अल मरसूस' शुरू किया गया। दोनों ने ही एक-दूसरे के ड्रोन और मिसाइल मार गिराने का दावा किया। नियंत्रण रेखा पर भी भारी गोलाबारी हुई। जब यह संघर्ष युद्ध की तरफ बढ़त दिख रहा था तभी 10 मई की शाम 5 बजे दोनों देशों ने सभी तरह की सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा कर दी। इस सीजफायर को लेकर अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के गलियारों में एक बहस छिड़ी की आखिर सीजफायर हुआ कैसे? डोनाल्ड ट्रम्प के द्वारा एक के बाद एक दावे किए गए कि इसमें अमेरिका की बड़ी भूमिका है।

पाकिस्तान की तरफ से भी इसका समर्थन किया गया, हालांकि भारत सरकार ने इसका खंडन किया। बहरहाल सीजफायर किन परिस्थियों में हुआ, यह एक गूढ प्रश्न तो है ही, साथ ही एक विशेष प्रश्न यह भी है कि लगभग तीन दिन तक चले इस संघर्ष के दौरान अमेरिका का रूख पाकिस्तान परस्त क्यों था? दूसरे शब्दों में सब कुछ जानते बूझते अमेरिका का रुझान पाकिस्तान की ओर क्यों है? यह प्रश्न बड़ा ही संजीदा है और इसका जवाब तारीख(इतिहास) में देखने को मिलेगा। पाकिस्तान जब एक अलग मुल्क बना, तभी उसने भारत के विपरीत अमेरिकी ब्लाक से अपने सम्बन्ध स्थापित करने शुरू कर दिए और वह सीटो का सदस्य बन गया। इसका उसे फायदा भी मिला. चूंकि अफगानिस्तान में सोवियत संघ का हस्तक्षेप बढा तो उसे काउंटर करने के मद्देनजर पाकिस्तान को अमेरिका ने हथियार और पैसा देना आरम्भ किया। यहीं से मुजाहिदीन और बाद में तालिबान का जन्म हुआ। संगठन ने अफगानिस्तान को सोवियत रूस से मुक्त कराया और खुद सोवियत रूस का विघटन हो गया। अमेरिका ने पाकिस्तान की फंडिंग बंद कर दी। 9/11 के बाद अमेरिका ने अफगानिस्तान में हस्तक्षेप किया और फिर पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के निमित्त फंड देना शुरू कर दिया।

# कहां से कहां तक



डॉ टी महादेव राव

भैया ! आपको पता है अपने शहर के सांसद का बेटा विधायक बन गया है उप चुनाव में?

उसके लक्षण पहले से ही गुंडागर्दी, अगुवा करने, पैसा वसूली, तोड़फोड़ जैसे कई मामले देखते हुए मुझे इसका एहसास हो गया था कि यह राजनीति में जायेगा। पूत के पांव पालने में जो दिखते हैं। लेकिन भैया !आपको याद होगा पिछले वर्ष उसे अपने घर की नौकरानी की बेटी से जबरन शादी करनी पड़ी। उसे भी बड़े त्याग और गरीबों पर एहसान कहते हुए इसके पापा सांसद ने काफी लोकप्रियता हासिल की है। हर अपराध और कुकृत्य को अपने पक्ष में मोड़ने में इसके पापा पुराने पापी जो हैं। अब एक ही घर से सांसद और विधायक। कल को कोई मंत्री भी बन जाए तो आश्चर्य नहीं। पापा सांसद को जब अपनी लोकप्रियता कम होती या घटती नजर आती है तो कोई न कोई ऐसी घटना हो जाती है या सांसद जी करवाते हैं अपने गुर्गों से कि वे फिर लाइम लाइट में आ जाते हैं। लोग इस तरह सहानुभूति और दया कब तक दिखाते रहेंगे? अब तो बंदर के हाथ में ब्लेड जैसी हालत होगई पुत्र विधायक की। पहले बेलगाम घोड़े सा बड़ी धमाचौकड़ी लगाता था। अब सत्ता में आने से छूटे हुए सांड हो जायेगा। राजनीति मदिरा सा असर करती है। सत्ता कहां से कहां तकमिली तो आदमी मद्यप यानी शराबी सा व्यसनी हो जाता है। पहले से ही नीम हैं उस पर करेला यानी सोने पे सुहागा। नेता कौआ गरीब के कान लेकर भागा वाली हालत है। लेकिन तुम सुबह सुबह मानवों को छोड़कर दानवों पर क्यों ध्यान केंद्रित कर रहे हो छोटू !उसका कारण है भैया! जो काम वाली बाई की लड़की सांसद की बहू बनी है, उनकी माता जी ने सारे कामवाली बाइयों की यूनियन बनाई है और अब सारे काम वालियों को इस माह से डबल पैसा देने की बात पर चमका रही है, धमका रही है। विधायक की सास और सांसद की समधन होने से लोग कुछ नहीं कर पा रहे हैं। रूपा और मैं डबल पैसा देकर अपने बजट को डगमगाने से बचाने की कोशिश में हैं। अच्छा तो यह मामला है! देखा! राजनीति की जड़ें जहां से कहां तक पसर जाती हैं। सारे फ्लैट के लोग मना कर दो। आखिर एक सौ फ्लैटों का तुम्हारा अपार्टमेंट है न? ऐसी एकता होती तो क्या बात थी? ऐसी नौबत आती ही नहीं। आधे लोग ऑलरेडी डबल पैसा देकर काम करवा रहे हैं। सूझ नहीं रहा क्या करूं? एक तो गलत चयन। दूसरा हर हालत में खामोश रहना। इन सबकी वजह से मुसीबतें तो आएंगी ही। अब बताओ किससे शिकायत करोगे? अच्छा यही होगा कि तकलीफ तो होगी लेकिन अपना काम खुद ही कर लिया करो। नो अदर चॉइस।

# शनि जयंती के मौके पर इन चीजों का करें दान



शनि जयंती के पर्व भगवान शनि देव की कृपा प्राप्त करने के लिए विशेष रूप से शुभ माना जाता है। यदि आप शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या, या किसी अन्य शनि दोष से पीड़ित हैं, तो इस दिन कुछ विशेष चीजों का दान करने से आपके सभी कष्ट दूर हो सकते हैं।

ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को शनि जयंती मनाई जाती है, जो इस वर्ष 27 मई 2025, मंगलवार को है। यह दिन भगवान शनि देव के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है और उनकी कृपा प्राप्त करने के लिए विशेष रूप से शुभ माना जाता है। यदि आप शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या, या किसी अन्य शनि दोष से पीड़ित हैं, तो इस दिन कुछ विशेष चीजों का दान करने से आपके सभी कष्ट दूर हो सकते हैं। यहां शनि जयंती के अवसर पर दान करने योग्य कुछ प्रमुख वस्तुएं दी गई हैं। ज्योतिष शास्त्र में शनि देव को विशेष स्थान दिया गया है। शनि न्यायाधीश हैं, वे लोगों को कर्मों के अनुसार फल देते हैं।

### इन चीजों का करें दान

काले तिलः काले तिल शनि देव को अत्यंत प्रिय हैं और उन्हें दान करने से शनि के नकारात्मक प्रभाव कम होते हैं। यह दुर्भाग्य को दूर करता है और घर में शांति व समृद्धि लाता है। किसी गरीब, जरूरतमंद व्यक्ति को या शनि मंदिर में दान करें।

उड़द की दाल **(विशेषकर काली उड़द)**: काली उड़द भी शनि से संबंधित मानी जाती है। इसका दान करने से आर्थिक परेशानियां दूर होती हैं, धन-धान्य में वृद्धि होती है और शनि देव प्रसन्न होते हैं। गरीबों को, विशेषकर शनि मंदिर के बाहर बैठे लोगों को, या किसी जरूरतमंद परिवार को।

**सरसों का तेलः** सरसों का तेल शनि देव को अत्यंत प्रिय है। शनि जयंती पर सरसों के तेल का दान करने और शनि मंदिर में दीपक जलाने से शनि देव शांत होते हैं और उनकी कृपा प्राप्त होती है। यह स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को भी दूर करता है। शनि मंदिर में या किसी गरीब को दान करें।

**काले वस्त्रः** काले वस्त्र शनि देव की ऊर्जा और प्रभाव का प्रतिनिधित्व करते हैं। काले वस्त्रों का दान करने से शनि देव शीघ्र प्रसन्न होते हैं और शनि के शुभ फल प्राप्त होते हैं। यह अटके हुए कार्यों को भी पूरा करने में मदद करता है। किसी निर्धन या असहाय व्यक्ति को दान दें।

**लोहे की वस्तुएंः** लोहा शनि का धातु है। लोहे से बनी वस्तुओं का दान करने से शनि देव प्रसन्न होते हैं और सभी कष्टों को दूर करते हैं। लोहे के बर्तन या अन्य कोई लोहे की वस्तु किसी गरीब को दान करें।

**जूते या चप्पलः** शनि जयंती पर जूते या चप्पल का दान करना बहुत शुभ माना जाता है। इससे शनि से संबंधित कष्ट दूर होते हैं और जीवन की बाधाएं कम होती हैं। किसी जरूरतमंद व्यक्ति को दान करें, विशेषकर जो नंगे पैर हो।

### दान का महत्व

दान हमेशा अपनी सामर्थ्य और पूर्ण श्रद्धा भाव से करें। दान को गुप्त रखना अधिक पुण्यकारी माना जाता है। दान ऐसे व्यक्ति को करें जिसे वास्तव में उसकी आवश्यकता हो। दान के साथ-साथ अपने कर्मों को शुद्ध रखें, ईमानदारी से जीवन जिएं और किसी को कष्ट न दें। शनि जयंती पर इन चीजों का दान करने से शनि देव की कृपा प्राप्त होती है और जीवन में आने वाले सभी कष्टों और बाधाओं से मुक्ति मिलती है।

# एक छोटी सी मदद ने रच दिया किस्मत का इतिहास

एक जरूरतमंद लड़का स्कूली पढ़ाई के खर्चे पूरे करने के लिए घर-घर जाकर सामान बेचा करता था। एक दिन ऐसा हुआ कि कोई सामान नहीं बिका और उसे जोरों की भूख लगी थी। उसने सोचा कि अब जो अगला घर आएगा, वहां पर कुछ खाने के लिए मांगेगा। वह एक घर के पास पहुंचा और घंटी बजाई। एक लड़की ने दरवाजा खोला। उसने हड़बड़ी में लड़की से खाने की जगह एक गिलास पानी मांगा। लड़की अंदर गई और पानी की जगह एक गिलास दूध लेकर आई। लड़के ने दूध पी लिया। लड़के ने पूछा कि एक गिलास दूध के कितने पैसे हुए?लड़की ने कहा कि दया का कोई मूल्य नहीं होता है। इस पर लड़के ने उसे धन्यवाद किया। दूध पीने के बाद उसके शरीर में ऊर्जा का संचार हुआ। उसे लगा कि दुनिया में भगवान और इंसान दोनों ही हैं। कई वर्षों के बाद अचानक वह लड़की बीमार हो गई। उसे शहर के बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसे देखने के लिए डॉक्टर होवार्ड केली को संदेश भेजा गया।

उस लड़की के कस्बे का नाम सुनकर डॉक्टर केली एकदम से चौंक गए। तुरंत सीट से उठे और उस लड़की के पास गए।

उसे देखकर वह पहचान गए। उन्होंने उस लड़की का इलाज किया, जिससे उसकी जान बच गई। डॉ. केली वही लड़के थे, जिसे कई साल पहले उस लड़की ने एक गिलास दूध दिया था।

# क्रोधी व्यक्ति का जीवन बदल देगी गौतम बुद्ध की ये कथा

एक दिन गौतम बुद्ध अपने शिष्यों के साथ एकदम शांत बैठे हुए थे। उन्हें इस प्रकार बैठे हुए देख शिष्य चिंतित हुए कि कहीं वह अस्वस्थ तो नहीं हैं। एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आज वह मौन क्यों बैठे हैं, क्या शिष्यों से कोई गलती हो गई है ?

इसी बीच एक अन्य शिष्य ने पूछा कि क्या वह अस्वस्थ हैं, पर बुद्ध मौन रहे। तभी कुछ दूर खड़ा व्यक्ति जोर से चिल्लाया, ''आज मुझे सभा में बैठने की अनुमति क्यों नहीं दी गई है ?''बुद्ध आंखें बंद करके ध्यान मग्न हो गए। वह व्यक्ति फिर से चिल्लाया, ''मुझे प्रवेश की अनुमति क्यों नहीं मिली ?''इसी बीच एक उदार शिष्य ने उसका पक्ष लेते हुए कहा कि उसे सभा में आने की अनुमति प्रदान की जाए। बुद्ध ने आंखें खोलीं और बोले, ''नहीं वह अछूत है उसे अज्ञा नहीं दी जा सकती।''

यह सुन कर शिष्यों को बड़ा आश्चर्य हुआ। बुद्ध उनके मन का भाव समझ गए और बोले, ''हां, वह अछूत है।''

इस पर कई शिष्य बोले, ''हमारे आश्रम में जात-पात का कोई भेद ही नहीं, फिर वह अछूत कैसे हो गया ?''तब बुद्ध ने समझाया, ''आज वह क्रोधित होकर आया है। क्रोध से जीवन की एकाग्रता भंग होती है। क्रोधी व्यक्ति प्रायः मानसिक हिंसा कर बैठता है, इसलिए जब तक वह क्रोध में रहता है तब तक अछूत होता है। इसलिए उसे कुछ समय एकांत में खड़े रहना चाहिए।''

क्रोधित शिष्य भी बुद्ध की बातें सुन रहा था, पश्चाताप की अग्नि में तप कर वह समझ चुका था कि अहिंसा ही मनुष्य का महान कर्तव्य व परम धर्म है।

वह बुद्ध के चरणों में गिर पड़ा और कभी क्रोध न करने का प्रण लिया।

# ये 4 तस्वीरें खोल सकती हैं आपके किस्मत का ताला

## घर की दीवारों पर लगाएं और दूर करें पैसे की तंगी



हम सभी चाहते हैं कि हमारे जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहे और पैसा कभी न रुके। इसके लिए लोग मेहनत तो करते ही हैं, साथ ही कुछ खास उपाय भी अपनाते हैं जो उनके भाग्य को आगे बढ़ाने में मदद करते हैं। ऐसा ही एक तरीका है घर या ऑफिस में कुछ खास तस्वीरें लगाना जो सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देती हैं और धन आगमन के रास्ते खोलती हैं। आइए जानते हैं चार ऐसी तस्वीरों के बारे में, जिन्हें सही दिशा में लगाने से आपको आर्थिक रूप से बड़ा फायदा हो सकता है।

### उत्तर दिशा में हरियाली वाले नजारे (ग्रीन लैंडस्केप्स)

अगर आप अपने घर की उत्तर दिशा में पेड़-पौधों या हरियाली वाले सुंदर नजारे की तस्वीर लगाते हैं, तो यह आपके जीवन में नए मौकों को बुलावा देती है। ऐसी तस्वीरें घर में सकारात्मकता फैलाती हैं और आर्थिक रूप से आगे बढ़ने में मदद करती हैं। यह चित्र नौकरी, व्यापार या करियर में प्रगति का रास्ता खोल सकते हैं।

### पश्चिम दिशा में ऊंची इमारतों की तस्वीर

अगर आप पश्चिम दिशा में ऊंची इमारतों जैसे बड़ी बिल्डिंग्स की तस्वीर लगाते हैं, तो यह आपको स्थिरता और धन लाभ देती है। यह संकेत करता है कि आप अपने जीवन में ऊंचाइयों को छू सकते हैं और मजबूत आधार बना सकते हैं। व्यापार करने वालों के लिए यह दिशा और तस्वीर विशेष रूप से लाभकारी मानी जाती है।

### दक्षिण-पूर्व दिशा में पैसे से जुड़ी तस्वीरें

साउथ-ईस्ट दिशा को धन और ऊर्जा की दिशा माना जाता है। इस दिशा में आप मनी ट्री, सिक्के या नोटों की तस्वीर, या किसी ऐसे चित्र को लगा सकते हैं जिसमें पैसा दर्शाया गया हो, ये तस्वीरें आपके जीवन में आर्थिक वृद्धि का संकेत देती हैं और धन की स्थिरता बनाए रखने में मदद करती हैं।

### दक्षिण-पश्चिम में मालिक की या अपनी तस्वीर

घर की साउथ-वेस्ट दिशा में अगर आप अपने या परिवार के प्रमुख व्यक्ति की फोटो लगाते हैं, तो यह जगह आपके जीवन में स्थिरता और आत्मविश्वास लाती है। साथ ही इससे धन में बढ़त होने की संभावना भी बढ़ जाती है। यह चित्र घर या व्यवसाय की नींव को मजबूत करता है।

# महाभारतः कितना बड़ा था कृष्ण का सुदर्शन चक्र



क्या आपको मालूम है कि भगवान कृष्ण जो सुदर्शन चक्र रखते थे, उसका आकार क्या था, वो कितना बड़ा था। और कब कैसे गायब हो गया। वैसे भारतीय सेना के पास भी एक हथियार ऐसा है, जिसको वो सुदर्शन चक्र कहती है। हालांकि अगर साइंस की बात करें तो वो अब तक ऐसा कोई शस्त्र विकसित नहीं कर पाई,ये क्यों इतना मुश्किल है, ये भी बताएंगे।

भगवान कृष्ण अपने दाएं हाथ में एक ऐसा शस्त्र रखते थे, जो उनकी अंगुली पर टिका होता था। कृष्ण अक्सर सुदर्शन चक्र को अपनी छोटी उंगली या तर्जनी पर धारण किए दिखाए जाते हैं। ये तेजी से घूमता रहता था। जब कृष्ण चाहते थे तो ये उनके पास आ जाता था और वो इसका इस्तेमाल जिसके खिलाफ करना चाहते थे, वो घूमता हुए उसके पास जाता था और उसका खात्मा करके वापस लौट आता था। कुल मिलाकर ये ऐसा दिव्य शस्त्र था, जो उनकी इच्छा से चलता था। फिर काम करने के बाद उन्हीं के पास वापस लौट आता था।

### ये छोटा भी हो जाता था और बड़ा भी

सुदर्शन चक्र को हिंदू शास्त्रों में असाधारण गुणों वाले दिव्य चक्र के रूप में वर्णित किया गया है। इसका आकार रहस्यमय और बदलने वाला बताया गया है।

किंवदंतियों के अनुसार, सुदर्शन चक्र इतना छोटा हो सकता है कि यह तुलसी के पत्ते की नोक पर फिट हो जाए, फिर भी यह इतना बड़ा हो सकता है कि यह पूरे ब्रह्मांड को अपने में समाहित कर ले।

### कोई आकार नहीं, किस धातु का था

शास्त्रों में इसका कोई निश्चित आकार नहीं बताया गया है; इसका आकार परिस्थिति या भगवान कृष्ण की इच्छा के अनुसार बदलता रहता है। ऋग्वेद, महाभारत और पुराण जैसे हिंदू शास्त्रों में सुदर्शन चक्र को अपार शक्ति वाले दिव्य हथियार के रूप में बताया गया है। शास्त्रों में कहा गया है कि ये गोल आकार वाला दांतेदार और चांदी या लोहे की धातु का था।

### हमेशा गति में रहता था

चक्र को अक्सर निरंतर गति में दिखाया जाता है। भगवद गीता के ग्यारहवें अध्याय में, जब कृष्ण अर्जुन को अपना ब्रह्मांडीय रूप दिखाते हैं, तो चक्र एक ऐसे दृश्य के हिस्से के रूप में प्रकट होता है, तब ये इतना विशाल और चमकीला होता है कि अर्जुन उसका अंत, मध्य या आरंभ नहीं देख पाते हैं।

### कृष्ण के पास कब तक रहा

शास्त्रों के अनुसार, भगवान कृष्ण ने अपने अवतार काल में सुदर्शन चक्र का कई बार उपयोग किया, जैसे शिशुपाल वध, द्रौपदी की रक्षा आदि में। भविष्य पुराण के अनुसार, श्रीकृष्ण के देह त्यागने के बाद सुदर्शन चक्र अदृश्य हो गया।

### महाभारत में ये कब कब चला

– महाभारत में युधिष्ठिर के राजसूर्य यज्ञ के दौरान जब शिशुपाल ने बार-बार श्रीकृष्ण का अपमान किया। सौ अपराध पूरे कर दिए, तब कृष्ण ने सभा में सुदर्शन चक्र चलाकर शिशुपाल का वध किया।

– अर्जुन ने प्रतिज्ञा की थी कि यदि सूर्यास्त से पहले जयद्रथ का वध न कर सके तो वह अग्नि में प्रवेश कर जाएंगे। युद्ध के अंतिम क्षणों में श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र से सूर्य को आंशिक रूप से ढक दिया, जिससे सभी को सूर्यास्त का भ्रम हुआ। जैसे ही जयद्रथ सामने आया, कृष्ण ने चक्र हटा लिया। अर्जुन ने जयद्रथ का वध कर दिया। यहां सुदर्शन का प्रयोग सूर्य को छिपाने के लिए किया गया था, न कि प्रत्यक्ष वध के लिए।

– कर्ण जब महाभारत के युद्ध में अर्जुन पर ब्रह्मास्त्र चलाने वाला था, तब उसे रोकने के लिए भी श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र का चलाने का आभास दिया, जिससे कर्ण विचलित हुआ। तब ना केवल अर्जुन बचा बल्कि उसको तीर चलाने का अवसर भी मिला।

– श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र का उपयोग कई बार द्वारका की रक्षा के लिए भी किया, जैसे बाणासुर के साथ युद्ध में।

### क्या है सुदर्शन चक्र की कहानी

सुदर्शन चक्र की भी अपनी एक कहानी है। ये मूलतौर पर भगवान विष्णु का दिव्य शस्त्र है, जिसे उन्होंने शिव की तपस्या करके पाया था। कथा के अनुसार, जब असुरों ने देवताओं को पराजित कर दिया, तब विष्णु ने भगवान शिव की घोर तपस्या की। शिव ने प्रसन्न होकर उन्हें सुदर्शन चक्र प्रदान किया, जिससे विष्णु ने असुरों का वध किया। देवताओं को स्वर्ग लौटाया।

### पांच देवताओं ने इसे धारण किया

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सुदर्शन चक्र सबसे पहले भगवान विष्णु को दिया गया। इसके बाद ये दिव्य शस्त्र अग्नि देव, वरुण देव, भगवान परशुराम और अंत में भगवान कृष्ण तक पहुंचा। इस प्रकार, मुख्य रूप से पांच देवताओं ने इसे धारण किया – शिव, विष्णु, अग्नि, वरुण, परशुराम और कृष्ण।

इसका बनना और चलना एक रहस्य जैसा

विज्ञान ने अब तक कृष्ण के सुदर्शन चक्र जैसा कोई हथियार नहीं बनाया है, जो शास्त्रों में वर्णित उसकी दिव्य और रहस्यमयी क्षमताओं के बराबर हो। सुदर्शन चक्र शास्त्रों में एक ऐसा अस्त्र है, जो लक्ष्य का पीछा करता है, अचूक है, अपने उद्देश्य को पूरा करने के बाद ही लौटता है, इसके बनने और चलाने का विज्ञान आज भी रहस्य ही है।

# गेहूं पिसवाने के लिए सबसे ज्यादा शुभ दिन कौन? घर में बरकत का क्या है इससे संबंध




सनातन धर्म में ज्योतिष की तरह वास्तु शास्त्र का भी बहुत महत्व है। इसलिए घर में रखी हर चीज पर वास्तु नियम लागू होता है। यही नहीं, इसके जरिए जीवन में होने वाली घटनाओं की जानकारी होती है। इनसे बचने के लिए जरूरी नियमों का पालन कर परेशानी को दूर करते हैं। यही नहीं, आपको जानकार हैरानी होगी कि, हमारे खानपान में काम आने वाले आटे पर वास्तु का प्रभाव होता है। इसलिए ज्योतिष आचार्य शुभ दिन गेहूं पिसवाने की सलाह देते हैं। ऐसा करने से न सिर्फ जीवन में आ रही समस्याओं को दूर किया जा सकता है, बल्कि आर्थिक तंगी से भी छुटकारा मिल सकता है। अब सवाल है कि आखिर गेहूं पिसवाने के लिए सबसे शुभ दिन कौन हैं? आइए जानते हैं इस बारे में-

### गेहूं पिसवाने के सबसे शुभ दिन

कई लोग गेहूं को किसी भी दिन पिसवा लेते हैं। लेकिन, ऐसा करना आपके लिए गलत साबित हो सकता है। ऐसी स्थिति आपको कई परेशानियों का शिकार होना पड़ सकता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, गेहूं पिसवाने के लिए सोमवार या शनिवार का दिन सबसे शुभ माना जाता है।

चक्की पर गेहूं पिसवाने जाते समय तुलसी के ग्यारह पत्ते भी उसमें डाल दें। इसके अलावा, एक लाल थैली में केसर के 2 पत्ते और थोड़े से गेहूं डालकर मंदिर में रखकर फिर इन्हें भी पिसवाने वाले गेहूं में मिला दें। ऐसा करने से घर में लक्ष्मी का वास होगा, जिससे धन में बरकत होगी।

### गेहूं के आटे में हल्दी क्यों मिलाएं

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यदि आपके पास पैसा आ रहा है लेकिन ठहरता नहीं है तो इसके लिए गेहूं के आटे में थोड़ी सी हल्दी मिलाएं। अब इस आटे को गुरुवार के दिन किसी गाय को खिला दें। इस उपाय से आपके पास धन ठहरने लगेगा। घर में पसरी नकारात्मक ऊर्जा खत्म हो जाएगी। धन आगमन के स्रोत बढ़ेंगे। नियमित रूप से आप चीटियों को भी आटा खिला सकते हैं।

### आर्थिक तंगी दूर करने का उपाय

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यदि आप आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं आपके पास पैसा नहीं टिकता है और घर में अक्सर अनबन बनी रहती है तो गेहूं का आटा पिसवाने से पहले उसमें 100 ग्राम काले चने, 100 ग्राम तुलसी और दो रेशे केसर के डाल दें। इन सबको मिक्स करके शनिवार के दिन ही पिसवाएं। इस आटे का उपयोग रोटी बनाने में करें और इस भोजन को घर के सभी सदस्य ग्रहण करें।

### भूखे को भोजन कराने के लाभ

जिन व्यक्तियों को लाख प्रयत्न करने पर भी स्वयं का मकान न बन पा रहा हो, वे प्रत्येक शुक्रवार को नियम से किसी भूखे को भोजन कराएं और रविवार के दिन गाय को गुड़ खिलाएं। ऐसा नियमित करने से अपनी अचल सम्पति बनेगी या पैतृक सम्पति प्राप्त होगी। अगर सम्भव हो तो प्रातःकाल स्नान-ध्यान के पश्चात निम्न मंत्र का जाप करें। "ॐ पद्मावती पद्म कुशी वज्रवज्रांपुशी प्रतिब भवंति भवंति।।

# 1100 साल पुराना भट बावड़ी गणेश मंदिर



अजमेर। ब्रह्मा नगरी पुष्कर में बूढ़ा पुष्कर रोड पर 1100 साल वर्ष प्राचीन भगवान गणेश का प्राचीन मंदिर मौजूद है, जिसे भट बावड़ी गणेश मंदिर के नाम से जाना जाता है। यह मंदिर पुष्कर ही नहीं बल्कि दूर- दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। इस मंदिर की पौराणिक मान्यता है कि जिन लोगों के मांगलिक कार्यों में कोई रुकावट आती है, वे लगातार तीन बुधवार इस मंदिर में आकर भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करते हैं। इससे उनकी अड़चनें दूर हो जाती हैं और रुके हुए कार्य पूरे होते हैं।

मंदिर के पास एक बावड़ी है जिसका निर्माण गुर्जरों के राजा नाग भट्ट ने कराया था। उसके बाद गणेश मंदिर का निर्माण मंडोर के राजा नाहर राव ने लगभग 1100 वर्ष पूर्व कराया था। इस बावड़ी का निर्माण इस मंदिर की प्राकृतिक बनावट इस प्रकार है कि बावड़ी में शिवलिंग के नीचे स्थित मां पार्वती के स्वरूप की आकृति है।

### मन्नत के लिए नारियल में बांधते हैं मूली के धागे

मंदिर में बुधवार को दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है। उन्होंने आगे बताया कि श्रद्धालु घरों में शादी विवाह या मांगलिक कार्य की मनोकामना पूर्ण करने की मंशा लिए सर्वप्रथम भट बावड़ी मंदिर पूजा करने आते है। मंदिर की मान्यता है कि जिन लोगों के घरों में विवाह में देरी हो रही होती है, तो वह मंदिर परिसर में नारियल को मूली के धागे के साथ बांधकर मनोकामना की अर्जी लगाई जाती है ।वह आगे बताते हैं कि उन्होंने कई भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती देखी है । गणेश चतुर्थी के अवसर पर यहां भव्य मेले का आयोजन होता है।

कैसे पहुंचे भट बावड़ी मंदिर

भट बावड़ी गणेश मंदिर पहुंचना बेहद आसान है। पुष्कर के सबसे नजदीक अजमेर रेलवे स्टेशन है, जो यहां से 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। अजमेर से आप बस या टैक्सी से पुष्कर आसानी से पहुंच सकते हैं। बस से आने पर आपको ई-रिक्शा या टेंपो करना पड़ता है, क्योंकि बस स्टैंड मंदिर से 1 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

# 'ठग लाइफ' के एक्टर सिलंबरासन ने क्यों बुरी तरह दबाया कमल हासन का गला?



फिल्म 'ठग लाइफ' में कमल हासन लीड रोल में हैं। फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान ने तैयार किया है और निर्देशक मणि रत्नम हैं। हाल ही में इस फिल्म का ऑडियो लॉन्च इंवेट चेन्नई में हुआ। इस मौके पर फिल्म के एक एक्टर सिलंबरासन ने बताया कि फिल्म के एक सीन में उन्होंने कमल हासन का गला बहुत बुरी तरह से दबा दिया था। ऐसा एक्टर ने क्यों और किसके कहने पर किया?

### निर्देशक के कहने पर कमल का गला जोर से दबा दिया

एक्टर सिलंबरासन ने फिल्म 'ठग लाइफ' के ऑडियो लॉन्च इवेंट पर बताया कि एक सीन में उन्होंने कमल हासन की गर्दन को कसकर पकड़ लिया था। वह कहते हैं, 'अगर मैं पकड़ ढीली करता तो मणि सर मुझे डांटते और अगर ज्यादा जोर से गला दबाता तो कमल सर को परेशानी होती। फिर निर्देशक की बात मानी और किसी तरह से शॉट को पूरा किया।' दरअसल, मणि रत्नम ने ही सिलंबरासन को कहा था कि वह कमल हासन का गला जोर से दबाएं, जिससे सीन में असल इमोशन आ सकें। बाद में कमल हासन ने भी सिलंबरासन को डांटा था कि क्यों इतनी जोर से गला दबा दिया।


### सालों पुरानी है कमल हासन-मणि रत्नम की दोस्ती

कमल हासन और मणि रत्नम अपने काम में माहिर लोग हैं, साथ ही दोनों अच्छे दोस्त भी हैं। साल 1987 की सुपरहिट फिल्म 'नायकन' में दोनों ने साथ में काम किया था। अब इनकी फिल्म 'ठग लाइफ' रिलीज पर है। पिछले दिनों कमल हासन ने मणि रत्नम और अपनी दोस्ती पर बात की। वह कहते हैं, 'मुझे नहीं पता था कि वह एक फिल्मी परिवार से हैं। मुझे उनके बात करने का तरीका पसंद आया और हम दोस्त बन गए। हमारे दोस्तों का एक ग्रुप था और हम सिर्फ सिनेमा के बारे में बात करते थे और कोई गपशप नहीं करते थे। यहीं से मणि और मेरी दोस्ती की शुरुआत हुई।'

### ये सितारे भी फिल्म में नजर आएंगे

फिल्म 'ठग लाइफ' एक तमिल भाषी गैंगस्टर एक्शन ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म को मणि रत्नम निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म की स्क्रिप्ट को मणि रत्नम के साथ मिलकर कमल हासन ने लिखा है। फिल्म में एक बड़ी स्टार कास्ट मौजूद है। इसमें बॉलीवुड एक्टर अली फजल और पंकज त्रिपाठी भी नजर आएंगे। कई नामी दक्षिण भारतीय कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। ठग लाइफ' में सान्या मल्होत्रा ने भी एक कैमियो किया है। यह फिल्म 5 जून 2025 को रिलीज होगी।

# बैकलेस टॉप पहनकर मोनाको की सड़कों पर घूमने निकलीं दिशा, ग्रैंड प्रिक्स में लगाया ग्लैमर का तड़का



अपने बोल्ड लुक्स के लिए मशहूर बॉलीवुड की हॉट अभिनेत्री दिशा पाटनी इन दिनों एफ1 ग्रैंड प्रिक्स 2025 के लिए मोनाको में हैं। यहां से अभिनेत्री का एक वीडियो और कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें दिशा हमेशा की तरह काफी हॉट नजर आ रही हैं। वीडियो में दिशा स्टाइलिश बैकलेस टॉप में अपने दोस्तों के साथ सड़क पर घूमती नजर आ रही हैं।

### वायरल हुआ दिशा का वॉक करते हुए वीडियो

बैकलेस टॉप में घूमते हुए दिशा का ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर काफी वायरल है। लोग एक बार फिर दिशा के बोल्ड लुक से नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। फैंस उनके बोल्ड फैशन की भी तारीफ कर रहे हैं। वायरल वीडियो में दिशा एक स्टाइलिश फ्रंट रैप और स्ट्रिंग-टाई बैक के साथ बैकलेस चॉकलेट ब्राउन टॉप में बाहर निकलती हुई दिखाई दे रही हैं। उन्होंने इस लुक को लूज-फिटेड जींस के साथ पेयर किया है और अपने फैशनेबल अंदाज में सड़कों पर घूमती नजर आ रही हैं। इस दौरान दिशा अपने कंधे पर छोटा सा क्लच बैग भी टांगे हुए हैं।

### डीप नेक टॉप में हॉट लगीं दिशा


वीडियो के अलावा दिशा की कुछ तस्वीरें भी इसी लुक में वायरल हैं। तस्वीरों में दिशा कहीं खड़ी हैं। इन तस्वीरों में दिशा उसी डीप नेक लाइन वाले चॉकलेट ब्राउन टॉप में नजर आ रही हैं। उन्होंने अपने इस आउटफिट को बेज हैंडबैग और डार्क सनग्लासेस के साथ कंपलीट किया है।

इस दौरान किसी तस्वीर में दिशा के बाल खुले नजर आ रहे हैं, तो एक तस्वीर में उन्होंने अपने बालों को समेटे हुआ है। इन तस्वीरों में दिशा काफी हॉट और स्टनिंग लग रही हैं।

### 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगी दिशा

वर्कफ्रंट की बात करें तो दिशा पटानी को आखिरी बार शिवा द्वारा निर्देशित साउथ की एक्शन फिल्म 'कंगुवा' में देखा गया था। फिल्म में सूर्या प्रमुख भूमिका में हैं। दिशा की आगामी फिल्मों में अहमद खान द्वारा निर्देशित एक्शन-कॉमेडी 'वेलकम टू द जंगल' है। जिसमें वो अक्षय कुमार, संजय दत्त, अरशद वारसी, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडीज, लारा दत्ता, परेश रावल समेत एक भारी भरकम स्टारकास्ट के साथ नजर आएंगी।

# मीठी नदी घोटाला मामले में डिनो मोरिया से पूछताछ, मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा के दफ्तर पहुंचे एक्टर



मुंबई के बहुचर्चित मीठी नदी घोटाले की जांच अब और भी गहराती जा रही है। इस घोटाले में बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया का नाम सामने आने के बाद सोमवार सुबह वो आर्थिक अपराध शाखा के दफ्तर में पेश हुए। सूत्रों की मानें तो मोरिया सुबह करीब 11 बजे जांच अधिकारियों के सामने बयान दर्ज कराने पहुंचे।

### फोन कॉल्स ने खोले नए राज

आर्थिक अपराध शाखा की जांच में अब तक कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। ताजा अपडेट में यह बात सामने आई है कि डिनो मोरिया, उनके भाई और इस घोटाले के मुख्य आरोपी केतन कदम के बीच कई बार बातचीत हुई है। इन कॉल्स की रिकॉर्डिंग्स और डेटा अब जांच एजेंसियों के रडार पर हैं। सूत्रों का कहना है कि इन कॉल्स के जरिए मिली जानकारी से पूरे घोटाले की परतें खुल सकती हैं।

यह घोटाला मुंबई महानगरपालिका की ओर से मीठी नदी की सफाई में इस्तेमाल होने वाले स्लज पुशर और ड्रेजिंग मशीनों की खरीद-फरोख्त से जुड़ा है। आरोप है कि इन मशीनों को कोच्चि की कंपनी मैटप्रॉप टेक्निकल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से ऊंचे दामों पर किराए पर लिया गया और इसमें भारी वित्तीय गड़बड़ी हुई।

मामले में केतन कदम और जय जोशी को मुख्य आरोपी बताया गया है। इन दोनों पर आरोप है कि उन्होंने मैटप्रॉप कंपनी के अधिकारियों और बीएमसी के स्टॉर्म वॉटर ड्रेन्स विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर करोड़ों रुपये का घोटाला किया।

### डिनो मोरिया की भूमिका पर सवाल

जांच में यह भी पता चला है कि डिनो मोरिया और उनके भाई की भूमिका केवल एक दोस्ती के दायरे में सीमित नहीं रही। कुछ कॉल रिकॉर्डिंग्स में घोटाले की राशि, भुगतान प्रक्रिया और मशीन रेंटल जैसे विषयों पर बातचीत होने के संकेत हैं। हालांकि, अब तक कोई सबूत सामने नहीं आया है जो डिनो मोरिया को सीधे इस घोटाले में दोषी ठहराए। लेकिन उनकी पेशी से इतना तो साफ है कि जांच एजेंसियां इस मामले को बेहद गंभीरता से ले रही हैं।

### आर्थिक अपराध शाखा की रणनीति और आगे की कार्रवाई

आर्थिक अपराध शाखा इस घोटाले में शामिल सभी लोगों की कॉल रिकॉर्ड, बैंक ट्रांजेक्शन और बाकी वित्तीय दस्तावेजों को खंगाल रही है। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में और भी नाम इस जांच के दायरे में आएंगे। वहीं डिनो मोरिया के करीबी सूत्रों का कहना है कि अभिनेता पूरी तरह से जांच में सहयोग कर रहे हैं और उन्होंने किसी भी तरह की अनियमितता से इनकार किया है।

# क्यों ट्रोल हुई सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर'



सलमान खान की मच अवेटेड फिल्म 'सिकंदर' भले ही ईद के मौके पर बॉक्स ऑफिस पर रिलीज़ हुई हो और 200 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी हो, लेकिन ऑडियंस और क्रिटिक्स की तरफ से इस फिल्म को बिल्कुल भी अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली। अब जब यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है, तो एक बार फिर लोगों की प्रतिक्रियाएं फिल्म को लेकर सामने आ रही हैं।

### ओटीटी पर आते ही ट्रोल हुई फिल्म

25 मई को नेटफ्लिक्स पर 'सिकंदर' की रिलीज के बाद एक्स और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लोगों ने फिल्म की स्टोरीलाइन, निर्देशन और अभिनय को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। कई यूजर्स ने तो यह तक लिख दिया कि वो फिल्म के 10 मिनट भी नहीं देख सके। एक यूजर ने तंज कसा, 'अगर आपने ये फिल्म देख ली तो आपके पास बहुत हिम्मत है।'

### सलमान की शाहरुख खान से तुलना

फिल्म की आलोचना करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'सिकंदर जैसी फिल्में सलमान खान को अब नहीं करनी चाहिए। शाहरुख खान की एक्शन फिल्मों से कुछ सीखें। उन्होंने पिछले कुछ समय में जबरदस्त ग्रोथ दिखाई है।' कई दर्शकों ने दक्षिण भारतीय निर्देशक ए आर मुरुगादॉस की शैली पर ही सवाल उठा दिया और कहा कि हिंदी दर्शकों के भाव उनसे नहीं जुड़ते।

### कहानी और किरदारों पर उठे सवाल

फिल्म की कहानी एक ऐसे व्यक्ति संजय राजकोट की है, जो एक भ्रष्ट राजनेता के खिलाफ लड़ाई लड़ता है। लेकिन इस गंभीर मुद्दे को जिस तरीके से दिखाया गया है, उसे दर्शकों ने 'बचकाना' और 'बिना लॉजिक का' बताया। एक यूजर ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, 'एक आदमी हजारों लोगों को इसलिए मार देता है क्योंकि वो अपनी पत्नी को समय नहीं दे पाया... क्या सोच है भाई!'

### डायलॉग-म्यूजिक भी नहीं आया पसंद

रश्मिका मंदाना और सलमान खान की केमिस्ट्री पर भी लोगों ने सवाल उठाए, खासतौर पर उम्र के फर्क को लेकर फिल्म में डाले गए डायलॉग पर। इसके अलावा, लता मंगेशकर के आइकॉनिक गाने 'लग जा गले' के रीमेक को लेकर भी फिल्म को आलोचना का सामना करना पड़ा।

# मीना कुमारी के जमीन विवाद पर 34 साल बाद आया कोर्ट का फैसला, ताजदार को मिली करोड़ों की प्रॉपर्टी



बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री रहीं मीना कुमारी और उनके पति कमाल अमरोही के पक्ष में कोर्ट ने आदेश जारी किया है। आखिर किस मामले में कमाल अमरोही और दिवंगत अभिनेत्री को राहत मिली है, चलिए आपको बताते हैं। मुंबई के पॉश इलाके पाली हिल में स्थित एक बहुचर्चित जमीन विवाद में आखिरकार तीन दशकों बाद न्याय का पलड़ा कमाल अमरोही और मीना कुमारी के पक्ष में झुक गया है। 26 मई को सामने आए इस फैसले में कोर्ट ने कोजीहोम को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी को छह महीने के भीतर जमीन खाली करने का आदेश दिया है।

दरअसल 1959 में दिग्गज फिल्मकार कमाल अमरोही और ट्रेजेडी क्वीन मीना कुमारी ने मुंबई के बांद्रा स्थित पाली हिल इलाके में करीब 11,000 वर्ग गज जमीन खरीदी थी। बाद में 1966 में इस जमीन को कोजीहोम हाउसिंग सोसाइटी को किराए पर दिया गया, ताकि वहां रिहायशी इमारतें बनाई जा सकें। तय किराया महज 8,835 हर महीने रखा गया था। लेकिन समय के साथ यह समझौता विवाद का कारण बन गया। आरोप है कि सोसाइटी ने समय पर किराया नहीं चुकाया और अनुबंध की कई शर्तों का उल्लंघन किया। 1990 में कमाल अमरोही ने लीज समाप्त कर दी और 1991 में कानूनी लड़ाई की शुरुआत की, जिसमें जमीन की वापसी की मांग की गई।

### कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

करीब 34 साल तक चले इस केस में कोर्ट ऑफ स्मॉल कॉजेज की अपीलीय पीठ ने कमाल अमरोही के बेटे ताजदार अमरोही के पक्ष में फैसला सुनाया। पीठ ने माना कि सोसाइटी ने जानबूझकर किराया देने में लापरवाही बरती और बॉम्बे रेंट एक्ट की धारा 12(3) का उल्लंघन किया।

जज आशीष अयाचित और डीआर माली की बेंच ने कहा कि सोसाइटी ने अनुबंध के तहत तय किए गए किराये को लगातार न चुकाकर बड़ी लापरवाही की है और अब जमीन पर उसका कोई अधिकार नहीं रह जाता। इसलिए कोर्ट ने आदेश दिया कि सोसाइटी को छह महीने के अंदर यह जमीन खाली कर ताजदार अमरोही को सौंपनी होगी।

### हाईकोर्ट में अपील की तैयारी

हालांकि सोसाइटी ने हार नहीं मानी है और अब इस फैसले को बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती देने की तैयारी कर रही है। सोसाइटी के सदस्यों का कहना है कि इतने लंबे समय से वो इस जमीन पर रह रहे हैं और अब अचानक इसे खाली करना उनके लिए बहुत मुश्किल है।

### बॉलीवुड की विरासत मानी जाती हैं जमीन

मीना कुमारी और कमाल अमरोही की यह जमीन न सिर्फ एक संपत्ति है, बल्कि यह बॉलीवुड की एक महत्वपूर्ण विरासत भी मानी जाती है। ताजदार अमरोही के मुताबिक, यह फैसला न सिर्फ उनके लिए व्यक्तिगत जीत है, बल्कि उनके माता-पिता की विरासत को सम्मान लौटाने का एक तरीका भी है।

# 26 साल की उम्र में अनन्या पांडे ने हासिल की ये बड़ी अचीवमेंट

अनन्या पांडे की उम्र अभी 26 साल है, बॉलीवुड करियर को भी लंबा वक्त नहीं हुआ है। इसके बावजूद वह अलग-अलग जॉनर की फिल्में कर चुकी हैं। एक एक्ट्रेस के तौर भी दर्शक उनमें बदलाव देख रहे हैं। हाल ही में अनन्या पांडे का नाम फोर्ब्स (इंटरनेशनल बिजनेस मैगजीन) की 30 अंडर 30 की एशिया लिस्ट में शामिल हुआ।

### अनन्या पांडे का नाम फोर्ब्स की लिस्ट में शामिल

हाल ही में फोर्ब्स ने अपनी 30 अंडर 30 की एशिया लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में 30 साल से कम उम्र के अलग-अलग फील्ड के युवा लोगों को शामिल किया जाता है। 2025 की फोर्ब्स 30 अंडर 30 एशिया लिस्ट में अनन्या पांडे ने जगह बनाई है। अनन्या पांडे के फैंस एक्ट्रेस की इस अचीवमेंट से खुश हैं।



### अनन्या पांडे का करियर फ्रंट

अनन्या पांडे के करियर फ्रंट की बात करें तो साल 2019 में बॉलीवुड में डेब्यू किया, फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' में ग्लैमरस रोल किया। हाल ही में फिल्म 'केसरी 2' में एक संजीदा किरदार निभाया है। इस साल वह एक फिल्म 'चांद मेरा दिल' भी कर रही हैं। पिछले साल अनन्या पांडे एक सीरीज 'कॉल मी बे' में भी नजर आईं। इसके अलावा एक फिल्म 'कंट्रोल' में भी अनन्या दिखीं, यह फिल्म सोशल मीडिया के बुरे परिणाम दिखाती है।

### ईशान खट्टर का नाम भी शामिल

फोर्ब्स की 2025 की लिस्ट में अनन्या पांडे के अलावा एक्टर ईशान खट्टर का नाम भी शामिल हुआ है। शाहिद कपूर के सौतेले भाई ईशान खट्टर को हाल ही में 'रॉयल्स' वेब सीरीज में देखा गया है। अब तक कई हिंदी फिल्मों और इंग्लिश वेब सीरीज में भी यह एक्टर नजर आ चुका है। 'द परफेक्ट कपल (2024)' सीरीज में उन्हें हॉलीवुड एक्ट्रेस निकोल किडमैन के साथ काम करने का मौका मिला था।

# कान में आलिया भट्ट ने ऐश्वर्या की तारीफ तो यूजर्स ने आलिया की ही तारीफ कर डाली



बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्री आलिया भट्ट ने इस साल कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू किया है। आलिया भट्ट एक्रू ऑफ-शोल्डर बस्टियर गाउन पहन कर उतरीं। उनके लुक ने लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। इस समारोह के समापन पर आलिया ने क्रिस्टल से कढ़ाई की गई साड़ी पहनी। आलिया भट्ट का कान में डेब्यू काफी अच्छा रहा। कह सकते हैं कि अगले कान फिल्म फेस्टिवल तक उनका लुक लोगों को याद रहेगा। इन सबके बीच आलिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने ऐश्वर्या राय की तारीफ की है।

एक वायरल वीडियो में आलिया भट्ट ने कान फिल्म फेस्टिवल में भाग लेने के अपने अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने कान में ऐश्वर्या राय बच्चन की मौजूदगी के बारे में भी बात की।

आलिया भट्ट ने कहा 'मुझे लगता है कि इस समय हर कोई अपने फोन पर है। हर कोई रेड कार्पेट लुक्स को देख रहा है। ब्यूटी लुक्स को देख रहा है। मैं, ऐश्वर्या राय बच्चन को उनके शानदार अंदाज में कार्पेट पर चलते हुए और इस वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए देखकर बड़ी हुई हूं। यह हमेशा से ही एक बहुत बड़ी प्रेरणा रही है। इसलिए यहां होना वाकई बहुत अच्छा लगता है, जैसे किसी पल को देखकर मैं चौंक जाऊं। यह वाकई बहुत प्यारा है।'

### फैंस कर रहे आलिया की तारीफ

इस वीडियो के वायरल होने के तुरंत बाद कई फैन ने आलिया की तारीफ की है। एक सोशल मीडिया यूजर ने दावा किया 'मैंने उनके बारे में एक बात नोटिस की है कि वह हमेशा दूसरी अभिनेत्रियों को श्रेय देती हैं और उनका नाम लेती हैं। भले ही यह केवल कैमरे के लिए हो, फिर भी यह तारीफ के काबिल है।' एक दूसरे यूजर ने लिखा 'आलिया के बारे में एक बात, वह हमेशा दूसरी एक्ट्रेस के बारे में अच्छी बातें करती हैं और उनका नाम लेती हैं, मुझे उनकी यह बात बहुत पसंद है!'

### आलिया भट्ट का वर्कफ्रंट

आलिया भट्ट के काम की बात करें तो वह आखिरी बार फिल्म 'जिगरा' में नजर आई थीं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर पाई थी। वह जल्द ही फिल्म 'अल्फा' में नजर आने वाली हैं। वह संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में भी वो बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आने वाली हैं।

# ईशान खट्टर ने इस सीरीज में 24 साल बड़ी एक्ट्रेस से किया रोमांस, कहा- उन्होंने सहज महसूस कराया



ईशान खट्टर इन दिनों सुर्खियों में हैं। वह हाल ही में 'द रॉयल्स' सीरीज में नजर आए। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में साल 2020 में आए शो 'ए सूटेबल बॉय' में तब्बू के साथ शूटिंग के बारे में बताया है। ईशान खट्टर ने बताया कि कैसे तब्बू ने उन्हें सहज महसूस कराया। इसके बाद उन्होंने साथ में शूटिंग की।

### अच्छी लिखी थी कहानी

ईशान खट्टर ने अपनी और तब्बू की जोड़ी को परफेक्ट बताया। उन्होंने कहा 'मुझे लगता है कि इसका श्रेय लेखन को जाता है। अगर आप हमें और तब्बू को किसी दूसरी कहानी में रखते, जिसमें हमारी उम्र के गैप को नजरअंदाज किया जाता, तो यह अजीब लगता। लेकिन इस कहानी में यह अजीब नहीं था। हम जो कर रहे थे, लेखन उसका समर्थन कर रहा था, इसलिए यह सही लगा।'

### सेट पर बच्ची की रहती हैं तब्बू

ईशान ने आगे कहा कि वह तब्बू के साथ 'घबराए हुए' नहीं थे, बल्कि सुरक्षित महसूस करते थे। उन्हें कुछ अंतरंग दृश्यों की शूटिंग से पहले इसके बारे में कभी तैयारी या बात नहीं करनी पड़ी। उन्होंने कहा 'वह बेतरतीब बातें करती रहती थीं। जैसे लंच में क्या चाहिए? या कुछ और। या जैसे उसको देखा कैसे आंखें बनाई थी। वह बहुत शरारती हैं। वह सेट पर एक बच्ची की तरह रहती हैं।'

### अलग-अलग किरदार में ढलती हैं

उन्होंने आगे कहा 'वह मजाक करती थीं। फिर अचानक, वह इस किरदार की तरह हो जाती थीं। इसलिए, मुझे लगता है कि यह मजेदार था। उनके साथ काम करना बहुत मजेदार था। हम जो कुछ भी करते हैं उसमें सबसे जरूर यह है कि आप उसे कैसे जीवंत बनाते हैं? आप बिना कुछ कहे ज्यादा संवाद कैसे करते हैं? तब्बू के साथ चीजें बहुत आसानी से हुईं। यह ऐसा था जैसे हमने उनसे आंखों से बातचीत की।'

### ए सूटेबल बॉय के बारे में

आपको बता दें नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाली 'ए सूटेबल बॉय' विक्रम सेठ के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है। मीरा नायर द्वारा निर्देशित शो में, ईशान को तब्बू के साथ रोमांस करते देखा गया, जो उनसे 24 साल बड़ी हैं। दोनों को उनके प्रदर्शन और केमिस्ट्री के लिए सराहा गया।

# लू से बचाव के आयुर्वेदिक उपाय

### आंवला

आंवला में लाभकारी आयुवैदिक गुण हैं, वात और पित्त दोष दोनों को संतुलित रखता है। इससे शरीर को ठंडक मिलती है।



आंवला के सेवन से कफ भी दूर होता है। गर्मियों में कच्चे आंवले का सेवन शरीर के लिए बहुत फायदेमंद है।लू या चिलचिलाती हवा से शरीर को होने वाले नुकसान से आंवला बचाता है। गर्मियों में आप आंवला का जूस, कच्चा, अचार, आंवला पाउडर या मुरब्बे का सेवन कर सकते हैं।

### गुलकंद

गर्मी के मौसम में थकान, सुस्ती और शरीर मे जलन व खुजली की समस्या भी हो जाती है। इसके अलावा गर्मियों में एसिडिटी, पेट फूलने के कारण पेट में जलन भी हो सकती है। गर्मियों में होने वाली इन परेशानियों से राहत पाने के लिए गुलकंद का सेवन करना चाहिए। गुलकंद आंतों और पेट की समस्या से राहत पहुंचाता है।

### सेब का सिरका

गर्मियों में अगर लू लग जाए तो शरीर मे मिनरल और इलेक्ट्रोलाइट की कमी हो जाती है। गर्मी के मौसम में तापमान बढ़ने से शरीर में पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे जरूरी मिनरल की मात्रा काफी कम हो सकती है। इससे बचाव और मिनरल की कमी को पूरा करने के लिए सेब के सिरके का सेवन करें। सेब का सिरका सेहत के लिए फायदेमंद है। रोजाना दिन में दो बार दो चम्मच सेब के सिरके को एक गिलास पानी में मिलाकर सेवन करें।

### बेल का शरबत

आयुर्वेद के मुताबिक, गर्मियों में बेल के शरबत को सेहत के लिए बहुत लाभकारी माना जाता है। बेल में विटामिन सी और फाइबर की मात्रा बहुत अधिक होती है। बेल के शरबत के सेवन से शरीर को ठंडक मिलती है। बेल का शरबत लू और सूखेपन से बचाव करता है और पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है। गर्मियों में होने वाली शारीरिक समस्याओं से राहत चाहते हैं तो रोजाना दो बार बेल के जूस का सेवन खाना खाने से पहले करें।



# शरीर के इन हिस्सों में उठे दर्द तो न करें नजरअंदाज

**अक्सर आपने** देखा होगा कि लोगों के शरीर में कुछ हिस्से में दर्द उठता है. यह दर्द आम भी हो सकता है गंभीर भी. लेकिन गर्दन लंबे समय तक रहा हो वह नसों के कारण शरीर में ऑक्सीजन ना पहुंच पाने के कारण उठाया है ऐसे में इन हिस्सों के बारे में पता होना जरूरी है आज का हमारा लेख इसी विषय पर है. आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि शरीर में किन-किन हिस्सों में दर्द उठ सकता है.

### शरीर के किस हिस्से में उठता है दर्द

यदि व्यक्ति को अपने सीने में दर्द महसूस हो रहा है और यह दर्द काफी दिन से उठ रहा है ऐसे नहीं हो सकता है कि यह हार्ट अटैक के सिम्टम्स में से एक हो सकता है. ऐसा तब होता है जब खून के माध्यम से ऑक्सीजन दिल तक नहीं पहुंच पाता. ऐसे में डॉक्टर से संपर्क करने की जरूरत है.



जब व्यक्ति को किडनी में दर्द महसूस हो और वह दर्द काफी समय से हो रहा हो तो इसका मतलब ये पथरी के संकेत हो सकते हैं. हल्का-हल्का और एक ही हिस्से में दर्द पथरी के मुख्य संकेतों में से एक है.

यदि आपको अपने पैरों में दर्द महसूस हो रहा है साथ ही हाथ पैरों में झनझनाहट अंगूठे में सुन्नपन आदि महसूस हो रहा है तो यह साइटिका के लक्षणों में से एक हो सकते हैं. ऐसे में जांच करवानी जरूरी है.यदि आपको पेट में दर्द महसूस हो रहा है और इसके साथ साथ जी मचलाना, उल्टी आना, मतली की समस्या होना जैसे लक्षण नजर आ रहे हैं तो यह पैंक्रियाटाइटिस के लक्षणों में से एक हो सकते हैं. ऐसे में डॉक्टर से संपर्क करने की जरूरत है. व्यक्ति को सिर में दर्द के साथ थकान, चिड़चिड़ापन, डिप्रेशन आदि लक्षण नजर आते हैं. बता दें कि यह लक्षण नर्वस सिस्टम में गड़बड़ी या माइग्रेन के हो सकते हैं. ऐसे में व्यक्ति को लक्षणों की पहचान करके डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए.

# संक्रमण का संकेत हो सकता है आंखों में जमा रहने वाला कीचड़

**सुबह नींद** से उठने के बाद जब आप चेहरा धोने के लिए बाथरूम में पहुंचते हैं तो कई बार आंखों को साफ करने में अधिक मशक्कत करनी पड़ती है। बिना आंखें ठीक से धोए किसी के सामने चले जाना असहजता की स्थिति में भी डाल सकता है। आंखों के किनारों पर जमा होने वाला चिपचिपा पदार्थ जिसे आम भाषा में कीचड़, स्लीप क्रस्ट, सैंड आदि भी कहा जाता है, एक आम स्थिति है। चिकित्सकीय भाषा में इसे 'रूम' या 'रह्यूम' कहा जाता है।

आमतौर पर यह रात की अच्छी और भरपूर नींद का संकेत होता है लेकिन कई बार यह समस्याओं की ओर इशारा भी कर सकता है। रात में ही आंखों में कीचड़ आने की वजह होती है। वहीं कीचड़ के रंग से आंखों की समस्या का भी पता चलता है। आगे की स्लाइड्स में अपनी आंखों में आने वाले कीचड़ से जानिए कहीं आप को संक्रमण का खतरा तो नहीं।

### कई पदार्थों से बना कीचड़

जैसा कि इसके नाम से ही स्पष्ट है। कीचड़ कई तरह के कचरे का मिश्रण हो1ता है। आंखों का यह कीचड़ भी म्यूकस, पपड़ीदार निकली हुई त्वचा की कोशिकाओं, त्वचा के तेल और नींद के दौरान आंखों द्वारा उत्पन्न आंसुओं का मिश्रण होता है। यह एक सामान्य और सहज प्रक्रिया है, जो कि यह दर्शाती है कि आपकी



आंखें स्वस्थ हैं और सही तरीके से काम कर रही हैं।

### रात में ही होता है जमा

पलकों के बन्द रहने के अलावा इस कीचड़ के रात में जमा रहने का एक कारण और भी होता है। दिनभर में बार-बार पलक झपकाने पर प्राकृतिक तरीके से आंखों से निकलने वाले आंसू, इस कीचड़ को धोते जाते हैं और आंखों में चिपके नहीं रहने देते। जबकि रात में पलकों के न झपकने के कारण और गुरुत्वाकर्षण के कारण ये कचरा आंखों के किनारों पर इकट्ठा हो जाता है। कुछ लोगों में इसकी मात्रा अधिक हो सकती है और कुछ में कम। हां एलर्जी के दौरान या रूखे मौसम में इसकी मात्रा बढ़ सकती है।

### बदला रंग हो सकता है समस्या का संकेत

सामान्यतौर पर आंखों से निकलने वाले इस कीचड़ का रंग सफेद या हल्का क्रीम होता है। लेकिन यदि यह रंग पीला या हरा है तो यह बैक्टीरियल कंजक्टिवाइटिस (आंख आने की समस्या) का इशारा हो सकता है। इसके अलावा आंखों में सूजन, ड्राय आई, आंखों पर होने वाली फुंसी, आंसू निकलने वाली जगह का ब्लॉक हो जाना और एलर्जिक कंजक्टिवाइटिस भी इसकी वजह बन सकता है। कुछ मामलों में यह पलकों को पूरी तरह चिपका भी सकता है और समस्या को और बढ़ा सकता है।

### आंखों का ऐसे रखें ख्याल

सुबह उठने के साथ चेहरे और आंखों को अच्छे से धोएं। अगर आप किसी एलर्जी या अन्य समस्या से पीड़ित हैं या आपकी पलकें बुरी तरह चिपक गई हैं तो एक साफ कॉटन के कपड़े या रुई को गुनगुने या हल्के गर्म पानी में भिगोकर आंखों पर हल्के हाथों से थपथपाते हुए कीचड़ को हटाएं।

आंखों को कभी रगड़ें नहीं और न ही गंदे हाथ इनपर लगाएं।

यदि कीचड़ के साथ दर्द और असहजता भी है या रोज सुबह उठने पर आपकी पलकें चिपकी रहती हैं तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

वे आपको मेडिकेटेड साधन बताएंगे जिससे आप आंखों को बिना संक्रमण फैलाए साफ कर सकें।

डॉक्टर की सलाह से किसी अच्छे आई ड्रॉप का उपयोग करें। जिससे आंखों की नमी बनी रहे और वे साफ भी रहें।

### आंखों को साफ रखें।

आंखों या पलकों में खुजली, सूजन, लाली, जलन, धुंधला दिखने या रौशनी से दिक्कत होने पर तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करें।

संक्रमण की स्थिति में डॉक्टर एंटीबायोटिक लेने की सलाह दे सकते हैं।

रात को सोने से पहले, साफ हाथों से आंखों को अच्छी तरह धोएं। सादा पानी का इस्तेमाल भी इसके लिए अच्छा विकल्प होगा।

कभी भी मेकअप लगाकर न सोएं। जब आई मेकअप उतारें तो हल्के हाथों से किसी लोशन, बेबी ऑइल या बादाम तेल से आंखों के आस पास मसाज भी करें। हमेशा कॉन्टैक्ट लेंस उतार कर ही सोएं। इन्हें अच्छी तरह साफ करके भी रखें।

# 80 प्रतिशत लिवर खराब होने के लक्षण इन नॉन-वेज फूड से कर लें तौबा

**फैटी लिवर** या अन्य लिवर डिजीज के लक्षण काफी देर बाद दिखते हैं। इस बीमारी में डाइट का बारीकी से ध्यान रखना चाहिए। आइए जानते हैं कि कौन से नॉन-वेज फूड खा सकते हैं और कौन से नहीं?

लिवर के ऊपर ज्यादातर मेटाबॉलिज्म निर्भर करता है। यही वो प्रक्रिया है, जो पोषण को इस्तेमाल करने लायक बनाती है। थकावट, कमजोरी जैसी आम दिक्कतें फैटी लिवर, लिवर डैमेज के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं। धीरे-धीरे पीलिया, पैरों में सूजन, पेट में पानी भरना जैसी दिक्कतें भी होने लगती हैं।

80 प्रतिशत लिवर डैमेज होने के संकेतः इस बीमारी के मुख्य लक्षण तभी दिखते हैं, जब लिवर 80 प्रतिशत या उससे ज्यादा खराब हो जाता है। इसके बाद उल्टी में खून आना, भ्रम या चेतना खोना, किडनी की खराबी और फेफड़ों के रोग हो सकते हैं।



लक्षण दिखने पर क्या करें?

डॉक्टर ने कहा कि लिवर की बीमारी से जुड़े लक्षणों की भनक लगने पर या उससे पहले ही नियमित स्क्रीनिंग (जांच) जरूर करवाते रहना चाहिए। ताकि शुरुआती चरण में ही समस्या को ठीक कर लिया जाए।

### फैटी लिवर में ऐसी हो डाइट

फैटी लिवर को कंट्रोल करने के लिए हेल्दी डाइट और एक्सरसइज पर ध्यान देने की सलाह दी है। जिससे आपका वजन पहले से 10 प्रतिशत कम हो जाना चाहिए। इस डाइट में कैलोरी की कमी होनी चाहिए और कार्ब्स व सैचुरेटेड फैट लिमिट में होने चाहिए। इसके अलावा, मरीजों की डाइट फाइबर और पॉलीअनसैचुरेट्ड फैट से भरपूर होनी चाहिए।

### मरीज ना खाएं ये नॉन-वेज फूड

लिवर खराब होने पर आपको नॉन-वेजिटेरियन फूड से एकदम दूरी बनाने की जरूरत नहीं है। मगर आपको हाई सैचुरेटेड फैट देने वाले फूड्स को नहीं खाना चाहिए। जैसे-रेड मीट, मटन आदि।

### डाइट में ले सकते हैं चिकन और मछली नॉन-वेज फूड

चिकन और मछली ऐसे दो नॉन-वेज फूड हैं, जिन्हें लिवर की बीमारी में खा सकते हैं। क्योंकि, चिकन में सैचुरेटेड फैट काफी कम मात्रा में होता है और मछली में पॉलीअनसैचुरेटेड फैट का लेवल काफी होता है। वहीं, दोनों खाद्य पदार्थ प्रोटीन के बेहतरीन सोर्स हैं।

### एक दिन में कितना प्रोटीन है जरूरी?


हर दिन अपने शरीर के वजन के हिसाब से 1 ग्राम प्रति 1 किलोग्राम प्रोटीन जरूर लेना चाहिए। मतलब अगर आपका वजन 50 किलो है तो आप 50 ग्राम प्रोटीन प्रतिदिन लें। आप इसे अपनी पसंद के मुताबिक शाकाहारी या मांसाहारी डाइट से ले सकते हैं।

# अगर आप भी धूप से आकर पीते हैं फ्रिज का ठंडा पानी, तो सेहत को हो सकता है नुकसान

**गर्मियों के** मौसम में अधिक तापमान में ठंडा पानी पीना लोगों को गर्मी से राहत दिलाता है। गर्मियों में हाइड्रेट रहने के लिए लोग लिक्विड ड्रिंक का सेवन करते हैं, जिसमें साधारण पानी के साथ ही लोग लस्सी, जूस और नारियल पानी समेत तरह तरह के ड्रिंक्स का सेवन करते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, हाइड्रेटेड रहने के लिए कम से कम आठ से 10 गिलास पानी पीना बेहद जरूरी होता है। लेकिन पानी पीते समय उसके सही तापमान का होना भी जरूरी है। पानी के तापमान का असर स्वास्थ्य पर होता है। गर्मियों में लोग ठंडा पानी पीने के इच्छा से फ्रिज का पानी पीते हैं। प्यास बुझाने और थकावट दूर करने के लिए लोग कभी भी ठंडा पानी पी लेते हैं, इससे भले ही कुछ देर के लिए गर्मी से राहत मिल जाती है लेकिन इसका नुकसान भी बहुत होता है। आयुर्वेद में ठंडे पानी को सेहत के लिए नुकसानदायक बताया गया है। खासकर फ्रिज का चिल्ड वाटर बिल्कुल भी नहीं पीना चाहिए। धूप से आकर, एक्सरसाइज के बाद या खाने के बाद ठंडा पानी पीने से शरीर पर बुरा असर पड़ता है। अगर आप भी गर्मियों में गलत समय और गलत तरीके से ठंडे पानी का सेवन करते हैं तो जान लें इससे सेहत पर होने वाले नुकसान के बारे में।

### पाचन पर प्रभाव

शरीर किसी भी पदार्थ को अपने तापमान पर लाता है, जिसे वह आगे पाचन के लिए भेजता है लेकिन बहुत कम तापमान की चीजों का सेवन करने से शरीर उसे



अपने तापमान के मुताबिक करने लगता है, जिससे डाइजेशन प्रक्रिया धीमी हो जाती है और अपच की समस्या हो जाती है। पेट में ठंडा पानी डाइजेस्टिव सिस्टम को प्रभावित करता है। रिसर्च के मुताबिक, ठंडा पानी ब्लड वेसल्स को सिकोड़ देता है, जिससे पाचन की समस्या हो जाती है।

### ठंडे पानी से गले में खराश

अक्सर गला खराब होने या आवाज बदलने पर बड़े बुजुर्ग कहते हैं कि जरूर ठंडा पानी पी लिया होगा। यह सही भी है, ठंडा पानी पीने से गले में खराश हो जाती है। फ्रिज में निकालकर ठंडा पानी पीने से ऐसी समस्या होना आम बात है। वहीं अगर आप भोजन के बाद ठंडा पानी पी लेते हैं तो बलगम बनने लगता है और सांस लेने के रास्ते ब्लॉक हो जाते है। जिससे गले में खराश, बलगम, जुकाम और गले में सूजन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

### फ्रिज के पानी से हार्ट रेट कम हो जाता है

ठंडे पानी का सेवन आपके शरीर का हार्ट रेट भी कम कर सकता है। एक स्टडी के मुताबिक, फ्रिज का ज्यादा ठंडा पानी पीने से दसवीं कपाल तंत्रिका (वेगस नर्व) स्टिम्युलेट हो जाती है। शरीर के अनैच्छिक कार्यों को नियंत्रित करने का काम नर्व ही करती है। कम तापमान के पानी का असर सीधे वेगस नर्व पर होता है, जिससे हार्ट रेट कम हो जाती है।

### ठंडे पानी से सिरदर्द की समस्या

धूप से आने के तुरंत बाद अगर आप बहुत ठंडा पानी या बर्फ का पानी पी लेते हैं तो ब्रेन फ्रीज हो सकता है। ठंडे पानी का सेवन आपकी रीढ़ की कई नसों को ठंडा कर सकता है, जिसका असर मस्तिष्क पर होता है और सिर दर्द होने लगता है। साइनस की समस्या से ग्रसित लोगों के लिए यह स्थिति मुसीबत बढ़ा सकती है।

### ठंडे पानी से वेट लॉस में दिक्कत

जो लोग अपना वजन कम करना चाहते हैं, उन्हें ठंडे पानी का सेवन नहीं करना चाहिए। ठंडे पानी के कारण शरीर में मौजूद फैट को बर्न करना मुश्किल हो जाता है। फ्रिज के पानी से शरीर का फैट सख्त हो जाता है, जिसकी वजह से वसा को कम करने में समस्या आती है और वजन कम नहीं होता।

# अक्सर भोजन में अरुचि रहती है

**प्रश्न : अक्सर भोजन से अरुचि हो जाती है। ऐसे में क्या खाएं क्या ना खाएं कृपा कर बताएं।**
**- श्रीपति राव, विकाराबाद**

उत्तर : भोजन में अरुचि हो जाने पर कुछ घरेलू नुस्खे दे रहा हूं, जिनका प्रयोग करने से आपको दोबारा भोजन में रूचि हो सकती है।

*अदरक को बहुत बारीक काटकर नींबू के रस में डालकर रखें, दो-तीन घंटे के बाद उसमें सेंधा नमक मिलाकर खाने से अरुचि दूर होती है।

* खजूर को नींबू के रस के साथ चटनी बना कर खाएं ।

* संतरे के रस में सेंधा नमक व कालीमिर्च का चूर्ण मिलाकर पिएं।

* टमाटर का सूप बनाकर पिएं।

* मूली को बीच से चीर कर उस पर सेंधा नमक और नींबू का रस डालकर खाएं।

* गाजर के रस में काली मिर्च का चूर्ण और हल्का सा सेंधा नमक मिलाकर पिएं।

* कब्ज के कारण अरुचि हो तो पपीता काट कर सेंधा नमक, काली मिर्च, नींबू का रस मिलाकर खाएं।

* आंवले और मुनक्के को 10-10 ग्राम मात्रा में लेकर पीसकर मुंह में रखें। इसका रस चूसने से अरूचि दूर हो जाती है।

* जामुन व फालसे में सेंधा नमक मिलाकर खाएं।

* प्याज, मूली, खीरा, चुकंदर का सलाद बनाकर उसमें नींबू का रस, सेंधा नमक और काली मिर्च का चूर्ण मिलाकर खाएं।

* नींबू की शिकंजी बनाकर उसमें एक लौंग और पांच कालीमिर्च का चूर्ण मिलाकर दिन में दो बार पिएं।

शास्त्रीय योग में लवण भास्कर चूर्ण को ताजी छाछ में मिलाकर पीने से अरुचि दूर होती है। ऊंझा हिंग्वाष्टक चूर्ण को भी छाछ के साथ मिलाकर लेने से लाभ होता है। भोजन के पहले ऊंझा चित्रकादि वटी चूसने से अरुचि दूर होती है। भोजन के पहले प्रशांत का बिजौरा चूर्ण चूसने से भूख खुलती है।व्यग्रताजन्य अरुचि में ऊंझा प्रवाल पंचामृत रस एवं ऊंझा ताप्यादि लोह लेने से लाभ होता है।

**प्रश्न : मेरी उम्र 52 वर्ष है। कमर दर्द की समस्या से परेशान हूं। कृपया इसके उपचार के सरल उपाय बताएं।**
**- बिपिन चंद्र, सिकंदराबाद**

उत्तर : कमर दर्द का मुख्य कारण वात का कुपित होना एवं शरीर का दुर्बल होना है। कमर दर्द के कारण सीधा खड़ा रहना भी मुश्किल हो जाता है। सर्दियों में यह दर्द अधिक बढ़ जाता है। कुछ महत्वपूर्ण घरेलू उपचारः

*अदरक और घी : अदरक का रस चार चम्मच तथा शुद्ध गाय का घी दो चम्मच मिलाकर एक खुराक प्रतिदिन लेते रहने पर कुछ ही दिनों में कमर का दर्द ठीक हो जाता है।

*आलू की पुल्टिस : कमर दर्द का बचाव करने के लिए कच्चे आलू की पुल्टिस तैयार करें। इसे कमर पर लगाकर साफ पट्टी बांध दें। कुछ देर उल्टे लेटे रहे। काफी आराम मिलेगा।

* अश्वगंधा की जड़ का चूर्णः कमर दर्द के स्थाई आराम के लिए 5 ग्राम अश्वगंधा का पाउडर तथा एक चम्मच पीसी खांड या शक्कर लेवें। ऐसी दो खुराक सुबह और शाम रोगी को दें ,अवश्य आराम होगा।

* अरंडी के तेल से कमर पर मालिश करने से कमर दर्द में आराम मिलता है।

शास्त्रीय योगों में ऊंझा महायोगराज गुग्गुलु, वात गजांकुश रस, औरा अश्वगंधा घनवटी-इन तीनों की एक एक गोली सुबह, दोपहर, शाम भोजन के बाद देने से कमर का दर्द स्थाई रूप से कम होता है । औरा रुमाटाईज टिकिया एवं ऊंझा रूमूव कैप्सूल सुबह - शाम भोजन के बाद महारास्नादि काढ़ा के संग लेने से काफी आराम मिलता है। कमर दर्द पर उंझा महानारायण तेल या औरा रुमाटाइज ऑयल की मालिश करने से दर्द जल्दी ही ठीक होता है।

चिकित्सा काल में वातकारक आहार-विहार से बचें । बासी भोजन, खटाई, गुड व तेल में तले पदार्थ से परहेज करें।

**प्रश्न. मेरी उम्र 54 वर्ष है। पिछले दो माह से पीठ के दर्द से पीड़ित हूं। कृपा कर आयुर्वेदिक उपचार बताएं।**
**– दिवाकर राव, सिद्दीपेट**

उत्तर. पीठ का दर्द कई कारणों से हो सकता है। जन्मजात विकृतियां, उठने बैठने के ढंग में खराबी, कमजोर मांस पेशिया , कंडराओ में अकड़न या सूजन, व्यायाम का अभाव, भोजन में पोषक तत्वों की कमी, बचपन में पीठ पर चोट लगना, वात वृद्धि आदि कारणों से पीठ में दर्द हो सकता है।

आप जिस स्कूटर या मोटरसाइकिल का प्रयोग करते हैं यदि उसके शाक अब्जॉर्बर खराब हो गए हो तभी भी कंधे व पीठ में दर्द संभव है। ज्यादा झुक कर कार्य करना,एक हाथ से वजन उठाना घंटों एक ही आसन में बैठे रहना भी पीठ के दर्द को बढ़ा सकता है।

पीठ पर रूमाटाइज तेल या उंझा महानारायण तेल की मालिश करें। रूमाटाइज टीकिया, उंझा महायोगराज गुग्गुलु व उंझा वातगजांकुश रस की टिकिया दिन में तीन बार भोजन के बाद लेवे। उंझा अश्वगंधारिष्ट,उंझा दशमूलारिष्ट 10– 10 मिलीलीटर दवा को दुगने पानी में मिलाकर भोजन के बाद लेवे। नित्य हल्का व्यायाम करें, टहले व सदा प्रसन्नचित्त रहें। गरिष्ठ भोजन, वातकारक आहार,कंदमूल (आलू, रतालू,अरबी,मूली आदि) का सेवन एवम् रात्रिजागरण ना करें। बासी खाद्याअन्न व ठंडा पेय,आइसक्रीम आदि के सेवन से बचें।

**प्रश्न : मेरी उम्र 25 वर्ष है। दांतों में कीड़ा लग गया है। बहुत दर्द करता है । कृपा कर सरल आयुर्वेदिक उपाय बताए । - मोहम्मद अल्ताफ, हैदराबाद**

उत्तर : आपकी स्तिथि ' कृमिदंत ' या डेंटल केरीज कहलाती है। वात दोष के प्रकोप से दांतों में खाली स्थान या दंतखात ( डेंटल कैविटीज) बन जाती है और इससे दंतक्षय होने लगता है। इस दंतक्षय से दांतो - मसूड़ों में शोथ, स्राव, दांतों का हिलना या दांतो का ढीलापन होकर तीव्र वेदना प्रारंभ हो जाती है।

तुरंत लाभ के लिए लवंग तैल लगाएं । बाद में ऊंझा इरिमेदादी तैल का प्रयोग करें। तीव्र वेदना में घी में भी हिंग को दंतखात ( डेंटल केविटीज ) में भर दे । यह सारी चिकित्सा सामयिक चिकित्सा होगी । पूर्ण लाभ के लिए आप दंतरोग विशेषज्ञ से मिले । केविटीज को भरवाएं। यदि दांत ज्यादा खराब हो गए हो तब सलाह लेकर ' रुट केनाल थेरेपी ' कराए।


**डॉ.च.पुरुषोत्तम बिदादा**

email :
purushottambidada
@gmail.com


आप अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का यदि आयुर्वेदिक इलाज चाहते हैं तो अपनी समस्या संक्षेप में हमें लिखकर भेजें। अपने पत्र पर नीचे दिया गया कूपन अवश्य कचपकाएं।

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी
स्वतंत्र वार्ता
396, लोअर टैंक बंड,
हैदराबाद-80



# हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

## सेंसेक्स 455 अंक चढ़ने में सफल, निफ्टी 25000 के पार

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सोमवार को हरे निशान पर बंद हुए। भारतीय के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की खबर के बाद भारतीय शेयर में तेजी देखी गई। साथ ही, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से यूरोपीय संघ पर लगे 50 प्रतिशत टैरिफ को 9 जुलाई तक टालने जैसे सकारात्मक रुख ने भी बाजार पर असर डाला। इसके बाद ऑटो और आईटी के शेयरों में उछाल आया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 455.37 अंक या 0.56 प्रतिशत उछलकर 82,176.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 771.16 अंक या 0.94 प्रतिशत उछलकर 82,492.24 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 148 अंक या 0.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,001.15 पर आ गया। यह 16 मई के बाद से अब तक का सबसे उच्चतम स्तर है।

**सेंसेक्स कंपनियों का कैसा रहा हाल?**

सेंसेक्स के शेयरों में प्रमुख ट्रैक्टर और ऑटो निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा में सबसे ज्यादा 2.17 फीसदी की तेजी आई। एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, नेस्ले, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, लार्सन एंड टूब्रो और टेक महिंद्रा सबसे ज्यादा लाभ में रहे। वहीं इटरनल, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, टाटा स्टील और कोटक महिंद्रा बैंक पिछड़ गए। इटरनल में सबसे ज्यादा 4.51 फीसदी की गिरावट आई। भारतीय बाजारों में यह उछाल कई कारणों की वजह से देखा गया। चौथी अर्थव्यवस्था बनने के अलावा भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2025 के लिए सरकार को रिकॉर्ड 2.69 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देने की घोषणा की। यह 2023-24 की तुलना में 27% अधिक है। इससे भारत को अमेरिकी टैरिफ से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने और पाकिस्तान के साथ संघर्ष के कारण रक्षा पर खर्च बढ़ाने में मदद मिलेगी। अमेरिका के यूरोपीय संघ के साथ अस्थायी टैरिफ समझौते के साथ-साथ डॉलर सूचकांक में गिरावट ने घरेलू बाजारों को लाभ दिया। इनसे पता चलता है कि व्यापार वार्ता रचनात्मक रूप से आगे बढ़ रही है, जिससे बाजार में अस्थिरता को कम करने में मदद मिल सकती है।

**दक्षिण-पश्चिम मानसून का भी भारतीय बाजारों पर पड़ा असर**

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध विश्लेषक विनोद नायर ने कहा, इन सबके अतिरिक्त दक्षिण-पश्चिम मानसून के समय से पहले आने और घरेलू बॉन्ड में गिरावट का असर पड़ा है। इसने निवेशकों को जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों पर अपना ध्यान केंद्रित रखने के लिए प्रोत्साहित किया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने शनिवार को केरल में दस्तक दे दी है। 2009 के बाद से भारतीय मुख्य भूमि पर इसका सबसे जल्दी आगमन है। 2009 में 23 मई को मानसून दक्षिणी राज्य में पहुंचा था।

**शुक्रवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुई**

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी और जापान का निक्केई 225 सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। मध्य सत्र में यूरोप के बाजार बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.17 प्रतिशत बढ़कर 64.89 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# ना टैंक, ना टी-शर्ट पता चल गया ट्रंप कहां करेंगे टैरिफ के पैसों का इस्तेमाल, खुद ही कर दिया खुलासा



नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। अभी तक ट्रंप टैरिफ का वॉर खत्म नहीं हुआ है। ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में टैरिफ का जिक्र कर एक तरह से ट्रेड वॉर शुरू कर दिया है। इस समय ट्रंप ने भारत समेत दुनिया के कई देशों पर टैरिफ लगाया है। लेकिन अब ट्रंप ने खुद ही खुलासा कर दिया है कि वो टैरिफ की रकम का इस्तेमाल कहां करेंगे। टैरिफ के रकम पर ट्रंप का कहना है कि उनकी टैरिफ नीति की ध्यान सैन्य और तकनीकी घरेलू प्रोडक्ट्स को बढ़ावा देना है। इस समय उनका ध्यान टी-शर्ट और स्नीकर्स पर नहीं है। ट्रंप का कहना है कि उनकी टैरिफ नीति का ध्यान सैन्य और तकनीकी डिवाइस के घरेलू प्रोडक्ट को बढ़ावा देना है। ट्रंप ने कहा "हम स्नीकर्स और टी-शर्ट बनाने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। हम सैन्य प्रोडक्ट्स जैसे- बड़ी चीजें, एआई, कंप्यूटर, चिप्स, टैंक और जहाज बनाना चाहते हैं।इसपर ट्रंप का कहना है कि हमने वैश्विक बाजारों में उथल -पुथल मचा दी है। शुक्रवार को ट्रंप ने यूरोपीय संघ के सामानों पर 1 जून से 50 प्रतिशत टैरिफ का प्रस्ताव देकर अपने व्यापार रुख को फिर से हवा दी है। इतना ही नहीं उन्होंने अमेरिका में बेचे जाने वाले सभी इम्पोर्टेड आईफोन पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही है। इससे पहले ट्रंप ने एप्पल कंपनी को भी 25% टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर वो प्रोडक्शन अमेरिका में शिफ्ट नहीं करते हैं तो ऐसा किया जाएगा। शुरुआत में ऐप्पल को अलग-थलग करते हुए, ट्रम्प ने बाद में सैमसंग सहित सभी कंपनियों को शामिल करने की धमकी का विस्तार करते हुए कहा कि ये अनुचित होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका में बेचे जाने वाले फोन घरेलू स्तर पर बनाए जाने चाहिए – चीन, भारत या अन्य जगहों पर नहीं। इसपर ट्रंप ने गोल्डन डोम मिसाइल रक्षा प्रणाली का भी प्रस्ताव रखा है। इससे स्टार वार्स के समय के विवाद को फिर से हवा भी मिल सकती है। इस अवधारणा में हथियारों को अंतरिक्ष में रखने की बात कही गई थी। 175 अरब डॉलर की योजना में रूस, चीन, उत्तर कोरिया और ईरान जैसे विरोधियों से परमाणु और पारंपरिक खतरों को रोकने के लिए मिसाइलों को लॉन्च करने में सक्षम होगा।

# पाकिस्तान के दोस्त तुर्की को बड़ा झटका देने की तैयारी में आरवीएनएल से एक साल पुरानी डील होगी खत्म!



नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की ने पाकिस्तान का पूरा साथ दिया था। इस कारण देश में तुर्की के बहिष्कार की मांग उठ रही है। सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए तुर्की की कंपनी सेलेबी को दी गई सिक्योरिटी क्लीयरेंस वापस ले ली है। इस बीच रेल मंत्रालय की कंपनी रेल विकास निगम लिमिटेड भी तुर्की को बड़ा झटका देने की तैयारी में हैं। इस कंपनी ने पिछले साल तुर्की की इंजीनियरिंग फर्म तुमास के साथ एक एग्रीमेंट किया था। लेकिन मिंट की एक खबर के मुताबिक आरवीएनएल अब इस डील को खत्म करने की तैयारी में है। यह एग्रीमेंट रेलवे, मेट्रो जैसे इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स में पार्टनरशिप और सहयोग से जुड़ा है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि दोनों कंपनियों के बीच पिछले साल अप्रैल में डील हुई थी लेकिन एक साल बीत जाने के बावजूद इस पर कोई प्रोग्रेस नहीं हुई है। आरवीएनएल इस डील से जुड़े एमओयू को सस्पेंड कर सकती है और फिर इसे पूरी तरह खत्म किया जा सकता है। कंपनी इस बात की समीक्षा करेगी कि उसे इस पार्टनरशिप की जरूरत है या नहीं। किसी और देश की कंपनी के साथ पार्टनरशिप की जा सकती है। तुर्की का बहिष्कार जानकारों का कहना है कि आरवीएनएल के लिए अब इस पार्टनरशिप का कोई मतलब नहीं रह गया है। कंपनी अब कई देशों की कंपनियों के साथ पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप कर रही है। इनमें यूएई, यूरोप, साउथ कोरिया और स्पेन की कंपनियां शामिल हैं। इससे आरवीएनएल की क्षमताएं बढ़ेंगी। तुर्की ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जिस तरह खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया, उससे देश में उसके खिलाफ नाराजगी है। सोशल मीडिया पर बॉयकॉट तुर्की कैंपेन चल रहा है।

# महाराष्ट्र में बारिश से बिगड़ सकता है किचन का बजट, आपूर्ति की कमी से बढ़ सकती है प्याज की कीमत

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के प्याज उगाने वाले इलाकों में बेमौसम बारिश हुई है। नासिक और पुणे जैसे मुख्य क्षेत्रों में फसलों को भारी नुकसान हुआ है। इससे प्याज की आपूर्ति कम होने और कीमतों में वृद्धि होने की आशंका है। मई की शुरुआत से ही राज्य के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। रबी की फसल कटने के समय हुई इस बारिश से काटी गई और खड़ी प्याज की फसलें बर्बाद हो गई हैं। इससे किसानों को फिर से नुकसान हो रहा है और सप्लाई चेन बाधित हो गई है। इससे आने वाले हफ्तों में बाजार में प्याज की आपूर्ति कम हो सकती है और कीमतें बढ़ सकती हैं। बारिश से प्याज की फसल को भारी नुकसान हुआ है। कोंकण, नासिक, पुणे, कोल्हापुर, छत्रपति संभाजीनगर, लातूर, अमरावती और नागपुर जैसे प्याज उगाने वाले क्षेत्रों में 6 मई से लगातार बारिश हो रही है। धुले, अहिल्यानगर, सोलापुर, बीड, धाराशिव, अकोला, जालना, बुलढाणा और जलगांव के किसानों ने भी अचानक हुई बारिश के कारण फसल नुकसान की सूचना दी है। महाराष्ट्र राज्य प्याज उत्पादक किसान संघ के संस्थापक अध्यक्ष भरत दिघोले ने बताया धुले, नासिक, अहिल्यानगर, छत्रपति संभाजीनगर, पुणे, सोलापुर, बीड, धाराशिव, अकोला, जालना, बुलढाणा और जलगांव के प्याज उगाने वाले जिलों में बेमौसम बारिश हुई है। कीमतें पहले से ही कम थीं और बेमौसम बारिश के कारण और गिर गई हैं। जिन किसानों ने मार्च से पहले जल्दी फसल काट ली थी, उन्हें अच्छी उपज मिली। लेकिन, जिन्होंने अप्रैल या मई तक इंतजार किया, उनकी फसलें पहले अत्यधिक गर्मी और फिर बारिश से प्रभावित हुईं। मौसम में अचानक बदलाव के कारण खुले खेतों में जमा प्याज और कटाई का इंतजार कर रही खड़ी फसलें दोनों प्रभावित हुई हैं। 20 मई तक लासलगांव बाजार में प्याज की औसत कीमत 1,150 प्रति क्विंटल थी। लेकिन फसल खराब



होने के कारण बाजार में प्याज की आवक कम हो सकती है। इससे थोक कीमतों पर निकट भविष्य में दबाव बढ़ सकता है। साल 2024-25 में, महाराष्ट्र में 6,51,965 हेक्टेयर में प्याज की खेती की गई थी। यह 2023-24 में 4,64,884 हेक्टेयर और 2022-23 में 5,53,212 हेक्टेयर से काफी अधिक है। इसमें अकेले नासिक का योगदान इस साल 2,90,136 हेक्टेयर था। 2019 से केंद्र सरकार द्वारा निर्यात पर बार-बार प्रतिबंध लगाने के बावजूद भारत ने प्याज के निर्यात की मात्रा को स्थिर बनाए रखा है। महाराष्ट्र देश का प्रमुख प्याज निर्यातक बना हुआ है। दिघोले ने कहा कि 2018-19 में 21.83 लाख टन प्याज का निर्यात किया गया जिससे 3,468 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा आई। 2019-20 में 11.49 लाख टन का निर्यात किया गया और राजस्व 2,320 करोड़ रुपये था। 2021-22 में यह 15.73 लाख टन और 3,432 करोड़ रुपये था। इसी तरह 2022-23 में हमने 25.25 लाख टन प्याज का निर्यात किया और 4,522 करोड़ रुपये कमाए। 2023-24 के लिए यह आंकड़ा 17.17 लाख टन और 3,922 करोड़ रुपये था।दिघोले ने घरेलू वितरण और निर्यात रणनीतियों की योजना बनाने में मदद करने के लिए एक स्पष्ट राष्ट्रीय उत्पादन अनुमान की मांग की। ऐसी स्थिति में कोई कमी नहीं होगी और उपभोक्ताओं को किफायती प्याज मिल सकता है। जब प्याज की कीमतें बढ़ती हैं, तो सरकार निर्यात शुल्क, न्यूनतम निर्यात मूल्य और निर्यात पर प्रतिबंध लगाकर इसे नियंत्रित करने के लिए कदम उठाती है।

# 5000 करोड़ की इस कंपनी में क्यों है गौतम अडानी की दिलचस्पी, क्या होने वाली है कोई बड़ी डील?




नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। गौतम अडानी की दिलचस्पी अहमदाबाद की कंपनी डायमंड पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (डीपीआईएल) में हिस्सेदारी खरीदने की दौड़ में सबसे आगे है। दो और कंपनियां भी इस हिस्सेदारी के लिए दौड़ में हैं।

देश के दूसरे सबसे अमीर आदमी गौतम अडानी का ग्रुप डीपीआईएल में इसलिए दिलचस्पी दिखा रहा है क्योंकि ये अपने वेंडर इकोसिस्टम को और भी बेहतर बनाना चाहता है। आने वाले कुछ साल में अडानी ग्रुप का कैपिटल एक्सपेंडिचर और तेजी से आगे बढ़ने वाला है।

**डीपीआईएल बिजली के जुड़े कई काम करती है**

डीपीआईएल एक ऐसी कंपनी है जो बिजली के जुड़े कई काम करती है। ये केबल, कंडक्ट, ट्रांसमिशन और टावर जैसे सेक्टर में काम करती है। कंपनी ट्रांसमिशन लाइन टावर और उनके पार्ट्स बनाने और लगाने का काम भी करती है। ये काम कंपनी सब कुछ खुद ही करती है। कंपनी की इलेक्ट्रिक इंडस्ट्री में वायर एंड केबल की हिस्सेदारी करीब 40 फीसदी है। इसका मार्केट 2023 तक 8.7 अरब डॉलर था जिसके 2032 में 17 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, डायमंड पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (डीपीआईएल)में हिस्सेदारी खरीदने के लिए तीन कंपनियां बातचीत कर रही है जिसमें अडानी ग्रुप भी शामिल है। डीपीआईएल के प्रमोटरों के पास अभी कंपनी की 90 प्रतिशत हिस्सेदारी है। जो मार्च 2024 में 94.88 प्रतिशत थी। सेबी के नियमों के अनुसार, कंपनी में अपनी हिस्सेदारी को घटाकर 75 प्रतिशत पर लाना है। ये डील 60 दिनों में हो जाएगी। कंपनी का मार्केट कैपिटलाइजेशन लगभग 5 हजार करोड़ रुपए है। लेकिन अभी तक ये नहीं पता चला है कि कंपनी कितनी हिस्सेदारी बेचना चाहती है। अडानी ग्रुप कंपनी में हिस्सेदारी खरीदने के बाद मौजूदा मैनेजमेंट को ही कामकाज संभालने दे सकता है। ऐसा ही कुछ कंपनी ने अपने कंस्ट्रक्शन कंपनी पीएसपी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के साथ किया था। इस कंपनी में अडानी ग्रुप ने पिछले साल 685 करोड़ रुपए में 30.07 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी था। वहीं, पिछले साल अक्टूबर में अडानी ग्रुप की कंपनी रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी ने आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया में बड़ी हिस्सेदारी को खरीदा था।

# मालिक बदलते ही बदल गई अनिल अंबानी की इस कंपनी की किस्मत, 12.5% उछला प्रॉफिट

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। अनिल अंबानी के हाथों से निकल चुकी बीमा कंपनी रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने फाइनेंशियल ईयर 2025 में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह रिलायंस कैपिटल की कंपनी है जिसे हाल ही में हिंदूजा ग्रुप की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड ने खरीद लिया था। मार्च 2025 में खत्म हुए वित्तीय वर्ष में कंपनी का मुनाफा 12.5% बढ़कर 315 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी पिछले तीन साल से दिवालियापन की प्रक्रिया से गुजर रही थी। कंपनी ने बताया कि उसका कुल ग्रॉस डायरेक्ट प्रीमियम 7.4% बढ़कर 12,548 करोड़ रुपये हो गया। यह जनरल इंश्योरेंस इंडस्ट्री की 5.2% की वृद्धि से ज्यादा है। कंपनी की नेटवर्थ भी 10.2% बढ़कर 3,429 करोड़ रुपये हो गई। आईआईएचएल ने रिलायंस कैपिटल को दिवालियापन प्रक्रिया के जरिए मार्च 2025 में खरीदा था। इसके बाद मई 2025 में रिलायंस जनरल इंश्योरेंस में 100 करोड़ रुपये डाले गए। दिवालियापन की प्रक्रिया के दौरान ही नए मालिक ने कंपनी को स्थिर रखने के लिए



300 करोड़ रुपये की पूंजी डाली थी। मार्च 2025 के अंत में कंपनी का सॉल्वेंसी मार्जिन 159% था। यह जरूरी नियामक आवश्यकता 150% से काफी ऊपर है। सॉल्वेंसी मार्जिन का मतलब है कि कंपनी के पास अपने दावों का भुगतान करने के लिए पर्याप्त पैसा है। रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के सीईओ राकेश जैन ने कंपनी के प्रदर्शन पर कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 एक अनुशासित तरीके से काम करने, रणनीतिक निवेश करने और मुश्किल बाजार में भी मजबूत विकास करने का साल रहा। हम लाखों भारतीयों की उम्मीदों को सुरक्षित रखने के लिए नए और भरोसेमंद इंश्योरेंस समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# स्पाइसजेट को कोर्ट से मिली बड़ी राहत

## वरना लग जाती 1,300 करोड़ रुपये की चपत

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। दिल्ली हाई कोर्ट ने स्पाइसजेट को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने केएएल एयरवेज और बिजनेसमैन कलानिधि मारन की उस अपील को ठुकरा दिया, जिसमें वो स्पाइसजेट से 1,300 करोड़ रुपये से ज्यादा का डैमेज मांग रहे थे। स्पाइसजेट ने सोमवार को स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि ये फैसला 23 मई 2025 को आया।


ये अपील पहले ही एक आर्बिट्रेशन ट्रिब्यूनल और दिल्ली हाई कोर्ट के सिंगल जज बेंच ने रिजेक्ट कर दी थी।स्पाइसजेट ने कहा कि इन क्लेम्स को तीन रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट जजों ने अच्छे से चेक किया और रिजेक्ट कर दिया। फिर मारन और केएएल एयरवेज ने दिल्ली हाई कोर्ट के सिंगल जज बेंच में अपील की, वही डैमेज मांगा, लेकिन कोर्ट ने उसे भी ठुकरा दिया। ये झगड़ा 10 साल से ज्यादा पुराना है। 2010 में मारन और केएएल एयरवेज ने स्पाइसजेट में 58.46% स्टेक लिया, जो पहले 37.7% था। लेकिन फरवरी 2015 में, उन्होंने रिवाइवल डील के तहत सारा स्टेक स्पाइसजेट के ओरिजिनल फाउंडर अजय सिंह को ट्रांसफर कर दिया। मारन का कहना था कि उन्होंने 679 करोड़ रुपये वॉरंट्स और प्रेफरेंस शेयर्स के लिए दिए, जो कभी इश्यू ही नहीं हुए। यहीं से कानूनी लड़ाई शुरू हुई। पहले आर्बिट्रेशन ट्रिब्यूनल ने मारन के फेवर में फैसला दिया और स्पाइसजेट को ब्याज समेत 579 करोड़ रुपये लौटाने को कहा। लेकिन 2024 में दिल्ली हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को पलट दिया और केस को दोबारा चेक करने को कहा। इसके बाद मारन ने 1,323 करोड़ का डैमेज मांगा, जिसे स्पाइसजेट ने बकवास और पहले से रिजेक्टेड बताया।

**स्पाइसजेट के शेयरों में उछाल**

कोर्ट के फैसले के बाद स्पाइसजेट के शेयर्स में उछाल देखने को मिला। बीएसई पर सुबह 11:05 बजे 2.62% बढ़कर 44.98 प्रति शेयर पर पहुंच गए। वहीं, बीएसई पर कंपनी का मार्केट कैप 5,766.38 करोड़ रुपये है।

# सोने में गिरावट, चांदी के दाम बढ़े

## सोना 89 गिरकर 95382 पर आया, चांदी 97710 किलो हुई



नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। सोने के दाम में आज यानी 26 मई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 89 कम होकर 95,382 पर आ गया है। इससे पहले सोने की कीमत 95,471 प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी का भाव 801 बढ़कर 97,710 हो गया है। इससे पहले चांदी का भाव 96,909 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**भोपाल सहित 4 महानगरों में सोने की कीमत**

दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 89,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 97,790 रुपए है।

मुंबई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 89,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 97,640 रुपए है।

कोलकाता : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 89,500 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 97,640 रुपए है।

चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 89,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 97,640 रुपए है।

भोपालः 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 89,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 97,690 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 89,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 97,920 रुपये है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**



श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947,सूर्य उत्तरायणे,ऋतु- ग्रीष्म
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000 सूर्योदय - 05-45
भोग्य कलि वर्ष-426874 सूर्यास्त - 18-40
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय |
|---|---|---|
| सूर्य- | वृष मे | वृष--- 05-00 बजे |
| चंद्र- | वृष मे | मिथुन.. 07-00 बजे |
| मंगल | कर्क मे | कर्क-- 09-13 बजे |
| बुध- | वृष मे | सिंह--- 11-24 बजे |
| गुरु- | मिथुन मे | कन्या...13-31 बजे |
| शुक्र- | मीन मे | तुला.....15-38 बजे |
| शनि- | मीन मे | वृश्चिक..17-46 बजे |
| राहु- | कुंभ मे | धनु..... 20-00 बजे |
| केतु- | सिंह मे | मकर... 22-06 बजे |
| | | कुंभ... 23-57 बजे |
| | | मीन.... 01-35 बजे |
| | | मेष..... 03-11 बजे |

दिशाशूल - उत्तर - गुड खाकर घर से निकले
तिथि- अमावस्या 08-32 तक उपरान्त प्रतिपदा क्षय
मास - ज्येष्ठ शुक्ल , मंगलवार 27 May
नक्षत्र - रोहिणी 02-50 तक उपरान्त मृगशिरा
योग - सुकर्मा 22-53 तक उप अतिगण्ड
करण- नाग 15-51 तक उप किस्तुघ्न
विशेष:- देवकार्ये अमावस्या भावुका
व्रत -त्योहार - श्री शनि जयन्तश्री सन्त ज्ञानेश्वर ज.

विशेषः- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल** 15:29 से 17:06 तक

**पं महेशचन्द्र शर्मा** मो. 9247132654, 9167555710

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| रोग 05:45 - 07:20 अशुभ | काल 18:44 - 20:06 अशुभ |
| उत्पात 07:20 - 08:58 अशुभ | लाभ 20:06 - 21:29 शुभ |
| चंचल 08:58 - 10:36 शुभ | उत्पात 21:29 - 22:51 अशुभ |
| लाभ 10:36 - 12:13 शुभ | शुभ 22:51 - 00:13 शुभ |
| अमृत 12:13 - 13:51 शुभ | अमृत. 00:13 - 01:36 शुभ |
| काल 13:51 - 15:29 अशुभ | चंचल 01:36 - 02:58 शुभ |
| शुभ 15:29 - 17:06 शुभ | रोग 02:58 - 04:20 अशुभ |
| रोग. 17:06 - 18:40 अशुभ | काल. 04:20 - 05:45 अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,
आज आप खरीदारी सम्बन्धी किसी ऑफर या लाटरी तिच्क्त खरीदने का जोखिम उठा सकते हैं । आपका भाग्य आपके साथ है ,इसलिए जीतने का अच्छा मौका आपके पास रहेगा । स्थिति आपसे अपने दृष्टिकोण पर दृढ बने रहने की अपेक्षा कर सकती है । आपकी चुप्पी को गलत समझा जाएगा और उसपर सवाल खड़े किये जायेंगे ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आप एक आशावादी व्यक्ति हैं और आज यह बात सबको जान्ने देने और इससे लाभ उठाने का दिन है । इससे आपकी छवि एक प्रेरणात्मक वक्ता की बनेगी,जिसकी कोशिश आप लम्बे समय से करते आ रहे हो । समाज में आपके सम्बन्ध जिन लोगों के साथ बहुत अच्छे नही हैं।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह,
आपके परिवारवालों को नजदीकी संबंधियों से होने वाली परेशानी के कारण आपको भी प्रतिबंधों का सामना करना होगा । ये लम्बे समय तक नही रहेंगे लेकिन आपको काफी प्रभावित करेंगे,इसीलिए इनके प्रभाव से बचने की कोशिश करें । आज आप कोई घरेलू उपयोग का उपकरण खरीदेंगे ,या घर की नियमित साफ़-सफाई के चलते कम उपयोगी सामान को बेच देंगें ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
अपने घर से जुडी किसी अच्छी खबर के लिए तैयार रहें । निवास स्थान में बदलाव संभव है या नया घर खरीदने की योजना को अंतिम रूप दे सकते हैं । अपनी सकारात्मक ऊर्जा का लाभ उठायें । अगर आप कुछ समय से अपने घर या इसके किसी हिस्से को को नया रूप देने के बारे में सोच रहे हैं तो यह समय इसके लिए बहुत अच्छा है ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
गृहों की स्थिति आपको आज बहुत अधिक सामाजिक होने को कह रही है । आप दूसरों से बातचीत के माध्यम से अपनी जीवनशैली और करियर में बदलाव लाना चाहते हैं । जो कुछ आपने सोचा है .वो सब करने की कोशिश करें । आप जो भी करना चाहते हैं,उसपर अच्छे से ध्यान केन्द्रित क्र सकते हैं ,बस इतना ध्यान रखें कि अपनी क्षमता से अधिक जिम्मेदारी न लें ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आज आप खुद को अधिक समर्पित अनुभव करेंगे और सारा लंबित काम निपटा लेंगे । ये सारा काम ख़त्म करके आपको एक तरह की संतुष्टि मिलेगी जिसे आपके अन्य करीबी भी नोट करेंगे । इसका नतीजा यह होगा की आपको घर और कार्यस्थल ,दोनों ही जगह अधिक सराहना मिलेगी ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आप आज सृजनात्मक महसूस करेंगे और बहुत सारे कामों के लिए खुद को तैयार पायेंगे । हालंकि आपको यह वास्तविक भय रहेगा कि दूसरे क्या सोचेंगे और कहेंगे ? आपको यह समझना है कि सही नजरिये से आधा काम तो बिना किये ही हो जाता है । यद्यपि सृजनात्मक और ऊर्जापूर्ण रहने के बावजूद आपका आत्मविश्वास आज साथ नही देगा ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
इस बात के लिए अधिक सोच विचार ना करें कि अप्रत्याशित घटनाएँ क्यों हो रही हैं या बहुत देर क्यों हो रही है ? ये आपके भले के लिए भी हो सकता है जिसके फायदे अभी आपको दिखाई नही दे रहे हैं । अपनी बेहतरीन परफॉरमेंस देने के लिए कुछ नया प्रयोग करें । इससे आपको भी अपने रोजमर्रा के नियमित कार्यक्रम से थोड़ी राहत मिलेगी ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आपके सामने इन दिनों कुछ नई चीजें आई हैं । अपने सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें । पूछे गये प्रश्नों का जवाब दें । आपको अभी और भी प्रयास करने हैं और इससे आपकी तरक्की की मजबूत नींव पड़ेगी । इन सबके बीच खुद को तरोताजा करना और खुश रखना न भूलें ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज का दिन अपने जीवन की वर्त्तमान स्थिति का मूल्यांकन करने और अपनी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर बांटने के लिए बिलकुल उपयुक्त है । अगर आप पिछले कुछ समय से आलसी महसूस कर रहे हैं और काफी सारा काम इकठ्ठा हो गया है,आज अपने अन्दर असीमित ऊर्जा अनुभव करेंगे जिससे आपके ये अधूरे काम संतोषजनक ढंग से पूरे हो पायेंगे ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज का दिन मौज मस्ती के नाम रहेगा । आज सगे सम्बन्धियों से मुलाकात हो सकती है ,फोन या मेल के द्वारा भी संपर्क हो सकता है । वर्त्तमान समय अपने सामाजिक कौशलों को निखारने तथा आने वाली पार्टियों के लिए खुद को तैयार करने का बिलकुल सही समय है । दिन के आगे बढ़ने के साथ साथ वित्तीय परेशानियां अपने आप दूर होती जायेंगी ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आप पिछले कुछ दिनों से काफी व्यस्त दिनचर्या बिता रहे हैं । अब सारी चीजों को व्यवस्थित करने का समय है । आज आपको तुलनात्मक रूप से थोड़ी राहत मिलेगी,लेकिन आपको इस समय का उपयोग अपनी सब चीजों को व्यवस्थित करने में लगाना चाहिए । नही तो सब कुछ और अधिक उलझता जाएगा और आप स्थिति के नियंत्रण से बाहर होने के कारण और भी अधिक परेशान रहेंगे ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# पुलिस की बड़ी कामयाबी

## राहुल सिंह गैंग के 7 सदस्य हथियार के साथ गिरफ्तार, लूट और रंगदारी की योजना नाकाम

लातेहार, 26 मई (एजेंसियां)। लातेहार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चंदवा थाना क्षेत्र के पन्नाटांड़ जंगल से कुख्यात अपराधी राहुल सिंह गैंग के सात सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि गैंग के सदस्य अमझरिया कैंप के पास लूट और रंगदारी की योजना बना रहे हैं। इसके बाद लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम ने जंगल में घेराबंदी कर सभी को धर दबोचा।



गिरफ्तार अपराधियों की पहचान रोहित कुमार, कुंदन तूरी, विशाल लोहरा, शुभम लोहरा, प्रमोद लोहरा, विक्रांत सिंह और विनय गुप्ता के रूप में हुई है। ये सभी लातेहार, चंदवा और बालूमाथ के रहने वाले हैं।

पुलिस के अनुसार सभी की उम्र 20 से 26 साल के बीच है और ये काफी समय से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देशी पिस्तौल, 19 जिंदा कारतूस, 8 मोबाइल फोन और दो मोटरसाइकिल जब्त की हैं। बरामद मोबाइल की जांच की जा रही है, ताकि गैंग के अन्य सदस्यों और संपर्कों का पता लगाया जा सके।

पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि 9 मई को लातेहार के बोरसीदाग में पीआरए इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सड़क निर्माण साइट पर मजदूरों पर फायरिंग इन्हीं अपराधियों ने की थी। वहीं 15 मई को एमजी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड की साइट पर लेवी के लिए गोलीबारी की गई थी। दोनों घटनाएं राहुल सिंह और जेल में बंद कुख्यात बजरंगी उर्फ दीपक मेहता के निर्देश पर की गईं।

इस कार्रवाई में एसडीपीओ अरविंद कुमार के साथ चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक भवेश यादव, ललन कुमार, सहायक निरीक्षक अनोज कुमार ओझा, मनोज कुमार दुबे और सैट-44 के सशस्त्र बल शामिल थे।

# डैम में डूबने से रेलवे के जूनियर इंजीनियर की मौत

### 12 घंटे बाद मिला शव, बिलासपुर में 5 दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया था

बिलासपुर, 26 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए रेलवे के जूनियर इंजीनियर की डैम में डूबने से मौत हो गई। सत्येंद्र सिंह कंवर रविवार को नहाते समय गहराई में समा गया था। एसडीआरएफ की टीम ने आज सुबह शव बरामद कर लिया है। रविवार देर शाम से लेकर रात तक पुलिस और एसडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी रही। लेकिन, उसका पता नहीं चल सका था। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची तो जूनियर इंजीनियर का शव पानी में तैरता मिला।

सत्येंद्र सिंह कंवर (30) रेलवे के कंस्ट्रक्शन विभाग में जूनियर इंजीनियर था। वो मूलतः अंबिकापुर का रहने वाला था। रविवार को सत्येंद्र सिंह अपने पांच दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने कोटा के घोंघा जलाशय स्थित कोरी डैम गए थे।

# पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

## 5 लाख का इनामी मनीष यादव ढेर, 10 लाख का इनामी कुंदन खेरवार गिरफ्तार

लातेहार, 26 मई (एजेंसियां)। लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के करमखाड़ और दौना के बीच जंगल में रविवार देर रात से सोमवार सुबह तक पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें भाकपा माओवादी के 5 लाख रुपए का इनामी नक्सली कमांडर मनीष यादव को ढेर कर दिया गया है। पुलिस ने मौके से 10 लाख रुपए के इनामी नक्सली कुंदन खेरवार को गिरफ्तार किया है।

मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।पलामू डीआईजी वाईएस रमेश ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मनीष यादव अपने दस्ते के साथ जंगल में घूम रहा था। इसकी सूचना लातेहार पुलिस को मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम गठित कर नक्सलियों की घेराबंदी की गई।

पुलिस को देखते ही माओवादियों ने फायरिंग करना शुरू कर दिया। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में मनीष यादव को मार गिराया गया है। मुठभेड़ के बाद पुलिस की चर्च अभियान जारी है। पुलिस ने मौके से दो ऑटोमैटिक राइफल भी बरामद की है। उन्होंने बताया कि पुलिस के लिए यह बड़ी उपलब्धि है।



पुलिस ने लगातार को बड़ी उपलब्धि मिल रही है। दो दिन पहले ही सदर थाना क्षेत्र के ईचाबार जंगल में पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में जेजेएमपी के सुप्रीमो 10 लाख के ईनामी पप्पू लोहरा व 5 लाख के ईनामी प्रभात गंझू को मार गिराया गया था।

इसके दो दिन ठीक बाद माओवादियों के आतंक का पर्याय बन मनीष यादव को मार गिराया गया है। जबकि कुख्यात नक्सली कुंदन खरवार को गिरफ्तार किया गया है। इससे स्पष्ट है कि पुलिस ने जिले में एंटी नक्सल अभियान को लेकर तेज कर दी है।

मारा गया 5 लाख का इनामी मनीष यादव हिंसक घटनाओं देने के लिए जाना जाता था। छोटू खरवार की मृत्यु के बाद महुआडांड़ क्षेत्र में संगठन की कमान मनीष ही चलाता था। महुआडांड के क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों में हिंसक घटनाओं का अंजाम दिया था।

**इन घटनाओं में रही है भूमिका**

23 में 2025 को भी महुआडांड के चुटिया बेलवार मार्ग में पुलिया निर्माण में कार्य कर रहे हैं मजदूरों के साथ मारपीट की थी।

30 अप्रैल 2025 की रात झारखंड और छत्तीसगढ़ के बॉर्डर पर स्थित महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ओरसापाट गांव के पास बन रहे सड़क निर्माण कार्य के साइडिंग पर हथियारबंद नक्सलियों ने हमला कर दिया था।

कई गाड़ियों में आग लगा दी थी। मुंशी मोहम्मद अयूब की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना में कुंदन खरवार व मनीष यादव के टीम ने ही घटना को अंजाम दिया था।

# पत्रकारों से मारपीट करने वालों का निकला जुलूस

## पिस्टल लेकर आए वसीम ने धमकाया था, मंत्री जायसवाल बोले– ऐसे लोगों को मिट्टी में मिला देंगे

रायपुर, 26 मई (एजेंसियां)। रविवार देर रात अंबेडकर अस्पताल में बाउंसर्स ने मीडियाकर्मियों के साथ मारपीट की। रिपोर्टर्स रायपुर में हुई चाकूबाजी की घटना की रिपोर्टिंग करने पहुंचे थे। इस दौरान रिपोर्टर को बाउंसर्स ने घायल शख्स से बातचीत करने और न्यूज बनाने से रोका। इसके बाद बाउंसर्स पत्रकार से हाथापाई पर उतर आए।

इसकी खबर मिलते ही रायपुर के अन्य पत्रकार और प्रेस क्लब के पदाधिकारी भी अस्पताल पहुंचे। बाउंसर्स ने सभी पत्रकारों के साथ पुलिस के सामने ही धक्का-मुक्की शुरू कर दी। इस मामले में तीन बाउंसर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के आधे सिर मुंडवाकर जुलूस भी निकाला।

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि पत्रकारों को धमकाने और व्यवहार करने वाले लोगों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। अंबेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने मारपीट करने वाले बाउंसर एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया।

वहीं पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि मेकाहारा अस्पताल, प्रदेश के सबसे बड़े और प्रख्यात सरकार अस्पताल में हुई अप्रिय और हिंसक घटना बहुत चौंकाने वाली और अत्यंत निन्दनीय है।

सरकारी अस्पताल में बाउंसर के रूप में हिंसक और असामाजिक तत्वों का मौजूद होना, और पत्रकारों के विरुद्ध प्रशासन की मौजूदगी में हिंसा और बदतमीजी करना प्रदेश की कानून व्यवस्था और पत्रकारिता की स्वतंत्रता का हाल साफ दिखाता है।

प्रदेश के पत्रकार साथियों के साथ मजबूती से खड़ा हूं। उनकी सुरक्षा, रिपोर्ट और सवाल करने की स्वच्छंदता के लिए पूरी शक्ति के साथ आवाज उठाऊंगा।

बता दें कि 2 दिन पहले बिलासपुर में भी दैनिक भास्कर के फोटो जर्नलिस्ट और उनके पिता पर बदमाशों ने घर-घुसकर जानलेवा हमला कर दिया था। मोहल्ले के बदमाश युवक शेखर गुप्ता घर के बाहर गाड़ी खड़ी कर शराब पी रहे थे, मना करने पर नशेड़ियों ने उनके साथ मारपीट की थी। इस केस में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



रिपोर्टर्स को चाकूबाजी से पीड़ित वर्ग की रिपोर्टिंग करने से रोका गया। विवाद तब बढ़ा जब अस्पताल में बाउंसर सप्लाई करने वाली एजेंसी का संचालक वसीम बाबू पिस्तौल लेकर अस्पताल पहुंचा। वसीम अपने 3 बाउंसर के साथ मिलकर पत्रकारों को धमकाने लगा। पुलिस की मौजूदगी में उसने महिला सुरक्षाकर्मियों को अस्पताल के गेट से बाहर निकालकर पत्रकारों की ओर धकेलना शुरू किया।

अस्पताल के गेट पर ही पुलिस ने रिपोर्टर्स को रोका। सभी पत्रकार बाउंसर के खिलाफ कार्रवाई की मांग लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे।

लगभग 3 घंटे बीत जाने के बावजूद भी कोई कार्रवाई न होती देख सभी पत्रकारों ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर दिया।

आधी रात जब सभी पत्रकार मुख्यमंत्री आवास के गेट के बाहर धरने पर बैठ गए तो मौके पर रायपुर के एसएसपी डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह भी पहुंचे। मीडियाकर्मी मांग करने लगे कि अंबेडकर अस्पताल के अधीक्षक स्वयं यहां आए और घटना को लेकर कार्रवाई की जानकारी दें।

## हाथी का कहर

# महिला को कुचला

### मॉर्निंग वॉक पर निकली थी भागने के दौरान हाथी ने दबोचा 15 दिन में दूसरी जान गई

कोडरमा, 26 मई (एजेंसियां)। कोडरमा जिले में हाथियों का आतंक जारी है। जयनगर थाना क्षेत्र के कोसमाडीह गांव में एक और घटना सामने आई है। सुबह 4:30 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकली 55 वर्षीय अनिता देवी को हाथी ने कुचल दिया। अनिता देवी छोटू लाल यादव की पत्नी थीं। मृतका के पुत्र दिनेश यादव ने बताया कि उनकी मां को रास्ते में हाथी दिख गया। वह भागने की कोशिश कर रही थीं, लेकिन सफल नहीं हो पाईं। स्थानीय लोगों के शोर मचाने पर हाथी वहां से भाग गया।

इससे पहले 13 मई को जयनगर थाना क्षेत्र के सतडीहा गांव में एक और घटना हुई थी।

# अजीत जोगी की प्रतिमा रातों-रात हटाई गई

## गौरेला नगर-पालिका कैंपस में डैमेज मिली, 3 दिन पहले स्थापित की गई थी, जेसीसीजे कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, 26 मई (एजेंसियां)। गौरेला में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की प्रतिमा को हटाने का वीडियो सामने आया है। रविवार देर रात क्रेन के जरिए प्रतिमा को हटा दिया गया। तीन दिन पहले ही ज्योतिपुर तिहारे पर मूर्ति स्थापित की गई थी। अब मूर्ति नगरपालिका परिसर में क्षतिग्रस्त हालत में मिली। प्रतिमा का अनावरण 29 मई को अजीत जोगी की पुण्यतिथि पर होना था।

रात सवा 2 बजे प्रतिमा को हटाए जाने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि रात 2:18 बजे क्रेन की मदद से महज 4 मिनट में प्रतिमा को हटाया गया। घटना के विरोध में अमित जोगी और जेसीसी(जे) कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। गौरेला पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। अब प्रतिमा को वापस उसी जगह पर स्थापित किया गया है।

बाद में प्रतिमा नगरपालिका गौरेला परिसर में क्षतिग्रस्त हालत में मिली। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम ऋचा चंद्राकर और एसडीओपी दीपक मिश्रा मौके पर पहुंचे। गौरेला थाना प्रभारी नवीन बोरकर ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

बता दें कि तीन दिन पहले जब यह प्रतिमा रातों-रात लगाई गई थी, तब नगरपालिका के सीएमओ नारायण साहू ने आपत्ति जताई थी। उन्होंने ठेकेदार गणेश कंस्ट्रक्शन को 24 घंटे के भीतर प्रतिमा हटाने के निर्देश दिए थे। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर रोष है।

अजीत जोगी, एक ऐसी हस्ती जो जिंदगी के पड़ावों पर हर वो मुकाम हासिल करती रही, जिसे उसने चाहा। गरीब परिवार में जन्में, अभावों में पढ़ाई पूरी की। इंजीनियरिंग की, आईपीएस बने, आईएएस बने और राजनीति में आए। लोकसभा, राज्यसभा के साथ एक राज्य के पहले सीएम होने का सफर तय किया। अलग पार्टी बनाई और जनता के दिलों अपनी अलग छाप बनाने में पूरी जिंदगी में कामयाब रहे। जानिए अजीत जोगी की जिंदगी से जुड़े दिलचस्प किस्से।

# गाउन-मुखौटा पहनने वाला चोर गिरोह

## कटर से ज्वेलरी शॉप का शटर लॉक तोड़ा बोरे में सोने-चांदी के गहने भरकर भागे

बिलासपुर, 26 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में गाउन और मुखौटा चोर गिरोह नजर आया है। चोरों ने रविवार की रात एक ज्वेलरी शॉप का ताला तोड़कर लाखों रुपए के गहने पार कर दिए। इस घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। मामला मस्तूरी थाना क्षेत्र के जयरामनगर का है। जानकारी के मुताबिक, कोटमीसोनार के रहने वाले संजय सोनी रोज की तरह रविवार देर शाम ज्वेलर्स दुकान बंद कर घर चले गए। सोमवार की सुबह लोगों ने देखा कि, दुकान का शटर टूटा हुआ है। कुछ ही देर में यह खबर व्यापारियों तक पहुंच गई। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची।

पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी वीडियो की जांच की। जिसमें 5 चोर शटर तोड़कर अंदर घुसते दिखे, फिर दुकान के अंदर रखे सोने-चांदी के गहनों को बोरी में भरकर ले गए। हालांकि, चोरी की ज्वेलरी की मात्रा और कीमत का पता नहीं चल सका है। पुलिस की टीम सर्च डॉग और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की मदद से चोरों की तलाश कर रही है।

खास बात यह है कि चोर गिरोह गाउन और कार्टून वाला मुखौटा लगाए नजर आ रहे हैं। उनके हाथ में शटर तोड़ने के लिए लोहे का औजार भी है। माना जा रहा है कि चोर गिरोह अपनी पहचान छिपाने के लिए लेडीज गाउन और मुखौटा लगाए थे।

दुकान संचालक संजय सोनी के अनुसार, चोरों ने लाखों रुपए के गहने चोरी किए हैं। हालांकि यह चोरी कितने की हुई है, अभी स्पष्ट नहीं है। बताया जा रहा है कि डॉग स्क्वायड के जांच करने के बाद ही चोरी हुए गहनों का पता चल सकेगा। इसलिए अभी चोरी के गहनों का सही आकलन नहीं लगाया जा सकता।

इस मामले में मस्तूरी टीआई हरीश तांडेकर ने दावा किया है कि, चोर गिरोह केवल आधा किलो चांदी के गहने ही ले गए हैं। दुकान संचालक सोने-चांदी के गहनों को अपने साथ घर ले जाता था। कुछ चांदी के गहने और शो के लिए रखे नकली गहनों को छोड़ कर जाता था।

चोरों ने करीब एक लाख कीमती गहनों की चोरी की है।

## शराब के विवाद में मर्डर

बेमेतरा, 26 मई (एजेंसियां)। बेमेतरा जिले में शराब पिलाने की बात को लेकर हुए विवाद में एक आरोपी ने युवक के साथ जमकर मारपीट की। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पूरा मामला बेमेतरा जिले के बेरला थाना क्षेत्र के पाहंदा गांव का है। बेरला थाना प्रभारी टीआई कृष्णकांत सिंह ने बताया कि 22 मई को शाम लगभग 5:30 बजे गांव के दीपक निषाद ने शराब पिलाने की बात को लेकर मृतक रमेश साहू के साथ गाली-गलौच की।

# रायपुर में तेज बारिश, पांचों संभाग में अलर्ट

## बिलासपुर-बस्तर समेत सभी जिले भीगेंगे, बिजली गिरेगी, प्री मानसून की बारिश से 7 डिग्री तक लुढ़का पारा

रायपुर, 26 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में प्री मानसून की एंट्री से मौसम बदला हुआ है। रायपुर में तेज बारिश हो रही है। इससे पहले भिलाई में पानी बरसा। प्रदेश के सभी जिलों में आज भी यलो अलर्ट जारी है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर और सरगुजा संभाग के जिलों में बादल छाए रहने के साथ गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। बिजली गिर सकती है।

रविवार को भी दिनभर बादल छाए रहे, सुबह बौछारें पड़ी जिससे दिन का तापमान कम रहा। प्री मानसून एक्टिविटी के कारण पिछले कुछ दिन से बारिश हो रही है, जिसके कारण कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से 7 डिग्री तक लुढ़का है। मैनपाट में मौसम खुशनुमा हो गया है। सुबह से बादल छाए हैं, ठंडी हवाएं चल रही हैं।



बता दें कि देश में शनिवार को मानसून ने दस्तक दे दी है। छत्तीसगढ़ में मानसून के 5 जून से पहले पहुंचने की संभावना है। रविवार को मानसून कर्नाटक के कुछ और हिस्सों में सक्रिय हो गया है। दूसरी तरफ, दक्षिण छत्तीसगढ़ में मौजूद एक टर्फ और साइक्लोन सर्कुलेशन के कारण प्रदेशभर में बारिश हो रही है। अगले 3-4 दिनों तक प्रदेश में ऐसी ही स्थिति रहेगी।

रायपुर में भी मौसम ठंडा रहा और दिन में हल्की बारिश से दिन का तापमान सामान्य के कम रहा लेकिन बारिश और हल्की धूप रहने के कारण उमस ने लोगों को परेशान किया। रविवार को रायपुर में दिन का तापमान 34.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से 7.8 डिग्री कम रहा ।

वहीं रात का तापमान 25.9 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.5 डिग्री कम था। आज भी बादल रहने की संभावना है। दिन के तापमान में थोड़ी वृद्धि होगी। यह 36 डिग्री तक पहुंच सकता है। प्रदेश में अगले 5 दिनों तक तापमान में बहुत अधिक बदलाव की संभावना नहीं है।

# मिहिजाम में जुआ अड्डे पर पुलिस का छापा

### निर्माणाधीन मकान में चल रहा था अड्डा, 14 हजार रुपए जब्त, 2 अरेस्ट, 6 फरार

जामताड़ा, 26 मई (एजेंसियां)। मिहिजाम पुलिस ने ढेकीपाड़ा गांव में एक निर्माणाधीन मकान में चल रहे जुआ अड्डे पर छापेमारी की। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। पुलिस ने पियालशोला निवासी सलीम अंसारी (33) और निमाय मंडल (38) को जुआ खेलते हुए पकड़ा। दोनों के पास से ताश के पत्ते और 14,000 रुपए नकद बरामद हुए। छापेमारी के दौरान 6 अन्य लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने फरार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

थाना प्रभारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी लंबे समय से जगह बदल-बदल कर जुआ खेलते और खिलवाते थे। पुलिस अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखेगी।

# सरकारी शिक्षक की जंगल में मिली बॉडी

## बाजार जाने का बोल कर निकले, रात भर खोजते रहे परिजन, चेहरे पर चोट के निशान

देवघर, 26 मई (एजेंसियां)। देवघर के जसीडीह थाना क्षेत्र में एक सरकारी शिक्षक की हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान नंदकिशोर दास (52) के रूप में हुई है। वे जमुई जिले के चंद्रमंडीह प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत थे। रविवार शाम को नंदकिशोर बाजार जाने के लिए अपने घर से टावर चौक की ओर निकले थे।

देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। मोबाइल पर संपर्क का प्रयास भी किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। परिजन रात भर सदर अस्पताल और जसीडीह रेलवे स्टेशन पर उन्हें खोजते रहे।

जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह डिगरिया पहाड़ के जंगल में एक लाश मिलने की सूचना मिली। सदर अस्पताल में शव की पहचान नंदकिशोर दास के रूप में हुई। मृतक के मुंह और चेहरे पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं।

परिजनों का कहना है कि नंदकिशोर की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। उन्हें बाइक चलाना भी नहीं आता था। ऐसे में वे डिगरिया पहाड़ के जंगल तक कैसे पहुंचे, यह जांच का विषय है।

परिजनों को आशंका है कि उनकी हत्या कर लाश को जंगल में फेंक दिया गया है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। टावर चौक तक के रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। इससे यह पता चल सकेगा कि शिक्षक किसके साथ गए और उन्हें जंगल तक कैसे ले जाया गया।

# झारखंड के फिल्म मेकर लाल विजय शाहदेव कोरोना संक्रमित

## फेसबुक पोस्ट कर दी जानकारी, बताया- सेंटेविटा अस्पताल में चल रहा इलाज

रांची, 26 मई (एजेंसियां)। झारखंड के जाने-माने फिल्म निर्माता और झारखंड फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के सदस्य लाल विजय शाहदेव कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। उन्होंने खुद इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए साझा की है। शाहदेव ने फेसबुक पोस्ट में बताया कि वह इस समय रांची के सेंटेविटा अस्पताल में इलाजरत हैं और पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं। डॉक्टर मोहित नारायण की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि 22 मई को जब वे मुंबई से रांची लौट रहे थे, तभी फ्लाइट में उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए। रांची पहुंचने के बाद जब उनकी जांच हुई तो रिपोर्ट में वे कोरोना पॉजिटिव निकले। इसके बाद उन्हें तुरंत सेंटेविटा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

लाल विजय शाहदेव ने लिखा है कि वे झारखंड फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के सदस्य के रूप में कुछ फिल्मों का प्रिव्यू करने वाले थे, लेकिन तबीयत खराब होने के कारण वे यह कार्य नहीं कर पाए। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि जो भी उनके संपर्क में आए हों और जिन्हें सिरदर्द, बदन दर्द, बुखार, खांसी या सर्दी जैसे लक्षण महसूस हो रहे हों, वे तुरंत कोरोना की जांच करवाएं और डॉक्टर से परामर्श लें। उन्होंने यह भी लिखा कि भारत में अब तक 257 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं और दुर्भाग्यवश वे भी उनमें से एक हो गए हैं।

हालांकि उन्होंने विश्वास जताया कि वह जल्द ही पूरी तरह स्वस्थ होकर लौटेंगे। साथ ही, उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और कोरोना के सभी गाइडलाइन्स का पालन करने की अपील की।

# मानूसन की पहली बार प्री एंट्री

## साहिबगंज-पाकुड़ के रास्ते राज्य में प्रवेश, 31 मई तक तेज हवा, बारिश और वज्रपात

रांची, 26 मई (एजेंसियां)। झारखंड में प्री मानसून की गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं। लगभग हर दिन प्रदेश के जिलों में दोपहर बाद बारिश हो रही है। रविवार को भी राजधानी रांची के कुछ इलाकों के अलावा दूसरे जिलों में बारिश हुई। पिछले 24 घंटे में राज्य में तेज हवा के साथ मध्यम दर्जे की बारिश हुई है। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा 47.4 एमएम बारिश पूर्वी सिंहभूम के धालभूमगढ़ में हुई है।

इधर देशभर में मानसून की रफ्तार तेज है। दक्षिण पश्चिम मानसून जिस रफ्तार से बढ़ रहा है, मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि उसके मुताबिक इसके चार से 6 जून के बीच झारखंड में पहुंचने की उम्मीद है।

ऐसा 15 साल में पहली बार होगा जब मानसून समय से पहले झारखंड में दस्तक देगा। यह साहिबगंज और पाकुड़ के रास्ते राज्य में प्रवेश करेगा। 12 से 15 जून के बीच पूरे झारखंड को कवर कर लेगा। आमतौर पर मानसून के झारखंड पहुंचने की तारीख 12 जून है।

भारतीय मौसम केंद्र रांची के वैज्ञानिक का विषय का आनंद में बताया कि समय से पहले मानसून आने से राज्य में अच्छी बारिश की उम्मीद है। गौरतलब है कि पिछले 15 साल में एक ही बार 2021 में मानसून ने समय पर 12 जून को झारखंड में एंट्री की थी। वहीं 2020 में 13 जून को मानसून झारखंड पहुंचा था। मानसून के जल्दी आने से किसानों के चेहरे भी खिल गए हैं।

अरब सागर से ओडिशा के ऊपर गुज़र रहे टर्फ लाइन और लो प्रेशर का असर झारखंड पर भी दिख रहा है। लगातार बारिश हो रही है। रविवार को रांची सहित राज्य के कई इलाकों में बारिश हुई। 26 मई को भी राज्य की अधिकतर हिस्सों में मध्यम दर्जे की बारिश होगी।

इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चलेगी। विभाग ने इसके लिए यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं 27, 28 और 29 मई को भी राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में गरज और तेज हवा के साथ बारिश होगी।

लगातार हो रही बारिश और हवा के कारण तापमान में गिरावट हुई है। रविवार को 4 जिले का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के नीचे रहा। वहीं अन्य जिलों का तापमान 35 से 40 डिग्री के नीचे रहा है। मई महीने में कई सालों के बाद ऐसा हो रहा है। राजधानी का अधिकतम तापमान भी 30 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार को बोकारो, धनबाद और लोहरदगा का अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा है।

# पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज तुर्किये राष्ट्रपति से मिले

## भारत के खिलाफ साथ देने के लिए शुक्रिया भी कहा, आर्मी चीफ मुनीर भी साथ गए

इस्तांबुल, 26 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार देर रात इस्तांबुल में तुर्किये के राष्ट्रपति रेचप तैयप एर्दोगन से मुलाकात की। इस दौरान शहबाज ने भारत के खिलाफ समर्थन देने के लिए तुर्किये का शुक्रिया अदा किया। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बातचीत हुई। राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा, तुर्किये और पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ते रहेंगे। दोनों देश एक-दूसरे को ट्रेनिंग, खुफिया जानकारी और टेक्नोलॉजिकल सपोर्ट देंगे। इससे दोनों का फायदा होगा। तुर्किये-पाकिस्तान के बीच व्यापार को 5 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। एनर्जी, ट्रांसपोर्ट और डिफेंस सेक्टरों में सहयोग को बढ़ाया जाएगा।

22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक तनाव बढ़ा, तो तुर्किये-अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया। भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ शनिवार से तुर्किये, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान



देशों के दौरे पर हैं। यहां पर भारत के साथ हुए तनाव को लेकर पाकिस्तान के पक्ष रखेंगे। शरीफ 29-30 मई को ताजिकिस्तान की राजधानी दुशान्बे में ग्लेशियर्स पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भी भाग लेंगे। तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन ने 17 मई को कश्मीर मुद्दे को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बात की। उन्होंने कहा कि वो कश्मीर मुद्दा सुलझाने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं।

एर्दोगान ने कहा ने कहा- भगवान का शुक्र है कि दोनों न्यूक्लियर पावर पड़ोसियों में तनाव कम हो गया। तनाव को और बढ़ने से रोकने के लिए, दोनों पक्षों को मौजूदा मुद्दों से निपटने में संयम दिखाना होगा। उन्होंने आगे कहा कि अगर दोनों देश अनुरोध करते हैं तो वो कश्मीर मामल में रोल निभाएंगे। हम शांति चाहते हैं; हम दो पड़ोसियों के बीच कोई तनाव नहीं चाहते।

22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक तनाव बढ़ा, तो तुर्किये-अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया। भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगन ने पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ से फोन पर कहा-मैं हमलों में जान गंवाने वाले अपने भाइयों के लिए अल्लाह से रहम की दुआ करता हूं और पाकिस्तान के भाईचारे वाले लोगों और देश के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान के पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच की सिफारिश का भी समर्थन किया। 10 मई को सीजफायर के बाद शहबाज शरीफ ने एर्दोगन को मदद करने के लिए शुक्रिया अदा किया। इसके बाद देशभर में बॉयकॉट तुर्किये और बॉयकॉट अजरबैजान शुरू हो गया है। भारत के ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म जैसे कि ईजमाईट्रिप और इक्सिगो ने सुरक्षा जोखिम और राजनीतिक तनाव का हवाला देते हुए तुर्किये और अजरबैजान की यात्रा न करने की एडवाइजरी जारी की है। भारत के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए तुर्किये के इनोनू विश्वविद्यालय के साथ अपने समझौते को निलंबित कर दिया। एएमयू ने भी शैक्षिक संबंध खत्म किए।

पुणे के व्यापारियों ने तुर्किये से सेब खरीदना बंद करने का फैसला किया है। इसके बजाय वे हिमाचल, उत्तराखंड, ईरान और अन्य क्षेत्रों से सेब खरीद रहे हैं।

# ट्रम्प बोले- पुतिन पूरी तरह पागल हो गए

## यूक्रेन पर हवाई हमले के बाद कहा- मैं उनसे खुश नहीं, बेवजह लोगों की जान ले रहे

वॉशिंगटन, 26 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि पुतिन पूरी तरह पागल हो गए हैं। ट्रम्प ने यह बयान अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर दिया। उन्होंने लिखा- मैंने हमेशा रूस के व्लादिमीर पुतिन के साथ बहुत अच्छे संबंध रखे हैं, लेकिन उनके साथ कुछ तो हुआ है। वो पूरी तरह पागल हो गए हैं।

ट्रम्प ने यूक्रेन के राष्ट्रपति की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, जेलेंस्की जिस तरह से बात करते हैं, उससे वह अपने देश का भला नहीं कर रहे। उनके मुंह से निकलने वाली हर बात परेशानियां पैदा करती है, मुझे यह पसंद नहीं है, और बेहतर होगा कि इसे रोक दिया जाए।

ट्रम्प का यह बयान यूक्रेन पर 3 साल में रूस के सबसे बड़े हवाई हमले के बाद आया है। यूक्रेनी एयरफोर्स के मुताबिक, शनिवार रात रूस ने कीव पर 9 बैलिस्टिक मिसाइलों, 60 क्रूज मिसाइलों और 298 ड्रोन से हमला किया था।

रूस ने दावा किया है कि यूक्रेन ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का हेलिकॉप्टर गिराने की कोशिश



की। रूसी वायु सेना के मेजर जनरल यूरी डैशकिन के मुताबिक पुतिन 20 मई को कुर्स्क के दौरे पर गए थे।

डैशकिन ने बताया कि इस दौरान यूक्रेनी एयरफोर्स ने पुतिन के हेलिकॉप्टर पर 46 ड्रोन से हमला किया लेकिन हमने सभी ड्रोन मार गिराया। डैशकिन ने कहा- हमने एक साथ कई ड्रोन का मुकाबला किया और राष्ट्रपति के हेलिकॉप्टर की सुरक्षा सुनिश्चित की। कुर्स्क वही जगह है जहां पिछले साल अगस्त में यूक्रेन की सेना ने अचानक हमला किया था और 1100 वर्ग किमी इलाके पर कब्जा कर लिया था। यह हमला इसलिए बहुत खास था, क्योंकि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार किसी विदेशी सेना ने रूस की जमीन पर हमला किया था।

पुतिन ने इस इलाके का दौरा करते हुए कहा था कि अब इस जमीन पर फिर से रूस का कब्जा हो गया है। उन्होंने यहां पर बारूदी सुरंगें हटाने के लिए और सैनिक भेजने का आदेश भी दिया था, ताकि लोग अपने घर वापस लौट सकें। हालांकि, यूक्रेन का कहना है कि उसकी सेना अब भी उस इलाके में डटी हुई है और लड़ाई जारी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि उनकी सेना कुर्स्क और बेलगोरोड जैसे इलाकों में रूस के खिलाफ अभियान चला रही है। रूस और यूक्रेन ने 24 मई को एक-दूसरे के 307-307 कैदियों की अदला-बदली की। यह तीन साल से जारी जंग में सबसे बड़ी कैदी अदला-बदली का हिस्सा है।

शनिवार को हुए अदला-बदली की जानकारी रूस के रक्षा मंत्रालय और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर दी। जेलेंस्की ने लिखा- कल और रिहाई होने की उम्मीद है, हमारा लक्ष्य हर एक यूक्रेनी को रूस के कैद से वापस लाना है।

इससे पहले 23 मई को दोनों देशों ने 390-390 कैदियों को रिहा किया था। तीन दिनों में दोनों पक्षों से 1-1 हजार कैदियों को रिहा किया जाना है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि यह अदला-बदली मॉस्को और कीव के बीच शांति समझौते की कोशिशों में नया चरण शुरू कर सकती है।

## अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा बैठक के लिए मॉस्को जाएंगे डोभाल

मॉस्को, 26 मई (एजेंसियां)। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल के अगले सप्ताह की शुरुआत में रूस की सुरक्षा परिषद द्वारा आयोजित एक प्रमुख सुरक्षा बैठक में भाग लेने के लिए जाएंगे। डोभाल को रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु की अध्यक्षता में 27-29 मई को सुरक्षा मुद्दों के लिए उच्च प्रतिनिधियों की 13वीं अंतरराष्ट्रीय बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। रूसी सुरक्षा परिषद के अनुसार फोरम में भाग लेने के लिए मोरिक यूनियन (ईएईयू), शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), सीआईएस, सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ), ग्लोबल साउथ और ईस्ट के 150 से अधिक देशों और यूरेशियन इकोनॉमी के साथ-साथ 20 से अधिक अंतरराष्ट्रीय संगठनों के नेतृत्व को निमंत्रण भेजे गए हैं।

# इजराइल का गाजा के स्कूल पर हमला, 30 की मौत

## शरणार्थी कैंप बनाया गया था, स्पेन ने इजराइल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की

तेल अवीव, 26 मई (एजेंसियां)। इजराइल ने रविवार देर रात गाजा में कई जगहों पर हमले किए। इन हमलों में एक स्कूल को भी निशाना बनाया, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई है। स्कूल में आग लगने से लोग जिंदा जल गए। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह एक किंडरगार्टन स्कूल था, जिसे शरणार्थी शिविर को तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था। मरने वालों में रेड क्रॉस के दो कार्यकर्ता, एक पत्रकार और कई बच्चे शामिल हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल के हमले में सोमवार को गाजा में अब तक 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। दूसरी तरफ स्पेन ने दुनिया भर के देशों से इजराइल



पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। गाजा पर 23 मई को हुए इजराइली हमले में खान यूनिस की एक महिला डॉक्टर अल-नज्जर के 9 बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से घायल है। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक मृत बच्चों की उम्र 7 महीने से 12 साल तक थी। डॉक्टर के पति को भी इस हमले में गंभीर चोटें आई है।

इजराइली सेना के मुताबिक गाजा में बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया गया। इसके तहत 14 से 20 मई तक 670 से ज्यादा हमास ठिकानों पर हमला किया। जिसमें गाजा के लगभग 512 लोग मारे गए थे।

## राष्ट्रपति पुतिन का हेलीकॉप्टर ही यूक्रेनी ड्रोन हमले के निशाने पर था

### रूस के शीर्ष कमांडर का दावा

मॉस्को, 26 मई (एजेंसियां)। रूसी सेना के कमांडर ने दावा किया है कि 20 मई को रूस के कुर्स्क क्षेत्र के दौरे के समय यूक्रेन ने रूसी राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर पर ड्रोन हमला किया। उस दौरान राष्ट्रपति पुतिन का हेलीकॉप्टर ही हमले के केंद्र में था। रूसी सेना की एयर डिफेंस डिवीजन के कमांडर यूरी दाशकिन ने यह दावा किया है। दाशकिन ने रूसी मीडिया से बातचीत में बताया कि 'राष्ट्रपति पुतिन के हेलीकॉप्टर की सुरक्षा के लिए हमने लगातार हवाई सुरक्षा की लड़ाई लड़ी। यूक्रेन के ड्रोन हमले का निशाना राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर ही था।' कमांडर ने दावा किया कि राष्ट्रपति पुतिन के हेलीकॉप्टर पर 46 ड्रोन से हमला किया गया। राष्ट्रपति पुतिन ने हाल ही में कुर्स्क क्षेत्र का दौरा किया था।

# अमेरिकी रिपोर्ट- पाकिस्तान अपना परमाणु जखीरा मॉडर्न बना रहा

## चीन उसे हथियार सप्लाई कर रहा, मेक इन इंडिया के बावजूद भारत अभी भी रूस पर निर्भर

वॉशिंगटन, 26 मई (एजेंसियां)। अमेरिका की डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी की एक नई रिपोर्ट में यह बताया गया है कि पाकिस्तान, अपने अस्तित्व के लिए भारत को एक खतरे के तौर पर देखता है। इस वजह से वह अपने परमाणु हथियारों को आधुनिक बनाने और सैन्य क्षमता बढ़ाने के लिए चीन से आर्थिक और सैन्य समर्थन ले रहा है।

वहीं, भारत, पाकिस्तान को सिर्फ एक सुरक्षा चुनौती मानता है, जिसे संभाला जा सकता है। भारत असली खतरा चीन को मानता है और अपनी सैन्य तैयारियां भी उसी के हिसाब से करता है। मेक इन इंडिया के बावजूद भारत अभी भी रूसी हथियारों पर निर्भर है।

यूनाइटेड स्टेट्स डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी (डीआईए) की



वर्ल्ड थ्रेट असेसमेंट 2025 रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की रक्षा नीति चीन का सामना करने और भारत की सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने पर केंद्रित रहेगी।

डीआईए अमेरिकी रक्षा विभाग का हिस्सा है। इसके डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल जेफ्री क्रूस ने यह रिपोर्ट तैयार की है। यह रिपोर्ट वैश्विक सुरक्षा खतरों का आकलन करती है। इसकी मदद से अमेरिका की राष्ट्रीय और विदेश नीति की दिशा तय होती है। भारत, चीन को सबसे बड़ी चुनौती मानता है। इसकी वजह सीमा विवाद, चीन की सैन्य शक्ति में इजाफा और आर्थिक-तकनीकी प्रतिस्पर्धा है। इसमें बताया गया है कि चीन की बढ़ती सैन्य शक्ति, विशेष रूप से नौसेना और मिसाइल क्षमताएं, भारत के लिए चिंता का विषय हैं।

# बांग्लादेश में न दुल्हन खरीदना, न डेटिंग और शादी करना

## चीन ने अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी, किया अलर्ट

ढाका, 26 मई (एजेंसियां)। चीन में बहुत से नागरिक दूसरे देशों में दुल्हन की तलाश में आते हैं। इनमें बांग्लादेश भी शामिल है, लेकिन अब ढाका स्थिति चीनी दूतावास ने अपने नागरिकों को इस बारे में एक एडवाइजरी कर इससे दूर रहने को कहा है। चीनी दूतावास ने रविवार को जारी एडवाइजरी में चीनी नागरिकों से अवैध क्रॉस बॉर्डर विवाह से दूर रहने और ऑनलाइन मैचमेकिंग से बचकर रहने को कहा है। चीन के सरकारी मीडिया आउटलेट ग्लोबल टाइम्स ने इस बारे में जानकारी दी है।

दूतावास ने चीनी नागरिकों को चेतावनी दी कि वे शॉर्ट वीडियो प्लेटफॉर्म पर भ्रामक डेटिंग सामग्री के झांसे में न आएं। देर रात जारी किए गए रिमाइंडर में कहा गया है कि चीनी नागरिकों को विदेश में विवाह से संबंधित कानून का सख्ती से पालन करना चाहिए। अवैध मैचमेकिंग एजेंटों से बचना



चाहिए। दूतावास ने कहा कि विदेशी पत्नी खरीदने के विचार को खारिज करना चाहिए और बांग्लादेश में शादी करने से पहले दो बार सोचना चाहिए। चीनी युवा बड़ी संख्या में गरीब दक्षिण एशियाई देशों में दुल्हन की तलाश में जाते हैं। इन देशों में चीनी युवकों को दुल्हन उपलब्ध कराने के लिए एक पूरा नेटवर्क काम करता है, जिसका एक बड़ा अवैध कारोबार फैला हुआ है। इसमें लड़कियों को फंसाकर चीनी नागरिकों से शादी करा दी जाती है। आगे चलकर ये औरतें चीन ले जाई जाती हैं, जहां उन्हें बंधक बनाकर रखा जाता है। अतीत में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। ये चेतावनियां चीन में दुल्हन की तस्करी को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आई है। लंबे समय तक एक बच्चा नीति और बेटों के लिए वरीयता के चलते चीन लैंगिक असंतुलन से जूझ रहा है। अनुमान है कि 3 करोड़ चीनी पुरुषों को जीवनसाथी नहीं मिल रहा है। इसके चलते विदेशी दुल्हनों की मांग में बढ़ावा हुआ है।

## सऊदी अरब शराब से बैन हटाएगा

### 600 टूरिस्ट प्लेस पर खुलेंगी दुकानें, वर्ल्ड एक्सपो और फुटबॉल वर्ल्डकप के चलते तैयारी

रियाद, 26 मई (एजेंसियां)। कट्टर इस्लामी नियमों को लेकर मशहूर सऊदी अरब अब शराब पर बैन हटाने की तैयारी में जुट गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सऊदी सरकार देश में 600 टूरिस्ट प्लेस पर शराब की बिक्री शुरू करने की योजना बना रही है।

मेट्रो न्यूज के मुताबिक शराब की अनुमति देने वाले नए लाइसेंसिंग कानून 2026 में लागू होंगे। ऐसा 2030 में वर्ल्ड एक्सपो और 2034 में शुरू होने वाले फुटबॉल वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। सऊदी अरब में क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) के हाथों में सत्ता आने के बाद से कई बड़े बदलाव हो चुके हैं।

उन्होंने महिलाओं को गाड़ी चलाने की इजाजत दी, सिनेमाघर फिर से खोले और संगीत समारोहों की भी मंजूरी दी।

# हसीना का यूनुस पर आरोप- देश अमेरिका को बेच दिया

## कहा- सरकार की बागडोर आतंकियों के हाथ में, यूनुस ने उन्हें जेलों से रिहा किया

ढाका, 26 मई (एजेंसियां)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस पर देश को अमेरिका को बेचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, मेरे पिता अमेरिका की सेंट मार्टिन द्वीप को लेकर रखी गई मांगों से सहमत नहीं हुए थे। उन्हें उसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। मैंने कभी सत्ता में बने रहने के लिए देश बेचने की कल्पना तक नहीं की।

हसीना ने दावा किया कि यूनुस ने सरकार की बागडोर आतंकियों के हाथ में सौंप दी है। पूर्व पीएम ने अपनी पार्टी के फेसबुक अकाउंट पर किए पोस्ट में कहा कि यूनुस ने आतंकियों की मदद से सत्ता पर कब्जा किया है। हसीना ने दावा किया कि उन्होंने जिन प्रतिबंधित आतंकियों को गिरफ्तार किया था, यूनुस ने उन्हें रिहा कर दिया है। आज जेलें खाली हैं।

जून 2021 में बांग्ला अखबारों



में दावा किया गया था कि अमेरिका, बांग्लादेश से सेंट मार्टिन द्वीप की मांग कर रहा है। वह यहां मिलिट्री बेस बनाना चाहता है।

इसके बाद बांग्लादेश वर्कर्स पार्टी के अध्यक्ष रशीद खान मेनन ने भी संसद में कहा कि अमेरिका सेंट मार्टिन द्वीप हासिल करना चाहता है और क्वाड का मेंबर बनने के लिए दबाव बना रहा है।

सेंट मार्टिन द्वीप जिसे लेकर बांग्लादेश की राजनीति में इतना हंगामा मचा वह सिर्फ 3 वर्ग किमी का एक द्वीप है। म्यांमार से इसकी दूरी सिर्फ 5 मील है। जून 2023 को पीएम हसीना ने कहा था कि विपक्षी बीएनपी पार्टी अगर सत्ता में आई तो वे सेंट मार्टिन बेच देंगे।

### सेंट मार्टिन द्वीप पर अमेरिका की नजर क्यों टिकी है?

1971 में अपनी आजादी के बाद बंगाल की खाड़ी से होकर व्यापार करने वाले दुनिया के दो ताकतवर देश अमेरिका और चीन की नजर इस द्वीप पर है। अमेरिका का इस द्वीप में इंट्रेस्ट होने की दो मुख्य वजहें हो सकती हैं।

डिफेंस एक्सपर्ट जे.एस. सोढ़ी के मुताबिक 2023 में चीन ने बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में एक नया बंदरगाह बनाया है। यहां चीनी नौसैनिकों की दो सबमरीन तैनात हैं। यहां से चीन आसानी से अपने लॉजिस्टिक सप्लाई कर रहा है।

मलक्का स्ट्रेट से होकर चीन के ज्यादातर व्यापार होते हैं। दुनिया के कुल व्यापार का 50% बंगाल की खाड़ी से होकर दुनिया के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में पहुंचता है।

इन दो वजहों से संभव है कि अमेरिका बंगाल की खाड़ी में अपनी ताकत बढ़ाने के लिए यहां बेस बनाना चाहता हो। संभव है कि साउथ चाइना सी के बाद बंगाल की खाड़ी और प्रशांत, हिंद महासागर में चीन के दबदबे को चुनौती देने के लिए अमेरिका यहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहता हो।

### सेना ने बांग्लादेश में गश्त बढ़ाई

बांग्लादेश में सेना ने देश के अलग-अलग हिस्सों में गश्त बढ़ा दी है। ढाका ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सेना ने पिछले कुछ दिनों में अपने अभियान तेज किए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सेना ने कई जगहों पर तैनाती भी बढ़ाई है। सैन्य कर्मी बख्तरबंद गाड़ियों के साथ देशभर में सक्रिय नजर आ रहे हैं।

# कुवैत ने एक झटके में खत्म कर दी 37000 से ज्यादा लोगों की नागरिकता

कुवैत सिटी, 26 मई (एजेंसियां)। खाड़ी देश कतर ने एक चौंकाने वाला कदम उठाते हुए रातों-रात 37,000 लोगों की नागरिकता छीन ली है। इनमें अधिकांश महिलाएं हैं, जिन्होंने शादी के जरिए नागरिकता हासिल की थी। कुछ तो 20 साल से ज्यादा समय से कुवैत में रह रही हैं। कई को तो इसकी जानकारी तब हुई, जब वे रूटीन काम के लिए पहुंची। 50 साल की लामा (बदला हुआ नाम) को इसका पता वीकली वर्कआउट क्लास के दौरान चला, जब उनके क्रेडिट कार्ड का पेमेंट रिजेक्ट हो गया। उन्हें चेक किया तो उनका बैंक

### सबसे ज्यादा महिलाएं शामिल

खाता अस्थायी रूप से फ्रीज कर दिया था, क्योंकि उनकी राष्ट्रीयता रद्द कर कर दी गई थी।

जॉर्डन की मूल निवासी लामा ने एएफपी से बातचीत में कहा कि यह उनके लिए एक झटका था। उन्होंने अधिकारियों के डर से अपना असली नाम इस्तेमाल न करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, '20 सालों से ज्यादा सालों तक कानून का पालन करने वाली नागरिक होने के बाद एक दिन सुबह आप जागते हैं और पाते हैं अब आप नागरिक नहीं हैं। यह बिल्कुल भी ठीक नहीं है।'

कुवैत का ये कदम अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-सबा के नेतृत्व वाली सुधारवादी पहल का हिस्सा है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीयता को कवैती रक्त संबंधों तक सीमित रखना और कुवैती पहचान को नया आकार देना है। विश्लेषकों का कहना है कि नागरिकता नीति का उद्देश्य तेल समृद्ध देश की राष्ट्रीयता को रक्त संबंध तक सीमित करके संभावित रूप से इसके मतदाताओं को कम करना है।

अमीर शेख मेशाल ने दिसम्बर 2023 में सत्ता संभालने के पांच महीने बाद संसद को भंग कर दिया और संविधान के कुछ हिस्सों को निलंबित कर दिया था।

# पोलैंड में राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे चरण से पहले सड़क पर उतरे आक्रोशित

वारसॉ, 26 मई (एजेंसियां)। यूरोपीय देश पोलैंड में राजनीतिक अस्थिरता का माहौल है। राजधानी वारसॉ में हजारों पोलिश लोगों ने देशभक्ति से ओतप्रोत जुलूस में हिस्सा लिया। एक जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले हुई इस रैली में हजारों लोग शामिल हुए। लगभग 38 मिलियन की आबादी वाले पोलैंड में देश के भविष्य को लेकर मंथन हो रहा है। वारसॉ के यूरोपीय संघ समर्थक मेयर 53 वर्षीय राफाल ट्रजाकोव्स्की ने रैली का नेतृत्व किया। वे प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के करीबी राजनीतिक सहयोगी हैं।

## साउथ कैरोलिना में गोलीबारी, 11 घायल

कोलंबिया, 26 मई (एजेंसियां)। अमेरिका के साउथ कैरोलिना के लिटिल रिवर इलाके में गोलीबारी की घटना हुई, जिसमें 11 लोगों के घायल होने की खबर है। घायलों की स्थिति कैसी है, इसके बारे में पुलिस ने कोई जानकारी नहीं दी है। गोलीबारी कैसे और क्यों हुई और किसने की, इसके बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी गई है। पुलिस घटना की जांच में जुड़ी है।

# फ्रांस के राष्ट्रपति को पत्नी ने विमान से उतरते समय मारा थप्पड़

## मुंह छिपाते मैक्रों का वीडियो वायरल 24 साल बड़ी महिला से की है शादी

हनोई, 26 मई (एजेंसियां)। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि फ्लाइट से उतरते वक्त उनकी पत्नी उन्हें थप्पड़ लगा रही हैं। ये वायरल वीडियो वियतनाम की राजधानी हनोई का है, जहां फ्रांसीसी राष्ट्रपति बतौर राजकीय यात्रा पर अपनी पत्नी के साथ पहुंचे थे। वीडियो में फर्स्ट लेडी को वियतनाम के हनोई में राष्ट्रपति विमान से बाहर निकलते समय इमैनुएल मैक्रों का चेहरा हाथ से धकेलते देखा जा रहा है।

वीडियो में दिख रहा है कि जैसे ही विमान का दरवाजा खुलता है, राष्ट्रपति मैक्रों अचानक पीछे हटते हैं, जबकि उनकी पत्नी ब्रिगिट, मैक्रों के मुंह पर धक्का दे रही हैं। इसी दौरान राष्ट्रपति मैक्रों को फौरन अहसास होता है कि नीचे पत्रकारों का हुजूम है और कैमरे ऑन हैं, इसीलिए वो थोड़ा मुस्कुराकर हाथ हिलाते हैं और फिर वहां से प्लेन के अंदर छिप जाते हैं।

हालांकि शुरूआत में फ्रांसीसी राष्ट्रपति भवन ने वीडियो को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनाया हुआ कहकर उसे फर्जी बताता है, लेकिन बाद में वीडियो की सत्यता की पुष्टि हो गई। जिसके बाद फ्रांसीसी राष्ट्रपति भवन के आधिकारिक बयान में भी थोड़ा बदलाव आ गया। राष्ट्रपति मैक्रों के एक करीबी दोस्त ने इसे एक साधारण पति-पत्नी का झगड़ा बताया है। फ्लाइट से उतरते वक्त भी राष्ट्रपति मैक्रों और उनकी पत्नी बगैर एक दूसरे का हाथ पकड़े उतरते दिख रहे हैं। जबकि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इस दौरान काफी असहज दिख रहे थे। वो अपनी पत्नी को कुछ ऐसे देख रहे थे मानो वो कहीं सार्वजनिक तौर पर कोई कांड ना कर दें। आपको बता दें कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति की शादी की कहानी पूरी दुनिया में मशहूर है। इसे एक असामान्य रिश्ता कहा जा सकता है।



# 'जयहिंद सभा' में गहलोत बोले- ट्रंप पंचायत करने वाला कौन है? आरएसएस और बीजेपी पर लगाए गंभीर आरोप



बाड़मेर, 26 मई (एजेंसियां)। राजस्थान के सीमावर्ती जिले बाड़मेर में कांग्रेस पार्टी ने भारतीय सेना के सम्मान में 'जयहिंद सभा' का आयोजन किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बालाजी फॉर्म हाउस स्थित वीरेंद्र धाम मेमोरियल छात्रावास परिसर में हुए इस आयोजन में युद्ध में वीरता दिखाने वाले सैनिकों, दिव्यांग जवानों और वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया। उन्हें शॉल ओढ़ाकर और प्रशस्ति पत्र देकर अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सांसद रणदीप सुरजेवाला, राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने संबोधन में भारतीय सेना को सलाम करते हुए कहा कि यह सभा सैनिकों की हौसला अफजाई के लिए आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि जब-जब देश पर हमला हुआ, सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। पुलवामा, उरी, पहलगाम- हर मोर्चे पर सेना ने साहस दिखाया। हमें उन पर गर्व है। हालांकि, गहलोत ने सरकार से यह भी सवाल किया कि अचानक सीजफायर क्यों किया गया। उन्होंने पूछा कि 22 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति के एक ट्वीट के बाद युद्धविराम की घोषणा कर दी गई। सरकार को देश को बताना चाहिए कि यह किन शर्तों पर हुआ। क्या पहलगाम के आतंकियों को सौंपा गया? क्या पाकिस्तान से आतंकियों को पनाह न देने का वादा लिया गया?

**ट्रंप पंचायती करने वाला कौन है?- गहलोत**

गहलोत ने अमेरिका की भूमिका पर भी कटाक्ष किया और कहा कि अमेरिका ने न कभी गोवा में साथ दिया, न सिक्किम में। फिर भी ट्रंप जैसे नेता कहते हैं कि कश्मीर मुद्दा हल करा देंगे। हम तीसरे मुल्क की पंचायती क्यों मानें?

गहलोत ने आरएसएस और भाजपा पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि RSS ने 80 साल तक नागपुर स्थित मुख्यालय पर तिरंगा नहीं फहराया। आज जब तिरंगा यात्रा निकालते हैं तो उसका सम्मान नहीं करते। जयपुर में भाजपा नेता तिरंगे से मुंह पोंछते और उसे पैरों से कुचलते देखे गए।

गहलोत ने कहा कि इंदिरा गांधी ने 1971 में पाकिस्तान को सबक सिखाया और दो टुकड़े कर दिए। उन्होंने कहा कि आज जब दुनिया भारत के साथ खड़ी थी, तब पाकिस्तान को सबक सिखाने का मौका था। लेकिन आपने केवल नौ आतंकी ठिकानों पर हमला कर संतोष कर लिया।

गहलोत ने सीमावर्ती इलाकों की सांप्रदायिक सौहार्द की सराहना करते हुए कहा कि यहां हिंदू और मुस्लिम सदियों से साथ रहते आए हैं। अमीन खान जैसे नेता इसकी मिसाल हैं। सेना के साथ यहां की जनता ने हमेशा मजबूती से खड़ा रहकर देश को मजबूत किया है।

# आरएसएस के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए मोहन भागवत

## कहा- स्वयंसेवक हमेशा तीन बातों पर जरूर रखे अपने विचार



नागौर, 26 मई (एजेंसियां)। राजस्थान के नागौर स्थित शारदा बाल निकेतन में इन दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक महत्वपूर्ण शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास वर्ग शिविर चल रहा है. इस शिविर में 40 वर्ष की आयु तक के 284 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य उनमें धैर्य के साथ-साथ समग्र विकास लाना है.

**सरसंघचालक मोहन भागवत तीन दिवसीय नागौर प्रवास पर**

आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत जोधपुर से सड़क मार्ग द्वारा नागौर पहुंचे। वे 28 मई तक चलने वाले इस 20 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का हिस्सा बनेंगे, जो 17 मई से 6 जून तक आयोजित हो रहा है। भागवत अपने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान स्वयंसेवकों के साथ विभिन्न बौद्धिक सत्रों में व्याख्यान देंगे. हालांकि, इस दौरान उनका कोई सार्वजनिक कार्यक्रम निर्धारित नहीं है.

**ऊर्जा, व्यवहार, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति पर विशेष बल**

शिविर में अपने संबोधन के दौरान मोहन भागवत ने स्वयंसेवकों को ऊर्जा, व्यवहार, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए. उन्होंने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इनकी उपयोगिता और आवश्यकता पर विशेष जोर दिया. शिविर के दौरान, भागवत प्रतिदिन एक-एक घंटे के प्रशिक्षण व्याख्यानों में शामिल रहेंगे. आज, सोमवार को सुबह आयोजित शाखा में मोहन भागवत ने स्वयंसेवकों को ऊर्जा, व्यवहार, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति पर विस्तृत व्याख्यान दिया. उन्होंने इस बात पर बल दिया कि वर्तमान और भविष्य में इन सभी गुणों का विशेष महत्व रहेगा, जिसके लिए हमें स्वयं को तैयार करना होगा.

**प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य और सहभागिता**

वर्ग के सर्वाधिकारी हनुमानसिंह देवड़ा ने बताया कि सरसंघचालक भागवत तीन दिवसीय प्रवास पर नागौर आए हैं और वे स्वयंसेवकों के साथ नियमित दैनिक कार्यक्रमों में सहभाग कर रहे हैं. इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों में धैर्य के साथ शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना है. इसके तहत शिविर में विभिन्न संगोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है. इस प्रशिक्षण वर्ग में राजस्थान के सभी जिलों से स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं.

**2016 में आए थे नागौर**

गौरतलब है कि मोहन भागवत इससे पहले 2016 में नागौर आए थे. उस समय यहीं से पूरे देश में संघ की गणवेश (वर्दी) बदली गई थी. उस दौरान पर्यावरण बचाओ अभियान की भी शुरुआत की गई थी. इस बार के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कई नए नवाचार (इनोवेशन) होने की भी संभावना दिखाई दे रही है, जिससे स्वयंसेवकों को एक व्यापक और समग्र प्रशिक्षण अनुभव मिल सके.

# अमीन खां के निशाने पर हरीश चौधरी

## 66 साल की वफादारी नहीं आई काम, 6 दिन की सेवा भारी पड़ गई



बाड़मेर, 26 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री अमीन खां ने बाड़मेर में आयोजित कांग्रेस कमेटी की जय हिंद सभा में मध्यप्रदेश के प्रभारी व बायतु विधायक हरीश चौधरी पर मनमानी और बेइमानी के आरोप लगाए।

उन्होंने कहा कि मेरी 66 साल की वफादारी पर 6 दिन की सेवा भारी पड़ गई। हरीश चौधरी ने अपने प्रभाव का उपयोग करते हुए कांग्रेस से निकलवा दिया। अमीनखां ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का जिलाध्यक्ष रहते हुए फतेहखां ने कांग्रेस से बगावत कर मेरे खिलाफ शिव विधानसभा से चुनाव लड़ा। इसकी वजह से कांग्रेस को शिव, चौहटन व जैसलमेर में चुनाव हारना पड़ा। उम्मेदाराम ऑरिजनली कांग्रेसी नहीं हैं, क्योंकि उन्होंने 20 साल तक कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ा।

लोकसभा चुनाव सभी के सहयोग से जीता हूं। इस चुनाव में अमीनखां कहां थे और कहां नहीं, यह सबको पता है। मैंने जो हकीकत थी, वो शीर्ष नेतृत्व को बता दी।

**उम्मेदाराम बेनीवाल, सांसद, बाड़मेर-जैसलमेर**

अमीनखां कांग्रेस पार्टी में ही नहीं है, इसलिए उनके आरोपों का क्या जवाब दूं। वह पहली बार नहीं, कई बार आरोप लगा चुके हैं। यह उनका अधिकार है।

# कोटा की नंदिनी गुप्ता बनीं मिस वर्ल्ड-2025 टॉप मॉडल चैलेंज विजेता



कोटा, 26 मई (एजेंसियां)। कोटा शहर की बेटी नंदिनी गुप्ता ने एक बार फिर भारत का नाम रोशन किया है। मिस इंडिया 2023 रह चुकी नंदिनी ने मिस वर्ल्ड 2025 प्रतियोगिता के "टॉप मॉडल चैलेंज" में जीत हासिल की है। यह प्रतिष्ठित खिताब उन्होंने एशिया-ओशिनिया रीजन में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए हासिल किया। उनके आत्मविश्वास, भारतीय परंपराओं से जुड़े फैशन सेंस और ग्रेस ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

हैदराबाद में चल रही मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में नंदिनी ने शनिवार को मिस वर्ल्ड 2025 के टॉप मॉडल चैलेंज की लिस्ट शामिल हुई। ये कॉन्टेस्ट जीतने वाली 4 मॉडल में से एक है। नंदिनी ने तेलंगाना की पारंपरिक बुनाई कला और "सिटी ऑफ पैलेस" हैदराबाद की संस्कृति को अपने प्रस्तुतिकरण में विशेष स्थान दिया। रैंप वॉक के दौरान उन्होंने मशहूर डिजाइनर अर्चना कोचर के ट्रेडिशनल आउटफिट्स से लेकर इंटरनेशनल डिजाइनर्स के आधुनिक परिधान तक कैटवॉक कर फैशन और संस्कृति का शानदार संगम प्रस्तुत किया।

**मिस वर्ल्ड का आयोजन 31 मई तक चलेगा**

मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का यह आयोजन 10 से 31 मई तक चल रहा है, जिसमें नंदिनी को 21 दिन तक अलग-अलग प्रकार की प्रतियोगिताओं और चुनौतियों से गुजरना है। 21 वर्षीय नंदिनी के आत्मविश्वास, मेहनत और समर्पण को देखते हुए कोटा सहित पूरे देश को उनसे मिस वर्ल्ड का ताज जीतने की पूरी उम्मीद है। उनके माता-पिता और पूरे कोटा शहर के लोग अब यही प्रार्थना कर रहे हैं कि देश की यह बेटी आख़िरी मुकाम भी हासिल करें और भारत को मिस वर्ल्ड का ताज एक बार फिर दिलाए। नंदिनी के पिता सुमिन गुप्ता ने उनके पारिवारिक मंत्री सुरेन्द्र गोयल विचित्र को इसकी सूचना देकर बधाई दी। इसके अलावा सोश्यल मीडिया पर भी समाज के लोग नंदिनी की इस जीत पर बधाई दे रहे है।

**मुंबई में ली ट्रेनिंग**

नंदिनी कोटा की पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र की रहने वाली हैं। नंदिनी के पिता सुमित गुप्ता किसान है और बिजनेस भी करते है। मां रेखा गुप्ता गृहिणी हैं। उनकी छोटी बहन अनन्या गुप्ता है। नंदिनी ने पहले मिस राजस्थान, फिर मिस इंडिया और अब मिस वर्ल्ड टॉप मॉडल चैलेंज तक का सफर तय किया है। उन्होंने पिछले दो साल से लगातार इसकी तैयारी की और बीते तीन महीनों में मुंबई में फिटनेस, वॉइस ट्रेनिंग, रैंप वॉक और प्रश्नोत्तरी जैसी गतिविधियों की गहन ट्रेनिंग ली।

## लड़की से मिलने पहुंचा था लड़का

**घरवालों के हत्थे चढ़ा, धोरों पर लेटाकर लाठी और बेल्ट से जमकर पीटा**

जोधपुर, 26 मई (एजेंसियां)। फलोदी जिले के मतोड़ा गांव में एक युवती से मिलने आए एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और अर्द्धनग्न कर बेरहमी से पिटाई कर दी। अर्द्धनग्न युवक को धोरों पर लेटाकर लाठी व बेल्ट से इस कदर पीटा कि पूरी पीठ पर खून जम गया। घायल को जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोशल मीडिया पर युवक से मारपीट करने के दो वीडियो भी वायरल हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि चाडी में लक्ष्मण नगर निवासी एक युवक का मतोड़ा की युवती से सम्पर्क था। वह शनिवार रात युवती से मिलने के लिए मतोड़ा गया, जहां युवती के घरवालों को पता लगा। उन्होंने युवक को पकड़ लिया और सुनसान जगह धोरों पर ले गए, जहां उसे अर्द्धनग्न कर दिया और बेरहमी से लाठी व बेल्ट से मारपीट की।

# सिंधु जल समझौता सस्पेंड करना पीएम मोदी का साहसिक निर्णय : सीएम भजनलाल

जयपुर, 26 मई (एजेंसियां)। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि सिंधु जल समझौते को सस्पेंड करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साहसिक निर्णय है। इस समझौते के स्थगन से पाकिस्तान को कड़ा संदेश गया और सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को पहले से अधिक पानी उपलब्ध हो सकेगा। सीएम प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित एनडीए मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में बोल रहे थे।

ऑपरेशन सिंदूर पर सीएम भजनलाल शर्मा की ओर से प्रस्ताव रखा गया। इसका महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अनुमोदन किया और एनडीए के दलों ने सर्वसम्मति से पारित किया।

**67 हजार को दी नौकरी, 1.87 लाख प्रक्रियाधीन**

सीएम भजनलाल ने कहा कि 67 हजार युवाओं को सरकारी क्षेत्र में नियुक्ति प्रदान की गई है। एक लाख 87 हजार सरकारी पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है।

**2450 मेगावाट के सोलर पार्कों का चल रहा काम**

सीएम भजनलाल ने कहा कि राज्य में 2450 मेगावाट क्षमता के सोलर पार्कों के कार्य प्रगति पर हैं। इच्छुक निवेशकों को 15 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए भूमि आवंटित की जा चुकी है। बैटरी स्टोरेज के 1000 मेगावाट के कार्य प्रगति पर हैं।

**अब लगाएंगे 10 करोड़ पौधे**

सीएम भजनलाल ने कहा कि वर्ष 2024-25 में राज्य में 7.35 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं। इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है।

# जयपुर कमिश्नरेट में साइबर सपोर्ट सेंटर शुरू

## ऑनलाइन ठगी के शिकार लोगों की होगी काउंसलिंग

जयपुर, 26 मई (एजेंसियां)। राजधानी जयपुर के पुलिस कमिश्नरेट में आज से साइबर सपोर्ट सेंटर शुरू किया गया है। इस सेंटर के जरिए राजस्थान में साइबर ठगी के शिकार लोगों की मदद की जाएगी और उनकी काउंसिंग की जाएगी ताकि वे भविष्य में इस तरह की ठगी का शिकार होने से बचें। अक्सर साइबर क्राइम का शिकार बच्चे, महिलाएं एवं बुजुर्ग अवसाद में भी चले जाते हैं। ऐसे में यह सेंटर इस तरह के पीड़ित लोगों की काउंसिलिंग करेगा, जिससे वे मानसिक अवसाद से बाहर निकल सकें। डीजीपी यूआर साहू व डीजी साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी ने इस सेंटर की शुरुआत की है। यह सेंटर मुंबई स्थित एनजीओ रेस्पांसिबल नेटिजन्स द्वारा संचालित किया जाएगा। कोगटा फाउंडेशन इसमें आर्थिक सहयोग करेगा। यह सेंटर ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए लोगों को मुकाबला करने, साइबर अपराधों के पीड़ितों को तत्काल सहायता प्रदान करने और साइबरसेफ जयपुर अभियान के अंतर्गत साइबर वेलनेस को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया गया है।

**साइबर अपराध के सबसे ज्यादा शिकार बच्चे**

साइबर अपराध के सबसे ज्यादा शिकार बच्चे होते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार साइबर स्पेस का उपयोग करने वाले 3 में से 1 बच्चे को ऑनलाइन बुलिंग का सामना करना पड़ता है। करीब 70 प्रतिशत बच्चों को साइबर खतरों का हर स्टेज पर सामना करना पड़ रहा है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार फाइनेंस से जुड़े साइबर अपराधों में 24.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है। साइबर धोखाधड़ी के कारण 2024 में 2054 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। राजस्थान में हर रोज 3 हजार साइबर मामले दर्ज हो रहे हैं। इनमें से 45.25 प्रतिशत अपराध पैसों के लेन-देन, 30.16 प्रतिशत यूपीआई घोटाले से संबंधित हैं। वहीं लगभग 12 प्रतिशत अपराध सोशल मीडिया व 11 प्रतिशत यौन उत्पीड़न से संबंधित हैं। साइबर अपराध के शिकार लोगों ने बीते 3 साल में 1581 करोड़ रुपए गंवा दिए, वहीं समय पर पुलिस के हस्तक्षेप के कारण 676 करोड़ रुपए बैंकों से निकाले जाने बचा लिए गए।

**काउंसलिंग टीम में ये होंगे शामिल**

यह केंद्र रिस्पॉन्सिबल नेटिजन्सव के तहत संचालित होगा। इस टीम में परियोजना समन्वयक, वरिष्ठ परामर्शदाता और मनोवैज्ञानिक, कानूनी और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ, प्रशिक्षित प्रशिक्षक और कार्यशाला संचालक एवं केस डॉक्यूमेंटेशन के लिए फ्रंट डेस्क अधिकारी शामिल होंगे। इस सेंटर में साइबर ठगी के शिकार लोगों को ऑनलाइन उत्पीड़न, ट्रोलिंग और इंटरनेट की लत के मामलों के लिए परामर्श व मनोवैज्ञानिक सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही तकनीकी और कानूनी सहायता के तहत अकाउंट रिकवरी, धोखाधड़ी रोकथाम, पुलिस रेफरल उपलब्ध कराई जाएगी। जागरूकता कार्यक्रम- छात्रों, कानून प्रवर्तन और वरिष्ठ नागरिकों के लिए ऑनलाइन सुरक्षा सत्र, जन जागरूकता अभियान- साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु पहल। साइबर वेलनेस सहायता- तत्काल हस्तक्षेप और दीर्घकालीन पीड़ित सहायता दिए जाने की योजना है।

# 'भूत कोठरी' में मिली इंसानी खोपड़ी तांत्रिक क्रिया या बेरहम हत्या?

## दीवार पर मिला रहस्यमयी संदेश

बीकानेर, 26 मई (एजेंसियां)। जिले के घड़सीसर इलाके में एक जर्जर मकान से मानव खोपड़ी और अन्य अंग मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस को मौके से रहस्यमयी संदेश, खून से सने कपड़े, जूते और खोपड़ी के पास मांस के टुकड़े मिले हैं, जिससे तांत्रिक गतिविधियों की आशंका को बल मिल रहा है।

मामले की शुरुआत हुई जब स्थानीय लोगों ने सूचना दी कि पंपिंग स्टेशन के पास एक पुराने मकान और झाड़ियों में मानव अंग पड़े हुए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस को वहां एक खोपड़ी, जबड़े, दांत और मांस के टुकड़े मिले लेकिन धड़ अभी तक नहीं मिल पाया है। पुलिस को संदेह है कि ये अंग बीते दिनों लापता हुए हिस्ट्रीशीटर पोला के हो सकते हैं, हालांकि यह पुष्टि फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट के बाद ही संभव होगी।

थाना प्रभारी सुरेंद्र पचार के अनुसार घटनास्थल पर कोयले से लिखे गए दो रहस्यमयी संदेश भी मिले हैं- भूत कोठरी में आपका स्वागत है और मेरा नाम मौत का फरिश्ता, मेरी मौत ट्रेन से कटने से हुई है, जिनसे यह मामला और भी रहस्यमय हो गया है।

फिलहाल पुलिस ने मानव अवशेषों को मोर्चरी भिजवा दिया है और एफएसएल टीम जांच में जुटी है। मामला उजागर होने के बाद क्षेत्रीय लोगों में डर और चर्चाओं का माहौल है। पुलिस हर संभावित एंगल से जांच कर रही है, जिसमें हत्या, आत्महत्या, या तांत्रिक क्रिया शामिल हैं।

# जालौर पुलिस की बड़ी कार्रवाई; 3.67 लाख की नकली मुद्रा सहित दो गिरफ्तार, बाइक भी जब्त



जालौर, 26 मई (एजेंसियां)। जालौर जिले के बागोड़ा पुलिस ने नकली भारतीय नोट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 3 लाख 67 हजार 500 रुपये के नकली नोटों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही आरोपियों के पास से चोरी में इस्तेमाल एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पुलिस के मुताबिक, जालौर के पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के निर्देश पर बागोड़ा थाना अधिकारी हुकमाराम की टीम ने नाकाबंदी के दौरान सरहद तिलोड़ा बाईपास रोड पर एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका। जब पुलिस ने मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों की तलाशी ली, तो उनके पास से बड़ी मात्रा में नकली नोट मिले।

पुलिस ने 3 लाख 67 हजार 500 रुपये के नकली नोट बरामद किए। गिरफ्तार आरोपी हितेश कुमार, जो देता थाना सायला का रहने वाला है, के पास से 600 नकली नोट मिले, जिनकी कीमत 3 लाख रुपये है। वहीं, दूसरे आरोपी दिनेश कुमार, जो जैसावास थाना बागोड़ा का रहने वाला है, के पास से 135 नकली नोट मिले, जिनकी कीमत 67,500 रुपये है।

जांच में पता चला कि हितेश कुमार के खिलाफ पहले भी नकली नोटों का मामला दर्ज है। वह 2024 में हैदराबाद के बेगम बाजार थाने में दर्ज मामले में करीब डेढ़ महीने जेल में रह चुका है और अभी जमानत पर है। साथ ही मुंबई में भी वह नकली नोट मामले में वांछित है।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे नकली नोट बालोतरा सप्लाई करने जा रहे थे। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान उन्हें पकड़ लिया। फिलहाल, पुलिस उनकी कड़ी पूछताछ कर रही है और मामले की जांच जारी है। एडिशनल एसपी मोटाराम ने बताया कि पुलिस ने नकली नोट और मोटरसाइकिल जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने हैदराबाद से नकली नोट लेकर बालोतरा सप्लाई करने की बात स्वीकार की है।

# एसआई भर्ती मामले की सुनवाई से पहले एएजी ने लगाया प्रार्थना पत्र

## कोर्ट ने 1 जुलाई की तारीख दी

जयपुर, 26 मई (एजेंसियां)। विवादित एसआई भर्ती 2021 को लेकर सरकार को हाईकोर्ट से आज राहत मिल गई है। कोर्ट ने मामले में 1 जुलाई को अगली सुनवाई करने तारीख तय कर दी है। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से एडिशनल एडवोकेट जनरल विज्ञान शाह ने कोर्ट में एक प्रार्थना पत्र पेश किया। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में व्यस्त हैं, जिसके चलते इस मामले पर अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका। इससे पहले याचिकाकर्ताओं के वकील हरेंद्र नील ने प्रार्थना पत्र का विरोध करते हुए कहा- सरकार भर्ती पर कोई निर्णय नहीं लेना चाहती है, इसलिए इस तरह से समय निकाला जा रहा है। सरकार ने अदालत को बताया कि हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार 20 मई को कैबिनेट सब कमेटी की बैठक आयोजित की गई थी। हालांकि इसके बाद 24 और 25 मई को दिल्ली में नीति आयोग की बैठक थी, जिसमें मुख्यमंत्री को भाग लेना पड़ा। इसलिए मुख्यमंत्री स्तर पर निर्णय नहीं हो सका। सरकार ने कोर्ट से अपील की है कि उसे अंतिम निर्णय के लिए और समय दिया जाए। इससे पहले भी सरकार ने समय की मांग करते हुए 13 मई को एक सब-कमेटी मीटिंग बुलाई थी, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के कारण कई मंत्री उसमें शामिल नहीं हो सके। साथ ही कमेटी के एक सदस्य मंत्री की तबीयत खराब होने के चलते बैठक पूरी नहीं हो पाई। इसके बाद सरकार ने 21 मई को दूसरी बैठक रखी और 20 मई को इसे आयोजित भी किया, लेकिन अब तक मुख्यमंत्री स्तर पर विचार-विमर्श नहीं हो सका।

# सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद भी नहीं रुके सुसाइड

## कोटा में फिर एक नीट स्टूडेंट ने की आत्महत्या

कोटा, 26 मई (एजेंसियां)। कोटा में छात्रों की आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ रहे है। रात में फिर एक छात्रा के सुसाइड का मामला सामने आया है। नीट की तैयारी कर रही स्टूडेंट ने कमरे में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। लड़की फोन पर किसी रिश्तेदार से बात कर रही थी। फोन पर बात करते-करते उसने पंखे से फंदा लगा लिया। मामला महावीर नगर इलाके का है।

सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस को मौके पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस की ओर से सुसाइड केस की जांच जा रहीं है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। परिजनों को सूचित कर दिया है। परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

पुलिस ने बताया कि छात्रा जीशान मूल रूप से जम्मू-कश्मीर निवासी है और वह 7 दिन पहले ही कोटा में आकर मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम नीट यूजी की तैयारी कर रही थी। उसने पिछले साल ऑनलाइन कोचिंग अपने घर से ही की थी। वह महावीर नगर थर्ड के एक हॉस्टल में 7 दिन पहले ही आकर रहने लग गई थी। जम्मू-कश्मीर के लड़के से बात कर रही थी। पुलिस ने स्टूडेंट के शव को मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया है और परिजनों को सूचना दे दी है।

**गेट को काटकर निकाला शव बाहर...**

पुलिस ने बताया कि मौके पर जब पुलिस पहुंची तो गेट नहीं खुला। इसके बाद पास के एक मकान में काम चल रहा था तो लोगों ने वहां से कारपेंटर को बुलाया और कटर से गेट को काटा। जब सभी अंदर गए तो जीशान पंखे पर फंदे से लटकी हुई थी। लोगों ने उसे नीचे उतारकर हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**हाल में सुप्रीम कोर्ट ने लगाई थी फटकार..**

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कोटा में हो रही छात्रों की आत्महत्या को लेकर राज्य सरकार को फटकार लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि इस साल कोटा में हुई 14 आत्महत्या की घटना को लेकर सरकार क्या कदम उठा रही है। साथ ही यह भी कहा गया कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाए और हल्के में न लें। कोर्ट ने मामले में 14 जुलाई को कोटा एसपी को तलब भी किया है।

# ट्रांसजेंडर समुदाय को इंदिराम्मा आवास आवंटित किया जाएगा : सीतक्का

## मंत्री ने सचिवालय में समीक्षा बैठक आयोजित की



हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। ट्रांसजेंडर समुदाय के सशक्तिकरण और समावेशन की दिशा में एक अग्रणी कदम के रूप में, तेलंगाना राज्य सरकार ने दिसंबर 2024 में हैदराबाद में 44 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को ट्रैफिक सहायक के रूप में नियुक्त किया। यह पहल उन्हें समाज में एकीकृत करने और उन्हें सार्थक रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। तेलंगाना देश का पहला राज्य है जिसने ट्रांसजेंडर समुदाय को सरकारी नौकरियों में शामिल करने का ऐसा निर्णय लिया है। सरकार ने इसे एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में अपनाया, इन व्यक्तियों के आचरण और प्राप्त फीडबैक के आधार पर छह महीने बाद एक रिपोर्ट का अनुरोध किया। इसी संबंध में हैदराबाद में सचिवालय में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता तेलंगाना की पंचायत राज, ग्रामीण विकास, जल और महिला एवं बाल कल्याण मंत्री दानसारी अनसूया (सीतक्का) ने की। बी. शैलजा, निदेशक/आयुक्त, पीडब्ल्यूडीएससी और टीजीपी सशक्तिकरण विभाग, ट्रांसजेंडर एनजीओ संगठनों के सदस्य और नव नियुक्त यातायात सहायक उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान श्रीमती दानसारी अनसूया (सीतक्का) ने कहा कि सरकार का यह निर्णय पूरे देश के लिए ऐतिहासिक है। उन्होंने हैदराबाद शहर में यातायात सहायकों के सराहनीय प्रदर्शन की सराहना की, जिससे व्यापक संतुष्टि मिली है। उन्होंने कहा कि अन्य राज्य सरकारें और केंद्र सरकार भी इसी तरह के उपाय शुरू कर रही हैं। उन्होंने घोषणा की कि विकलांगता कोटे के तहत ट्रांसजेंडर समुदाय को इंदिराम्मा आवास आवंटित किया जाएगा। उन्होंने जिलों में मैत्री क्लीनिक की स्थापना का भी उल्लेख किया और आश्वासन दिया कि अन्य सरकारी विभागों में उनके लिए अधिक अवसर पैदा करने के प्रयास किए जाएंगे। मंत्री ने दोहराया कि इस कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य समान अवसर प्रदान करना और ट्रांसजेंडर समुदाय को समाज की मुख्यधारा में एकीकृत करना है। इस अवसर पर बोलते हुए अनिता रामचंद्रन ने कहा कि सरकार के इस महत्वपूर्ण कदम को अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिली हैं और विभिन्न राज्यों से कॉल आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस पायलट प्रोजेक्ट के बाद प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर अन्य सरकारी विभागों और जिलों में भी ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की भर्ती के लिए योजनाएं तैयार की जाएंगी। पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के निर्देशों के बाद दिसंबर में 10 दिनों के भीतर ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की भर्ती की प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी। वर्तमान में, हैदराबाद सिटी पुलिस ट्रैफ़िक विभाग में 38 ट्रैफ़िक सहायक सेवा दे रहे हैं। उन्होंने गर्व से उल्लेख किया कि पिछले छह महीनों में उनके खिलाफ एक भी शिकायत दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि ये व्यक्ति पूरे देश के लिए रोल मॉडल के रूप में काम करेंगे और तेलंगाना राज्य ट्रांसजेंडर समुदाय को रोज़गार के अवसर प्रदान करने में देश का नेतृत्व करेगा। उन्होंने निजी सुरक्षा नौकरियों में रुचि रखने वालों को सहायता की पेशकश की और उनसे अच्छी प्रतिष्ठा अर्जित करने के लिए जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करने का आग्रह किया, जिससे आगे सरकारी समर्थन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने सरकार के फैसले के साथ सहयोग करने और समाज में अच्छा नाम कमाने के लिए सभी को बधाई दी। बैठक में मौजूद ट्रैफ़िक अधिकारियों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ट्रैफ़िक सहायक पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों के साथ सामंजस्य बैठाकर काम कर रहे हैं और अपने कर्तव्यों में मेहनती हैं। वे अन्य कर्मियों के साथ ट्रैफ़िक बंदोबस्त कर्तव्यों में भी भाग लेते हैं। समाज में कई चुनौतियों का सामना करने के बाद, ये व्यक्ति अपने ट्रैफ़िक कर्तव्यों को आसानी से निभा रहे हैं।

## 15 दिवसीय प्री-खरीफ अभियान आयोजित : कृषि मंत्री

हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के अनुसार, भारतीय कृषि परिषद (आईसीएआर) 29 मई से 12 जून तक 15 दिनों के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान (एकेएसए) के नाम से प्री-खरीफ अभियान चलाएगी। डीएआरई के सचिव और आईसीएआर, नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ.एम.एल. जाट के अनुसार, इसका उद्देश्य किसानों के बीच प्रौद्योगिकियों और सरकारी कृषि योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करना और उनकी जरूरतों और फीडबैक का आकलन करना है। आईसीएआर, नई दिल्ली के उप महानिदेशक (विस्तार) डॉ. राजबीर सिंह ने कहा, इस अभियान के दौरान, आईसीएआर की 2170 वैज्ञानिक टीमों द्वारा देश के 723 जिलों के 65,000 गांवों के 1.31 करोड़ से अधिक किसानों से संपर्क किया जाएगा। आईसीएआर-राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंधन अकादमी (एनएएआरएम) के उप महानिदेशक (शिक्षा) और कार्यवाहक निदेशक तथा हैदराबाद क्षेत्र के लिए मुख्यालय से नोडल अधिकारी डॉ. आरसी अग्रवाल ने कहा कि आईसीएआर के वैज्ञानिक विकास विभागों, सहकारी समितियों, गैर सरकारी संगठनों और एफपीओ के अधिकारियों के साथ मिलकर किसानों तक पहुंचेंगे।

# विंसेंट का अमेरिकी अंडर-19 टीम को मुख्य कोच बनाने तक का सफर



हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के पूर्व रणजी ऑलराउंडर विंसेंट विनय कुमार को अमेरिका की अंडर-19 टीम के मुख्य कोच और अमेरिका की सीनियर टीम के सहायक कोच के रूप में दो साल का अनुबंध मिलना युवा प्रतिभाओं को तराशने के उनके प्रयासों का परिणाम है। वह पिछले कुछ वर्षों से अमेरिका की राष्ट्रीय टीमों के साथ जुड़े हुए हैं, जिसमें सीनियर टीम के सहायक कोच के रूप में भी शामिल हैं।

56 वर्षीय विंसेंट विनय कुमार ने बताया, असल में यह काम अगले विश्व कप के लिए अंडर-19 प्रतिभाओं को तैयार करना है और अगले विश्व कप के लिए सीनियर खिलाड़ियों को भी तैयार करना है। उन्होंने कहा, तैयारी सबसे पहले जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे के बाद अंडर-19 टीम के चयन से शुरू होगी, जो असल में एक एक्सपोजर यात्रा है।

विंसेंट विनय कुमार ने कहा, इसके बाद अटलांटा में अंडर-19 विश्व कप के लिए क्वालीफायर होंगे। हमें हाल ही में दक्षिण अफ्रीका में प्रभावशाली प्रदर्शन करने का भरोसा है, जहां हमने क्यूब्स चैंपियनशिप जीती थी। उन्होंने कहा, यह निश्चित रूप से एक बड़ी उपलब्धि थी। लगभग दो दशक के कोचिंग अनुभव वाले हैदराबाद स्थित क्रिकेटर ने कहा, अक्टूबर के अंत में, मैं एकदिवसीय विश्व कप की तैयारियों के तहत तीन देशों की श्रृंखला के लिए दुबई में सीनियर टीम के साथ रहूंगा।

हाल ही में यूएसए की सीनियर टीम के साथ खेलने के बाद विन्सेंट ने महसूस किया कि उनका भविष्य निश्चित रूप से उज्ज्वल है, जिसने ग्रैंड केमैन (कैरिबियन द्वीप समूह) में कनाडा, केमैन द्वीप, बरमूडा और बहामास के साथ छह मैचों में से पांच जीत के साथ चैम्पियनशिप जीती थी। उन्होंने कहा, यूएसए क्रिकेट की बदौलत अब कई घरेलू टूर्नामेंट खेले जा रहे हैं, जिससे काफी युवा प्रतिभाएं सामने आ रही हैं।

विन्सेंट ने कहा, यह निश्चित रूप से एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, क्योंकि पिछले विश्व कप (अंडर-19) में यूएसए ने सभी मैच हारे थे। उन्होंने कहा, मैं अपना काम खिलाड़ियों को तैयार करना, उन्हें सलाह देना और उन्हें बेहतर क्रिकेटर बनाने के लिए तकनीकी जानकारी देना मानता हूं।

आंध्र प्रदेश के पूर्व ऑलराउंडर, जिन्होंने 1990-98 के बीच 33 मैच खेले और केरल के खिलाफ 105 रन का अपना करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया, एक उत्साही वन्यजीव और प्रकृति फोटोग्राफर भी हैं। उन्होंने कहा, हां, जब भी मुझे अपनी यात्राओं में समय मिलता है, मैं प्रकृति की गोद में रहना चाहता हूं। इससे मुझे बहुत खुशी मिलती है।

# दासोजू ने नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी के आरोपों पर रेवंत रेड्डी के इस्तीफे की मांग की

हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस एमएलसी डॉ. श्रवण दासोजू ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को एक खुला पत्र लिखा है, जिसमें नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर आरोप पत्र में नामित वित्तीय भ्रष्टाचार मामले में उनकी कथित संलिप्तता के बाद उन्हें पद से इस्तीफा देने का आग्रह किया है। डॉ. श्रवण ने आरोप लगाया कि रेवंत रेड्डी ने एक जनप्रतिनिधि के रूप में कार्य करते हुए, राजनीतिक पदों के बदले में यंग इंडिया इकाई को करोड़ों रुपये का दान मांगा, जिसे उन्होंने राजनीति से प्रेरित लेन-देन करार दिया। उन्होंने कहा कि आरोप सीधे भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के अंतर्गत आते हैं, और न केवल कानूनी प्रावधानों का बल्कि संवैधानिक नैतिकता का भी उल्लंघन करते हैं। इस बात पर जोर देते हुए कि मामला व्यक्तिगत आरोपों से परे है, डॉ. श्रवण ने लिखा, आपके पद पर बने रहना सार्वजनिक सेवा और संवैधानिक नैतिकता की आत्मा का उल्लंघन करता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री एक संवैधानिक पद पर हैं और उन्हें ईमानदारी के उच्चतम मानकों पर खरा उतरना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 164 का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का कदाचार सामूहिक जिम्मेदारी के सिद्धांत के माध्यम से पूरे मंत्रिमंडल को प्रभावित करता है। उन्होंने अपनी मांग के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख निर्णयों का हवाला दिया, विशेष रूप से एस.आर. बोम्मई बनाम भारत संघ (1994), जिसमें कहा गया था कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को संवैधानिक नैतिकता के अनुसार काम करना चाहिए, और दिल्ली राज्य बनाम भारत संघ (2018), जिसमें पुष्टि की गई थी कि सार्वजनिक पद का अधिकार ईमानदारी और पारदर्शिता की अंतर्निहित अपेक्षा के साथ आता है। डॉ. श्रवण ने तर्क दिया कि भारत के वेस्टमिंस्टर-शैली के संसदीय लोकतंत्र में, भ्रष्टाचार की धारणा भी जवाबदेही की मांग करती है, और ऐसे मामलों में इस्तीफा देना सजा नहीं, बल्कि न्यूनतम नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने लिखा, जब मुख्यमंत्री दागदार होता है, तो सरकार यानी मंत्रिमंडल सामूहिक रूप से दागदार होता है। अगर सिर नैतिक रूप से गिर जाता है, तो शरीर सीधा नहीं रह सकता। अपने तर्क को मजबूत करने के लिए, डॉ. श्रवण ने पार्टियों और दशकों में राजनीतिक इस्तीफे के कई उल्लेखनीय उदाहरणों को सूचीबद्ध किया, गंभीर आरोपों के बाद नेताओं के पद छोड़ने की परंपरा को दर्शाया।

## एससीसीएल ने आधुनिक कक्षा को किया प्रायोजित

हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के उस्मानिया विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग (ईसीई) विभाग को एक नया अत्याधुनिक कक्षा परिसर मिला है, जिसे सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड की मदद से बनाया गया है, जिसने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत 2 करोड़ रुपये दान किए हैं।

ओयू के कुलपति प्रोफेसर कुमार मोलुगरम ने एससीसीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एन बलराम के साथ रविवार को कक्षा परिसर का उद्घाटन किया। ओयू रजिस्टर प्रोफेसर जी नरेश रेड्डी, ओयूसीई के प्रिंसिपल प्रोफेसर पी चंद्रशेखर, ईसीई के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डी रामकृष्ण और अन्य उपस्थित थे।

# मल्टीपल स्केलेरोसिस जागरूकता के लिए हैदराबाद एकजुट

हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। मल्टीपल स्केलेरोसिस सोसाइटी ऑफ इंडिया (एमएसएसआई) के हैदराबाद चैप्टर ने सिटी सेंटर मॉल में विश्व एमएस दिवस मनाया, जिसमें खरीदारों और राहगीरों का ध्यान मल्टीपल स्केलेरोसिस (एमएस) के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आकर्षित किया गया। इस कार्यक्रम में एमएस से पीड़ित व्यक्ति, उनके परिवार और समर्थक एक जीवंत और सार्थक सभा में एकत्रित हुए।

डॉ. रेशमा ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए एमएस के प्रबंधन में शीघ्र निदान के महत्व पर प्रकाश डाला। एमएस एक दीर्घकालिक न्यूरोलॉजिकल स्थिति है जो मुख्य रूप से युवा वयस्कों में मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को प्रभावित करती है। शाम की शुरूआत सुश्री सुषमा द्वारा एमएसएसआई हैदराबाद चैप्टर की संस्थापक स्वर्गीय सुश्री मीना गुप्ता को भावभीनी श्रद्धांजलि के साथ हुई, जिन्होंने 17 साल पहले सहायता समूह की स्थापना की थी।

उनकी दृष्टि ने एमएस से पीड़ित व्यक्तियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच तैयार किया। संगीतमय स्पर्श जोड़ते हुए, श्री नवीन ने कराओके के साथ भीड़ को आकर्षित किया और सभी को साथ गाने के लिए प्रोत्साहित किया। एमएस रोगियों के बच्चे जिन्होंने शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था, उन्हें स्मृति चिन्ह और नकद पुरस्कार देकर उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाया गया। यह कार्यक्रम एक समूह मिश्रण के साथ हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिसने एमएस समुदाय के भीतर एकजुटता और लचीलेपन की भावना को मजबूत किया।

# एससीआर जीएम ने मानसून की तैयारियों की समीक्षा की




हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने रेल निलयम, सिकंदराबाद में पूरे जोन में बारिश का पूर्वानुमान लगाते हुए सुरक्षा और मानसून की तैयारियों पर विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में एससीआर के अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री नीरज अग्रवाल ने सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ भाग लिया। सभी छह डिवीजनों यानी सिकंदराबाद, हैदराबाद, विजयवाड़ा, गुंटकल, गुंटूर और नांदेड़ के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए समीक्षा बैठक में शामिल हुए। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को मानसून के मद्देनजर सुरक्षा अभियान चलाने की सलाह दी, ताकि ट्रेन परिचालन में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा प्रक्रियाओं को सख्ती से लागू किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को असुरक्षित स्थितियों को रोकने के लिए पटरियों, पुलों और भारी वर्षा वाले स्थानों पर सभी पहचाने गए कमजोर खंडों पर गश्त को मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने मंडल रेल प्रबंधकों को बारिश के मौसम को देखते हुए अप्रत्याशित विफलताओं से बचने के लिए सिग्नलिंग सिस्टम आदि का उचित संचालन सुनिश्चित करने की सलाह दी।

महाप्रबंधक ने ट्रेन परिचालन की सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि ट्रेन परिचालन में सख्त समन्वय बनाए रखा जाना चाहिए और ट्रेनों को चलाते समय सभी सुरक्षा सावधानियों का पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा से संबंधित परिसंपत्तियों का निरीक्षण करके सभी स्तरों पर यात्रियों की सुरक्षा पर ध्यान देने का भी निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को ट्रैक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बदमाशों की गतिविधियों की पहचान करने के लिए अतिरिक्त आरपीएफ और ट्रैक पेट्रोलिंग स्टाफ तैनात करके ट्रैक पेट्रोलिंग को मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कर्मचारियों/अधिकारियों को ट्रेनों और सड़क यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जोन के लेवल क्रॉसिंग गेटों पर मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए निजी साइडिंग सहित जोन में सीसीटीवी की उपलब्धता पर भी चर्चा की। इससे पहले, अरुण कुमार जैन ने ई-डीएएस (इलेक्ट्रॉनिक ड्राइंग अप्रूवल सिस्टम) का नया संस्करण-2.0 लॉन्च किया, जो इंजीनियरिंग ड्राइंग से संबंधित डेटाबेस को बनाए रखने और सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन के लिए सहायता प्रदान करने में सहायक होगा। इससे कागज रहित कामकाज को बढ़ावा मिलेगा, समय और पैसे की बचत होगी।

## द्वितीय शपथ विधि समारोह आयोजित



हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। हिंदू 2 हिंदू बिजनेस नेटवर्किंग ने द्वितीय शपथ विधि समारोह का आयोजन किया, जिसमें सभी दस शाखा अध्यक्षों और उनकी टीम ने आने वाले दिनों में जिम्मेदारी संभालने की शपथ ली। भाग्यनगर में हिंदू व्यापारियों की मदद और उन्हें बढ़ावा देने के लिए बैठक आयोजित की गई थी।

बैठक का आयोजन वाईएमआईएस सुल्तानबाजार हैदराबाद में किया गया। बैठक के विशेष अतिथि दीपक लंकाला भाजपा नगर अध्यक्ष एन. चंद्रशेखर चायन थोरुमाला बैंक और गोपाल बलदावा समाजसेवी थे। कार्यक्रम के लिए एमओसी रागिनी रविकिरन, दत्तात्रेय और अजय सिंह थे और महेश कुमार, किरण वेमुला, नीला मोइत्रा और सुजाता नांबियार ने भी समान रूप से सहयोग किया। बैठक संस्थापक एच2एच गीतेश काटे और केंद्रीय समिति सदस्य रीमा देब के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हुई।

# सार्वजनिक सेवा आवेदनों का शीघ्र निपटारा किया जाए : जिला कलेक्टर

कुमरमभीम आसिफाबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि प्रजावाणी कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों का यथाशीघ्र निराकरण करने के लिए अधिकारियों के साथ समन्वय कर कदम उठाए जाएंगे। सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर दीपक तिवारी और एम. डेविड ने आसिफाबाद राजोत्सव मंडल अधिकारी लोकेश्वर राव के साथ आवेदकों से आवेदन प्राप्त किए। कागजनगर कस्बे के इरफान नगर निवासी पर्रे श्रीकांत ने याचिका दायर कर आरोप लगाया कि उनके घर के पास सीवर पर अतिक्रमण के कारण सीवेज का पानी उनके घर में घुस रहा है। उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई करने का अनुरोध किया। कौटाला मंडल के कनिगी गांव के निवासी मादे लक्ष्मैया ने अपने पिता के नाम की जमीन के लिए न्याय की मांग करते हुए एक याचिका दायर की, जिसे अन्य लोगों ने अवैध रूप से कब्जा लिया था।

आसिफाबाद मंडल के चोर पल्ली गांव के निवासी मित्ता मल्लन्ना ने गांव के बाहरी इलाके में अपनी जमीन पर अवैध अतिक्रमण के लिए न्याय की मांग करते हुए एक आवेदन प्रस्तुत किया। गोलेटी, रेबेना मंडल के गौतम नगर निवासी बोइनी सुरेंदर ने सिंगरेनी खुली खदान में तिरयानी मंडल के देवाइगुडा गांव में अपने मकानों के नुकसान के लिए मुआवजे और रोजगार की मांग करते हुए एक आवेदन प्रस्तुत किया। कागजनगर कस्बे के नजरूल नगर निवासी कविता मंडल ने डाकघर में जमा की गई एक लाख रुपये की राशि वापस दिलाने के लिए याचिका दायर की थी। तिरयानी मंडल के तलांडी गांव निवासी पूली सुदर्शन ने एक आवेदन प्रस्तुत कर अपने हिस्से को अपने नाम पर बदलने की मांग की, क्योंकि भूमि का मालिकाना हक उसके बड़े भाई के नाम पर था। सिरपुर यू मंडल के राघवपुर पंचायत के मारुगुड़ा के ग्रामीणों ने अपने गांव में पेयजल की व्यवस्था करने की मांग को लेकर एक आवेदन प्रस्तुत किया है। वानकीडी मंडल केंद्र में के.बी. नगर कॉलोनी के निवासियों ने एक याचिका प्रस्तुत कर अपने घरों के ऊपर से बिजली के तारों को तुरंत हटाने की मांग की है। बेज्जुर मंडल के पोथेपल्ली गांव के निवासी थोड्राम चंद्रय्या ने अपनी बेटी की बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने के बाद सरकार से वित्तीय सहायता की मांग करते हुए एक आवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि प्रजावाणी के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की फील्ड स्तर पर जांच की जाएगी तथा उनके शीघ्र समाधान के लिए अधिकारियों के साथ समन्वय कर कदम उठाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में संबंधित अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

## भावसार विजन की मीटिंग संपन्न



हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। भावसार विजन इण्ड़िया हैदराबाद क्षेत्र-104, द्वारा स्पीकर मीटिंग काचीगुडा स्थित भावसार भवन में रखी गयी। इसमें प्रथम हिंगुलाज माता का पूजा-अर्चना करते हुए अध्यक्षा श्रीमती शीतल नीमकर, अश्विनी पतंगे, वंदना आस्तुकर द्वारा किया गया। वक्ता विजय कुमारजी गादरे ने हिन्दुत्व के बारे में समझाया।

मुख्य अतिथि, मनीष सुत्रावे (भूतपूर्व राष्ट्रीय मंत्री) और राकेश गीते डिप्टी गवर्नर प्रवीण पतंगे, गवर्नर अंबासडर, शंकर आसतुकर (मंत्री) के समर्थन और प्रोत्साहन ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। कार्यक्रम संचालन सुश्री वर्शीनी बगाडे ने किया। कार्यक्रम के अंतर्गत पुरुषों को म्युजिकल चेअर एवं महिलाओं को फैन्सी ड्रेस रखा गया। म्युजिकल चेअर के विजेता मनीष सुत्रावे फैन्सी ड्रेस के विजेता श्रीमती वंदना आस्तुकर एवं श्रृति जोईजुडे थी। इस अवसर पर जन्मदिन पुरस्कार प्रायोजक परिणीता सुत्रावे, सपना घनाते एवं वर्षगांठ पुरस्कार प्रायोजक प्रवीण अश्विनी पतंगे द्वारा दिया गया। अवसर पर समाज के सभी पदाधिकारीगण एवं सदस्य उपस्थित थे।

# बिहार महिला एसो. द्वारा वट सावित्री पूजा



हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना बिहार महिला एसोसिएशन ने वट सावित्री पूजा दुर्गा माता मंदिर इंदिरा नेहरु नगर मलकाजगिरी में किया गया। अनिता भगत की अध्यक्षता में सेन्ट्रल कमेटी के चेयरमैन माधवी यादव, और रीना देवी ने बताया कि वट सावित्री व्रत बरगद के पेड़ का किया जाता है। यह व्रत सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी उम्र और सुख शांति और संतान सुख की कामना के लिए करते हैं।

इस मौके मौके पर रविता भगत, गुड़िया यादव, पूनम यादव, ममता यादव, इंदु मिश्रा,गीता देवी,निसा रिंकी देवी और भारी मात्रा में महिलाओं ने भाग लिया।

# तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश में श्री अन्न लोक-संपर्क कार्यक्रम



हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। भाकृअनुप- भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रारंभ 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' 29 मई से 12 जून तक संपूर्ण भारत में चलाया जाएगा। इसमें 700 से ज्यादा जिलों को शामिल किया गया है और इसका लक्ष्य लगभग 1.5 करोड़ किसानों तक पहुंच तथा उनसे सीधे संवाद है।

इस पहल के अंतर्गत 20 वैज्ञानिक तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश के श्री अन्न किसानों से संपर्क करेंगे। इस पहल का उद्देश्य किसानों को उच्च उपज देने वाली एवं जलवायु-अनुकूल श्री अन्न किस्मों का उपयोग शामिल, श्री अन्न की उन्नत खेती के तरीकों से परिचित कराना है।

वैज्ञानिक फसल कटाई उपरांत प्रसंस्करण तकनीकों एवं मूल्य वर्धन तकनीकों का प्रदर्शन करेंगे, जो श्री अन्न उत्पादों की सुरक्षण अवधि, पोषण मूल्य तथा विपणन क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ा सकती हैं।

इसके अलावा, किसानों को बाजार संपर्क एवं किसान उत्पादक संगठन मॉडल से परिचित कराया जाएगा।

कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों के साथ सीधे संपर्क को बढ़ावा देना है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनकी चुनौतियों को समझा जाए और व्यावहारिक, विज्ञान-समर्थित समाधानों के माध्यम से उनका निराकरण किया जाए। डॉ.सी तारा सत्यवती, निदेशक ने कहा कई यह अभियान किसानों और विशेषज्ञों, जिनमें प्रजनक व वैज्ञानिक शामिल हैं, के बीच सीधा संपर्क बनाकर उस अंतर को दूर किया जाएगा। डॉ.बी गंगय्या, नोडल अधिकारी उक्त गतिविधियों का समन्वय तथा दोनों राज्यों में लोक संपर्क प्रयासों के सुचारू निष्पादन को सुनिश्चित कर रहे हैं।

संस्थान का उद्देश्य श्री अन्न आधारित एफपीओ की सफलता की कहानियों का प्रदर्शन करके, किसानों को टिकाऊ व्यवसाय मॉडल अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## गोदावरी नदी में 2 लोग डूबे

निर्मल, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। दो अलग-अलग घटनाओं में, सोमवार को बसर में पवित्र स्नान करते समय गोदावरी नदी में दो श्रद्धालु डूब गए। पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र के परभणी जिले के टाकली गांव के कुलदीप साहब देशमुख (11) की उस समय जलमग्न हो गई जब वह घाट पर नदी में पवित्र स्नान कर रहा था। उसके साथ उसके परिवार के चार सदस्य भी थे जो उसे डूबने से नहीं बचा सके। इस बीच, पड़ोसी निजामाबाद जिले के नवीपेट मंडल के बोल्ला मल्ला राजू (40) नदी में पवित्र स्नान करते समय डूब गए। वे नदी के किनारे स्थित श्री ज्ञान सरस्वती देवस्थानम के दर्शन करने आए थे। मंदिर के मुख्य देवता के दर्शन करने से पहले भक्तगण पवित्र स्नान करते हैं।

## घर में गर्म पानी की बाल्टी में गिरने से बच्ची की मौत

हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। चार दिन पहले गर्म पानी की बाल्टी में गिरकर झुलसने वाले एक बच्चे की सोमवार सुबह उस्मानिया अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, बच्चा मोहम्मद मुखीत (18 महीने) अपने माता-पिता के साथ हयातनगर के जया प्रकाशनगर में रहता था। गुरुवार को घर में खेलते समय बच्चा गलती से घर के बाथरूम में रखी बाल्टी में गिर गया। बच्चे की मां ने देखा और तुरंत बच्चे को 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। बच्चे के शरीर पर गंभीर चोटें आई थीं और सोमवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हयातनगर थाने में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। बच्चे के शव को शवगृह में रखवा दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# आईपीएल 2025 के रोमांच में डूबे फैंस के लिए गुड न्यूज

## भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के डिजिटल राइट्स जियोहॉटस्टार खरीद लिए हैं

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 का मजा उठा रहे फैन्स के लिए एक और अच्छी खबर सामने आई है। यह खबर भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को लेकर है। दरअसल, जियोहॉटस्टार ने इंडिया और इंग्लैंड के बीच होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के डिजिटल राइट्स खरीद लिए हैं। यानी अगर आपने आईपीएल के रोमांच का लुत्फ उठाने के लिए आपने जियोहॉटस्टार का प्लान खरीदा है, तो आपकी जेब पर और अधिक दबाव नहीं पड़ेगा। दोनों देशों के बीच सीरीज का आगाज 20 जून से होना है। टीम इंडिया इस बार नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की कैप्टेंसी में इंग्लिश टीम से भिड़ेगी।

**फैन्स के लिए गुड न्यूज**

आईपीएल 2025 के रोमांच में डूबे फैन्स के लिए भारत-इंग्लैंड



सीरीज को लेकर बड़ी खुशखबरी सामने आई है। दरअसल, इस टेस्ट सीरीज के डिजिटल राइट्स जियोहॉटस्टार ने खरीद लिए हैं। कहने का मतलब यह है कि आप भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले पांच टेस्ट मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग अब जियोहॉटस्टार पर आसानी से देख पाएंगे। हालांकि, टीवी पर इसका लाइव प्रसारण सोनी नेटवर्क पर ही देखने को मिलेगा।

सीरीज की शुरुआत 20 जून से होनी है और पहले मैच की मेजबानी हेडिंग्ले का मैदान करेगा। वहीं, दूसरा मुकाबला एजबेस्टन में 2 जुलाई से खेला जाना है। 10 जुलाई से शुरू होने वाला तीसरा टेस्ट मैच लॉर्ड्स के ऐतिहासिक ग्राउंड पर खेला जाएगा। चौथे टेस्ट मैच की शुरुआत 23 जुलाई से होगी, जिसकी मेजबानी ओल्ड ट्रैफर्ड का मैदान करेगा। सीरीज का अंतिम मैच 31 जुलाई से ओवल में खेला जाना है।

**गिल की कप्तानी में खेलेगी टीम इंडिया**

रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट रिटायरमेंट के बाद शुभमन गिल को टीम इंडिया का नया टेस्ट कप्तान बनाया गया है। इंग्लैंड दौरे पर गिल की कप्तानी का बेस्ट टेस्ट होगा। ऋषभ पंत को भारतीय सिलेक्टर्स ने उपकप्तान की जिम्मेदारी सौंपी है। अभिमन्यु ईश्वरन और साई सुदर्शन को टेस्ट टीम में मौका दिया गया है। वहीं, अर्शदीप सिंह को भी पहली बार टेस्ट टीम का बुलावा आया है। हालांकि, देखना यह दिलचस्प होगा कि रोहित की जगह ओपनिंग और कोहली की नंबर चार पोजीशन पर टीम मैनेजमेंट किसको मौका देगा।

# टेस्ट में नंबर 3 और 4 पर बैटिंग के लिए कौन रहेगा फिट ?

## चेतेश्वर पुजारा ने दिया जवाब

मुंबई, 26 मई (एजेंसियां)। भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, जिसके बाद बीसीसीआई ने इंग्लैंड दौरे के लिए करुण नायर को भारतीय टीम में चुना है। वह क्रिकेट के सबसे बड़े फॉर्मेट में चौथे नंबर पर बैटिंग के लिए अच्छा ऑप्शन हो सकते हैं। इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो चुका है, जहां शुभमन गिल को कप्तान बनाया गया है, जबकि साई सुदर्शन और करुण नायर को नए बल्लेबाज के तौर पर शामिल किया गया है। टीम के बैटिंग ऑर्डर को लेकर अब दिग्गज भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने अपनी राय रखी है।




**ईश्वरन भी एक अच्छा ऑप्शन हो सकते हैं- पुजारा**

पुजारा ने कई क्रिकेट एक्सपट्र्स की राय के विपरीत कहा कि गिल को तीसरे नंबर पर खेलना चाहिए, जबकि करुण नायर को चौथे नंबर पर बैटिंग करानी चाहिए। उन्होंने 'हिंदुस्तान टाइम्स' से बात करते हुए कहा, 'हमें नहीं पता कि शुभमन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना जारी रखेंगे या चौथे नंबर पर उतरेंगे।

बैटिंग ऑर्डर में अभिमन्यु ईश्वरन भी एक अच्छा ऑप्शन हो सकते हैं। इसलिए अगर शुभमन चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं, तो तीसरे नंबर पर एक खाली जगह है, जहां अभिमन्यु ईश्वरन या करुण नायर जैसा कोई खिलाड़ी अच्छा फिट हो सकता है।

लेकिन मैं अभी भी देखना चाहूंगा कि क्या शुभमन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना जारी रख सकते हैं और करुण को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने का मौका मिलता है, जिन्होंने घरेलू क्रिकेट में वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की है।'

**यह उनके लिए सही होगा- पुजारा**

इस बीच पुजारा को इस बात का भी पूरा यकीन है कि नए खिलाड़ियों में से नायर विराट की जगह लेने के लिए सबसे ज्यादा उपयुक्त हैं।

उन्होंने कहा, 'यह उनके लिए थोड़ा ज्यादा उपयुक्त होगा क्योंकि करुण ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने घरेलू क्रिकेट में नंबर तीन पर बल्लेबाजी नहीं की है। मैं यह नहीं कह रहा कि वह टेस्ट टीम के लिए ऐसा नहीं कर सकते, लेकिन करुण के लिए आदर्श नंबर चार होगा।'

# वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को डिएलएस से 197 रनों से हाराया

## कार्टी का लगातार दूसरा शतक, वनडे सीरीज 1-1 से बराबर

डबलिन, 26 मई (एजेंसियां)। केसी कार्टी की 170 रन की पारी के दम पर वेस्टइंडीज ने डबलिन में खेले गए तीसरे वनडे में आयरलैंड को 197 रन से हराया। इसके साथ ही 3 मैच की सीरीज 1-1 से बराबरी पर खत्म हुई। पहला मैच आयरलैंड ने जीता था जबकि दूसरा बारिश में रद्द हो गया था।

वेस्टइंडीज़ ने तीसरे और निर्णायक वनडे में आयरलैंड को डकवर्थ-लुईस नियम से 197 रन से हराकर तीन मैच की सीरीज़ 1-1 से बराबर कर ली। इस जीत के हीरो रहे केसी कार्टी, जिन्होंने लगातार दूसरे मैच में शतक जड़ते हुए 170 रन की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली।



बारिश से प्रभावित मैच में वेस्टइंडीज़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 385 रन बनाए थे। ये वेस्टइंडीज का वनडे में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। कार्टी के अलावा कप्तान शाई होप ने 75 और जस्टिन ग्रीव्स ने 22 गेंद में 50 रन की तूफानी पारी खेली थी। आखिरी 8 ओवर में कैरेबियाई टीम ने 132 रन ठोके, जो वनडे इतिहास में तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। आयरलैंड के लिए बैरी मैकार्थी ने तीन विकेट लिएलेकिन 100 रन खर्च कर वह आयरलैंड के पहले ऐसे गेंदबाज़ बने, जिन्होंने वनडे में 100 से ज़्यादा रन दिए।

बारिश के कारण आयरलैंड को 46 ओवर में 363 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। लेकिन वेस्टइंडीज के तेज़ गेंदबाज़ जेडन सील्स ने पहले 8 ओवर में ही आयरलैंड की कमर तोड़ दी। उन्होंने एंडी बालबर्नी, पॉल स्टर्लिंग और हैरी टेक्टर को सस्ते में आउट कर दिया। स्टर्लिंग ने हालांकि 6000 वनडे रन पूरे किए।

कैड कार्माइकल और लॉर्कन टकर ने 72 रन की साझेदारी कर कुछ उम्मीद जगाई लेकिन अल्ज़ारी जोसेफ और ग्रीव्स ने उन्हें भी पवेलियन भेज दिया। आयरलैंड की टीम दो चोटिल खिलाड़ियों-जॉर्डन नील और जोश लिटिल-के बिना खेल रही थी, जिससे उनकी मुश्किलें और बढ़ गईं। इस जीत के साथ वेस्टइंडीज़ ने लगातार दो सीरीज़ हारने से खुद को बचा लिया। केसी कार्टी को उनकी शानदार बल्लेबाज़ी के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज़ चुना गया।

# चार देशों की जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट

## भारत ने उरुग्वे को 3-2 से हराया

रोसारियो (अर्जेंटीना), 26 मई (एजेंसियां)। कनिका सिवाच के दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट के अपने दूसरे मैच में उरुग्वे को 3-2 से हराया। भारत के इस रोमांचक मुकाबले में कनिका (46वां और 50वां मिनट) के अलावा सोनम (21वां) ने गोल किये। उरुग्वे के लिए मिलाग्रोस सेगल (तीसरा) और अगस्टिना मैरी (24वां) ने गोल किए। I

उरुग्वे ने तीसरे मिनट में ही सेगल के पेनल्टी कॉर्नर से बढ़त हासिल कर ली। सोनम ने दूसरे क्वार्टर में 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को बराबरी दिलायी। इसके तीन



मिनट के बाद ही मैरी ने एक और पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर उरुग्वे को फिर से बढ़त दिला दी।

भारत ने आखिरी क्वार्टर में चार मिनट के अंदर कनिका के दो गोल से वापसी की। कनिका ने पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और फिर मैदानी गोल कर टीम को बढ़त दिला दी जो आखिर तक कायम रही। भारत का अगला मुकाबला मंगलवार को मेजबान अर्जेंटीना से होगा।

## वो फिट भी हैं क्या? धोनी के रिटायरमेंट पर

# सुरेश रैना और आकाश चोपड़ा शो में हुई नोंकझोंक

खेल डेस्क, 26 मई (एजेंसियां)। क्रिकेट की दुनिया में महेंद्र सिंह धोनी की आईपीएल से रिटायरमेंट को लेकर फिर से बहस छिड़ गई है। चेन्नई सुपर किंग्स के आखिरी मुकाबले के बाद यह चर्चा और तेज हो गई, जब धोनी ने अपने आईपीएल भविष्य को लेकर ऐसा जवाब दिया, जिससे उनके संन्यास की बात और उलझ गई। इस बीच, स्टार स्पोर्ट्स पर लाइव शो के दौरान पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा और सुरेश रैना के बीच धोनी के आईपीएल भविष्य को लेकर जोरदार बहस हो गई। दोनों की राय इस पर एकदम जुदा थी।

एक तरफ रैना धोनी की खुलकर वकालत कर रहे थे। दूसरी तरफ आकाश चोपड़ा ने धोनी की उम्र और फिटनेस दोनों पर सीधे सवाल खड़े कर दिए। इस पूरे विवाद में संजय बांगड़ और आरपी सिंह भी कूद गए। इसका वीडियो वायरल हो रहा।



आइए आपको बताते हैं कि लाइव शो के दौरान आकाश और रैना के बीच धोनी को लेकर क्या बात हुई।

आकाश चोपड़ा ने सवाल उठाया, 'अगर एमएस धोनी अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी होते, तो क्या वो इस साल सीएसके की टीम में होते?' इसके जवाब में सुरेश रैना ने तुरंत पलटवार किया, 'बिलकुल होते। वो 18 साल से टीम का हिस्सा हैं और आज भी सबसे ज्यादा छक्के मारते हैं।' चोपड़ा का अगला सवाल था, 'अगर धोनी इतने बड़े खिलाड़ी हैं, तो वो 7, 8 या 9 नंबर पर क्यों बैटिंग कर रहे? टीम की टॉप ऑर्डर फ्लॉप रही, फिर भी वो ऊपर क्यों नहीं आए? क्या वो फिट नहीं हैं?' इस पर रैना ने सफाई दी, 'उन्हें आखिरी के चार ओवर में बैटिंग करना ज्यादा कंफर्टेबल लगता है। वो 43 की उम्र में भी विकेटकीपिंग कर रहे। पिछले साल उन्होंने खुद कहा था कि टीम में युवाओं को मौका देना चाहते हैं, इसलिए खुद पीछे हटे हैं।'

इसके बाद आरपी सिंह भी इस चर्चा में जुड़े और बोले, 'धोनी का घुटने का ऑपरेशन हुआ है। हर खिलाड़ी को रिकवरी में वक्त लगता है। उन्होंने खुद को मैनेज किया, जैसे रैना ने भी किया था।'

धोनी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ सीजन के आखिरी मुकाबले में बैटिंग नहीं की। जब मैच खत्म हुआ और उनसे पूछा गया कि क्या ये उनका आखिरी मैच था, तो धोनी ने कहा, 'मैं ये नहीं कह रहा कि मैं खत्म हो गया हूं, और ये भी नहीं कह रहा कि वापस आऊंगा। मेरे पास 4-5 महीने हैं फैसला करने के लिए।'

धोनी के इस बयान ने रिटायरमेंट की अटकलों को और हवा दे दी। फिलहाल ये साफ नहीं है कि धोनी 2026 में खेलेंगे या नहीं। लेकिन इतना तय है कि उनकी मौजूदगी और उनका फैसला आईपीएल के फैन्स और CSK के लिए बेहद अहम रहेगा।

# अपने आप को दुनिया का सबसे बड़ा खिलाड़ी मानता है वैभव सूर्यवंशी

## मिचेल स्टार्क के इस बयान की सच्चाई

खेल डेस्क, 26 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 के बाद कुछ हो या ना हो, वैभव सूर्यवंशी के नाम के चर्चे तो जरूर हैं. उनकी बातें होनी तो वर्ल्ड क्रिकेट में जरूर शुरू हो गई हैं. अब तक कई पूर्व क्रिकेटरों और मौजूदा क्रिकेटरों के बयान उन्हें लेकर सामने आए हैं. और, सबने उनकी बल्लेबाजी के टैलेंट, उनकी काबिलियत की अपने-अपने शब्दों में तारीफ ही की है. इसी बीच ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज और आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी मिचेल स्टार्क का भी एक बयान वैभव सूर्यवंशी को लेकर वायरल हो रहा है, जिसमें वो ये कह रहे हैं कि, अपने आप को दुनिया का सबसे बड़ा खिलाड़ी समझता है वैभव सूर्यवंशी. अब सवाल है कि क्या सच में स्टार्क ने ऐसा कहा है या फिर सच्चाई कुछ और है.

**मिचेल स्टार्क का वायरल बयान**



सबसे पहले तो ये जान लीजिए कि वो पूरा बयान है क्या, जो मिचेल स्टार्क का वैभव सूर्यवंशी को लेकर वायरल हो रहा है. उस बयान के मुताबिक मिचेल स्टार्क कहते हैं कि वैभव सूर्यवंशी अगर कभी मेरे सामने बल्लेबाजी करने आता है तो गारंटी के साथ बोलता हूं कि 6 गेंद से ज्यादा नहीं खेलने दूंगा. अपने आप को दुनिया का सबसे बड़ा खिलाड़ी मानता है.

**स्टार्क की बातों का ठोस प्रमाण नहीं**

ये बात सच है कि जिस IPL 2025 में वैभव सूर्यवंशी ने कई मंझे हुए गेंदबाजों की धुनाई की, उसमें मिचेल स्टार्क को उन्होंने कभी नहीं खेला. दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच एक मैच आा 2025 में हुई भी तो उसमें वैभव नहीं खेले थे क्योंकि तब उनका डेब्यू नहीं हुआ था. तो क्या इसी वजह से मिचेल स्टार्क ने ऐसा कहा? जवाब है- जी नहीं. क्योंकि जो बयान वायरल हो रहा है, वैसा स्टार्क ने कुछ कहा हो, उसके कोई ठोस प्रमाण नहीं मिलते.

**क्या सच में स्टार्क ने वैसा कहा, जैसा वायरल है?**

इसमें दो राय नहीं कि मिचेल स्टार्क, वैभव सूर्यवंशी को लेकर अपनी बात नहीं रख सकते. बिल्कुल रख सकते हैं.

लेकिन, उन्होंने ये कहा हो कि अपने आप को दुनिया का सबसे बड़ा खिलाड़ी मानता है वैभव सूर्यवंशी. ये थोड़ा समझ से परे हैं. इस पर यकीन करना मुश्किल है. मतलब ये कि जो बयान वायरल हो रहा है, वो या तो मिचेल स्टार्क ने कही नहीं है. और, अगर कही है तो फिर उसमें शब्दों का हेर-फेर या अशुद्धियां की गई हैं.

# नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में गुकेश का कार्लसन से सामना

## एरिगेसी की चीन के खिलाड़ी से भिड़ंत

नई दिल्ली, 26 मई (एजेंसियां)। क्लासिकल शतरंज शैली में सबसे कड़े प्रतिद्वंद्वियों को मात देने की क्षमता रखने वाले विश्व चैंपियन डी. गुकेश और अर्जुन एरिगेसी सोमवार से शुरू होने वाले नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। इस टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे शीर्ष खिलाड़ी भी चुनौती पेश करने के लिए तैयार है।

गुकेश पहले दौर में दुनिया के नंबर एक कार्लसन से भिड़ेंगे जो टूर्नामेंट में सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक होगा जबकि पहली बार खेल रहे एरिगेसी चीन के वेई यि के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। महिला वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व दो बार की महिला विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी और आर वैशाली करेंगी। हम्पी पहले दौर



में वैशाली के सामने होंगी। शतरंज कैलेंडर पर सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक नॉर्वे शतरंज में पुरुष और महिला वर्ग में छह-छह खिलाड़ी शामिल हैं। इसे 'डबल राउंड-रॉबिन' प्रारूप में खेला जाता है। यह पहली बार है जब पुरुष वर्ग में भारत के दो खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे जिससे टूर्नामेंट में भारत के लिए पहला खिताब जीतने की उम्मीद बढ़ गई हैं। यह टूर्नामेंट 2013 में पहली बार खेला गया था। उस समय पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद सहित इसमें 10 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शामिल थे। आनंद इस टूर्नामेंट में छह से अधिक बार खेले हैं और 2015 में उपविजेता रहे। उन्होंने हाल ही में कहा था कि उन्हें इस टूर्नामेंट में 'बहुत रोमांचक मुकाबला' देखने की उम्मीद है, क्योंकि गुकेश और एरिगेसी दोनों में प्रेरणा की कमी नहीं होगी और वे पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन को हराने के लिए दृढ़ संकल्पित होंगे। कार्लसन छह खिताब के साथ इस टूर्नामेंट के सबसे सफल खिलाड़ी है। प्रतियोगिता में चार भारतीयों की मौजूदगी भी देश में शतरंज के विकास को दर्शाती है। पुरुष वर्ग में कार्लसन और अमेरिका के ग्रैंडमास्टर नाकामुरा जबकि महिला वर्ग में चीन की जू वेनजुन और ली टिंगजी की महिला जोड़ी को मात देना आसान नहीं होगा।

# लाहौर कलंदर्स ने जीता तीसरा पीएसएल खिताब

## कुसल परेरा बने मैच विनर,नाबाद 62 रन की पारी खेली

लाहौर, 26 मई (एजेंसियां)। जिस शाहीन अफरीदी को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पिछले साल टी20 टीम की कप्तानी से हटा दिया था, उनकी टीम लाहौर कलंदर्स ने तीसरी बार पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के खिताब पर कब्जा जमाया है। लाहौर की टीम पिछले चार साल के अंदर तीसरी बार चैंपियन बनी है। खेले गए फाइनल में शाहीन की लाहौर टीम ने सऊद शकील की क्वेटा ग्लैडिएटर्स को छह विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए क्वेटा की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 201 रन बनाए थे। जवाब में लाहौर की टीम ने 19.5 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

**रजा टॉस से 10 मिनट पहले लाहौर पहुंचे**

दिलचस्प बात यह रही कि जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा फाइनल में टॉस से महज 10



मिनट पहले इंग्लैंड से लाहौर पहुंचे थे और उन्होंने अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। रजा ने नॉटिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था जिसे जिम्बाब्वे शनिवार को पारी से हार गया था। क्वेटा के स्पिनरों की जोड़ी अबरार अहमद (27 रन पर एक विकेट) और उस्मान तारिक (38 रन पर एक विकेट) ने बीच के ओवरों में लाहौर पर शिकंजा कस दिया था। जब रजा मैदान पर आए तो लाहौर को आखिरी 20 गेंदों पर 57 रन की जरूरत थी। इसके बाद रजा ने सात गेंदों पर नाबाद 22 रन (दो चौके और दो छक्के) बनाए, जबकि कुसल परेरा ने 31 गेंदों में नाबाद 62 रनों (पांच चौके और चार छक्के) की पारी खेली। रजा पीएसएल फाइनल मैच से ठीक पहले पहुंचकर लाहौर के लिए संकटमोचक साबित हुए।

**रजा ने आखिरी ओवर में दिलाई जीत**

लंबे सफर के बाद लाहौर पहुंचे रजा पर थकान का कोई असर नहीं दिखा। उन्होंने तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की पहली दो गेंदों पर चौका और छक्का जड़ा। फहीम अशरफ की अंतिम तीन गेंदों पर टीम को जीत के लिए आठ रन चाहिए थे। रजा ने इस तेज गेंदबाज के खिलाफ छक्का और फिर फिर मिड-ऑन पर चौका जड़कर लाहौर को यादगार जीत दिला दी। रजा और परेरा के अलावा लाहौर के लिए फखर जमां ने 10 गेंद में 11 रन, मोहम्मद नईम ने 27 गेंद में एक चौका और छह छक्के की मदद से 46 रन, अब्दुल्लाह शफीक ने 28 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 41 रन और भानुका राजपक्षे ने 16 गेंद में 14 रन की पारी खेली। क्वेटा की ओर से मोहम्मद आमिर, फहीम अशरफ, अबरार अहमद और उस्मान तारिक को एक-एक विकेट मिला।

**क्वेटा के लिए हसन नवाज ने अच्छी बल्लेबाजी की**

इससे पहले पाकिस्तान के उभरते हुए स्टार टी20 बल्लेबाज हसन नवाज ने 43 गेंदों पर 76 रनों की पारी खेली। अशरफ ने आठ गेंद में 28 रन बनाए और उन्होंने लाहौर के सलमान मिर्जा के आखिरी ओवर में 23 रन बटोरे जिससे क्वेटा 200 रन के पार पहुंच गया। अशरफ की 20वें ओवर में आतिशी बल्लेबाजी ने हालांकि क्वेटा को छह साल में अपना पहला पीएसएल खिताब जीतने की उम्मीद दी, लेकिन रजा ने उनके सपने को तोड़ दिया। कप्तान शकील छह गेंद में चार रन, फिन एलेन ने 11 गेंद में 12 रन, राइली रूसो ने 11 गेंद में 22 रन और अविष्का फर्नांडो ने 22 गेंद में 29 रन की पारी खेली।

# समय से पहले पहुंचा दक्षिण-पश्चिम मानसून

## पूरे सप्ताह भारी बारिश की संभावना



हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने लगभग दो सप्ताह पहले ही मंगलवार को तेलंगाना राज्य में प्रवेश कर लिया है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के जल्दी आने और तेजी से आगे बढ़ने के कारण इस पूरे सप्ताह यानी शनिवार, 31 मई तक भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है, ऐसा आईएमडी-हैदराबाद ने मंगलवार को अपने पूर्वानुमान में संकेत दिया है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी)-नई दिल्ली ने मंगलवार शाम को जारी दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति पर अपने अद्यतन में कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 27 मई को मध्य अरब सागर के कुछ और भागों, मुंबई सहित महाराष्ट्र के अधिक भागों, बेंगलुरू सहित कर्नाटक, तमिलनाडु के शेष भागों, तेलंगाना राज्य के कुछ भागों और आंध्र प्रदेश की ओर आगे बढ़ गया है।

आईएमडी-नई दिल्ली ने अपने मानसून अपडेट में कहा कि अगले तीन दिनों के दौरान तेलंगाना राज्य और आंध्र प्रदेश के शेष हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। हर साल आमतौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून 8 जून से 10 जून के बीच तेलंगाना राज्य में आता है और 12 या 14 जून तक पूरे राज्य को कवर कर लेता है। हालांकि, इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून 26 मई, 2025 तक तेलंगाना राज्य में सक्रिय हो चुका है। आईएमडी-हैदराबाद ने मंगलवार शाम के अपने पूर्वानुमान में तेलंगाना राज्य के कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है।

हैदराबाद मौसम विभाग ने मंगलवार और बुधवार को भारी वर्षा और गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को भारी से बहुत भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है।

कुल मिलाकर, जिन जिलों में मॉनसून का प्रभाव ज्यादा रहेगा उनमें विकाराबाद, संगारेड्डी, मेदक, कामारेड्डी, महबूबनगर, नागरकर्नूल, वानापर्थी, नारायणपेट, जोगुलम्बा गदवाल, आदिलाबाद, कोमाराम भीम आसिफाबाद, मनचेरियल, निर्मल, निज़ामाबाद, जगतियाल, राजन्ना सिरसिल्ला, करीमनगर, पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली शामिल हैं।

पूरे सप्ताह तेलंगाना राज्य के सभी 33 जिलों में अधिकतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस से कम रहेगा। हैदराबाद के लिए, आईएमडी-हैदराबाद के पूर्वानुमान ने संकेत दिया कि 30 मई तक मौसम आम तौर पर बादल छाए रहेंगे। हल्की से मध्यम बारिश/बूंदाबांदी के साथ तेज़ हवाएं (30-40 किमी प्रति घंटे) चलने की संभावना है। हैदराबाद के प्रसिद्ध मौसम विशेषज्ञ टी बालाजी के विश्लेषण के आधार पर, वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम मानसून आगे बढ़ चुका है और गदवाल, महबूबनगर, नागरकर्नूल और नलगोंडा सहित तेलंगाना राज्य के दक्षिणी भागों में सक्रिय है।

# वक्फ संशोधन अधिनियम को वापस लेने की मांग



हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। वक्फ संशोधन अधिनियम को वापस लेने की मांग को लेकर रविवार को शहर में मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) के आह्वान पर शहर में विभिन्न स्थानों पर कई लोगों ने मानव श्रृंखला बनाई। दोपहर 2 बजे से 2.30 बजे के बीच चंद्रायनगुट्टा, मेहदीपट्टनम, बहादुरपुरा, मीर आलम टैंक, संतोषनगर, मलकपेट, याकूतपुरा और अन्य स्थानों पर आधे घंटे तक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी आयु वर्ग की महिलाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी निर्धारित स्थानों पर एकत्र हुए।

पुराने शहर में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय लोगों और अन्य सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के सदस्यों के साथ भाग लिया। एआईएमआईएम पार्टी के महासचिव अहमद पाशा कादरी ने कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ एक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन था, जिसका उद्देश्य सरकार को कड़ा संदेश देना था कि लोग डब्ल्यूएए के खिलाफ हैं और इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। ओवैसी अस्पताल जंक्शन पर एआईएमआईएम पार्टी के नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ने पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

हाल ही में वक्फ संशोधन विधेयक 2025 का उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना, शासन संरचनाओं में सुधार करना और वक्फ संपत्तियों को दुरूपयोग से बचाना है। इन कानूनी सुधारों ने वक्फ संपत्तियों के प्रशासन को आकार दिया है और वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाया है। भारत में वक्फ कानून का विकास वक्फ संपत्तियों को विनियमित और संरक्षित करने के चल रहे प्रयासों को दर्शाता है, जो महत्वपूर्ण सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक महत्व रखते हैं। 1954 के वक्फ अधिनियम से शुरू होकर, वक्फ संपत्तियों को नियंत्रित करने वाले कानूनी ढांचे में उभरती चुनौतियों का समाधान करने और बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए वर्षों में कई संशोधन हुए हैं।

# किसान दंपत्ति ने भैंसों के साथ किया प्रदर्शन



करीमनगर, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। एक किसान दंपत्ति ने सोमवार को गन्नेरुवरम मंडल मुख्यालय में मुख्य सड़क पर अपनी भैंसों के साथ रास्ता रोको आंदोलन कर बिजली आपूर्ति बाधित होने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

कोरिवी पोचैया और सुशीला नामक दंपत्ति के पास कुछ एकड़ ज़मीन और एक कृषि पंप सेट है। एक महीने पहले, बिजली के खंभे के क्षतिग्रस्त होने के कारण उनके खेतों को बिजली की आपूर्ति करने वाला बिजली का तार टूट गया था। हालांकि वे बिजली विभाग के चक्कर लगा रहे थे, लेकिन अभी तक बिजली कनेक्शन बहाल नहीं हुआ।

अधिकारियों के रवैये से नाराज़ दंपत्ति ने अपनी भैंसों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। दंपत्ति ने आरोप लगाया कि अधिकारी बिजली कनेक्शन बहाल करने के लिए रिश्वत मांग रहे थे। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति की कमी के कारण वे मवेशियों को पानी नहीं दे पा रहे हैं, इसलिए वे चाहते हैं कि अधिकारी उनके खेतों में बिजली आपूर्ति बहाल करें।

# करीब 18,000 छात्रों ने छोड़ी सिविल प्रारंभिक परीक्षा

## सिविल प्रारंभिक परीक्षा पेपर में दिखा कई उतार-चढ़ाव



हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। रविवार को शहर के 95 केंद्रों पर आयोजित सिविल सेवा 2025 प्रारंभिक परीक्षा में 17,889 अभ्यर्थी शामिल नहीं हुए। हैदराबाद में कुल 43,676 उम्मीदवार पंजीकृत थे, जिनमें से 26,032 उम्मीदवार पेपर-I में शामिल हुए और 25,787 उम्मीदवार पेपर-II में शामिल हुए। इसका मतलब है कि 245 उम्मीदवारों ने पेपर-I देने के बाद पेपर-II छोड़ दिया, जो पेपर की कठोरता को दर्शाता है। कई अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रथम प्रश्नपत्र में प्रश्न बहुत ही उलझे हुए थे, जिनका मुख्य उद्देश्य अभ्यर्थियों को दौड़ से बाहर करना था।

शहर में परीक्षा देने वाले एक अभ्यर्थी शशांक ने बताया कि कोई भी प्रश्न बैंक से नहीं था। प्रश्न और विकल्प इस तरह से तैयार किए गए थे कि अभ्यर्थियों को सही उत्तर तक पहुंचने के लिए एलिमिनेशन प्रक्रिया का इस्तेमाल करने की कोई गुंजाइश नहीं थी। आर्थिक और सामाजिक विकास, (16) इतिहास और संस्कृति, (9) सामान्य विज्ञान, (16) भारतीय राजनीति और शासन, (13) पर्यावरण और पारिस्थितिकी, (14) भूगोल, (5) सामान्य ज्ञान और (12) समसामयिक मामलों से लगभग (15) प्रश्न थे।

इस बार पेपर-1 में सभी क्षेत्रों से प्रश्न थे। हालांकि, इतिहास और संस्कृति से संबंधित प्रश्नों की संख्या पिछले साल की तुलना में अधिक थी। ब्रेन ट्री के निदेशक गोपाल कृष्ण ने कहा कि केवल लंबे समय तक तैयारी करने वाले उम्मीदवारों को ही पुरस्कृत किया जाएगा। पेपर-2 के लिए उम्मीदवारों ने बताया कि कठिनाई स्तर पर प्रश्न मध्यम से कठिन थे। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रश्न सीधा नहीं था और पेपर आईआईएम में प्रवेश के लिए आयोजित कैट की तर्ज पर था। एक अभ्यर्थी प्रणीत ने कहा कि मानविकी पृष्ठभूमि वाले छात्रों के लिए यह कठिन समय था।

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 10 जून तक परिणाम जारी किये जाने की उम्मीद है। इस बीच, हैदराबाद कलेक्टर अनुदीप दुरीशेट्टी ने उस्मानिया यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ साइंस, सैफाबाद, गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, बेगमपेट और ओयू पीजी कॉलेज ऑफ लॉ, बशीरबाग में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

# सैकड़ों बकरियों की संदिग्ध मौत

खम्मम, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के पलाइर विधानसभा क्षेत्र के खम्मम ग्रामीण मंडल के अरेकोडु थांडा में रविवार को संदिग्ध तरीके से सैकड़ों बकरियों की मौत हो गई। किसानों के अनुसार, थंडा में चरने गई करीब 300 बकरियां अचानक गिर गईं।

इनमें से 75 बकरियां मर गईं। इनमें से कुछ की मौत खम्मम के रापार्थी नगर स्थित जिला पशु चिकित्सालय में इलाज के दौरान हुई। बाकी 50 बकरियों का इलाज चल रहा है।

किसानों को संदेह है कि भिंडी के खेत में चरने वाली बकरियों ने शायद रासायनिक कीटनाशकों से छिड़की गई वनस्पति खा ली होगी।

स्थानीय लोगों ने बताया कि खेतों में और खेतों के पास के पेड़ों के नीचे कई मृत बकरियां देखी गईं और ज़्यादातर बकरियां बीमार हो गई थीं। सीपीआई नेता बागम हेमंत राव, दांडी सुरेश, येदलापल्ली शंकरैया और अन्य लोग अस्पताल पहुंचे और किसानों को सांत्वना दी। उन्होंने डॉक्टरों से बात की, जिन्होंने कहा कि मौत का कारण पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल पाएगा। बकरियों को थांडा के 20 परिवार पाल रहे थे। मृत बकरियों के पेट फूले हुए हालत में बताए जा रहे हैं। भाकपा नेताओं ने सरकार से किसानों की सहायता करने तथा उनकी आर्थिक मदद करने की अपील की।

# मुख्यमंत्री की तस्वीर को लेकर विधायक के कैंप कार्यालय में तनाव



राजन्ना सिरसिल्ला, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। सिरसिल्ला विधायक के कैंप कार्यालय में सोमवार को उस समय तनाव पैदा हो गया जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीआरएस विधायक केटी रामाराव के कार्यालय के अंदर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की तस्वीर लगाने का प्रयास किया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लाने और कांग्रेस और बीआरएस कार्यकर्ताओं को शांत करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया। लाठीचार्ज के दौरान कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं।

प्रोटोकॉल उल्लंघन का मुद्दा पिछले कुछ समय से निर्वाचन क्षेत्र में विवाद का विषय बना हुआ है। बीआरएस के एक कार्यकर्ता ने स्थानीय व्हाट्सएप ग्रुप में एक संदेश पोस्ट किया, जिसमें अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि वे अपने कार्यक्रम तब तक रोक दें जब तक कि स्थानीय विधायक केटी रामाराव की तस्वीर आधिकारिक कार्यक्रम फ्लेक्स बैनर पर नहीं छप जाती।

जवाब में, एक कांग्रेस कार्यकर्ता ने विधायक के कैंप कार्यालय के अंदर मुख्यमंत्री की तस्वीर लगाने की मंशा जाहिर करके चेतावनी को चुनौती दी। इसके बाद, सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्ता रेवंत रेड्डी की तस्वीरें लेकर विधायक के कार्यालय पहुंचे। इसकी जानकारी मिलते ही बीआरएस कार्यकर्ता भी मौके पर जमा हो गए। दोनों समूहों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की।

अशांति की आशंका को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया। अधिकारियों ने दोनों समूहों को आपस में भिड़ने से रोकने का प्रयास किया। स्थिति बढ़ने पर पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया। बाद में, बीआरएस और कांग्रेस दोनों कार्यकर्ताओं को पुलिस थाने ले जाया गया।

# बीआरएस में 'घर वापसी' के बारे में सोच रहे दलबदलू नेता



हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। दुर्व्यवहार और अपमानित महसूस करने के बाद, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक और नेता, जो कांग्रेस में शामिल हो गए थे, अब विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रहे हैं, जिसमें बीआरएस में 'घर वापसी', कांग्रेस छोड़कर अन्य पार्टियों में शामिल होना या यहां तक कि नई पार्टी बनाना भी शामिल है। जब से बीआरएस के दलबदलू कांग्रेस में शामिल हुए हैं, वे अपनी प्रासंगिकता खोने की शिकायत कर रहे हैं, स्थिति को एक गड्ढे में होने और राजनीतिक गुमनामी का सामना करने जैसा बता रहे हैं। कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में दलबदलू और कांग्रेस के वफादार विधायक और नेता खुलेआम एक-दूसरे को गाली दे रहे हैं।

सिरपुर कागजनगर के पूर्व विधायक कोनेरू कोनप्पा का भी यही हाल है, जिन्होंने बीआरएस से कांग्रेस का दामन थाम लिया है। अब उन्होंने कांग्रेस में अपने लिए 'समर्थन' या यूं कहें कि समर्थन न मिलने पर अपने समर्थकों के साथ खुलकर अपनी राय साझा करना शुरू कर दिया है। रविवार को पूर्व विधायक ने चिंतलामनेपल्ली मंडल के डब्बा गांव में अपने समर्थकों के साथ आत्मीय सम्मेलन आयोजित किया। बाद में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कोनप्पा ने कहा कि उनका बीआरएस प्रमुख के चंद्रशेखर राव या उनके परिवार से कोई मतभेद नहीं है। जब उनसे दूसरी पार्टियों में जाने की संभावना के बारे में पूछा गया तो पूर्व विधायक ने एक वीडियो में कहा, जो अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है।

कोनप्पा ने मीडियाकर्मियों से कहा, राजनीतिक स्थिति को देखते हुए हमें दूसरी पार्टियों में जाना पड़ सकता है, लेकिन हम कांग्रेस के साथ नहीं रहेंगे। आप बिना किसी संदेह के यह लिख सकते हैं। पार्टी सूत्रों ने कहा कि पूर्व विधायक के एमएलसी दांडे विट्ठल के साथ अच्छे संबंध नहीं थे, जो 2024 में बीआरएस से कांग्रेस में शामिल हो गए थे। दोनों नेता निर्वाचन क्षेत्र में राजनीतिक वर्चस्व हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। कोंटेला मंडल में कुछ दिन पहले कोनप्पा ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस में हालात बदतर होते जा रहे हैं। नेताओं का एक वर्ग गाली-गलौज कर रहा है और निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए धन जारी नहीं किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी द्वारा परियोजनाओं को मंजूरी दिए जाने के बाद भी, धनराशि जारी नहीं की जा रही है। हम निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के प्रति जवाबदेह हैं। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि पूर्व विधायक नई पार्टी भी बना सकते हैं।

# महिला को बिजली का झटका लगने से मौत

हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। कीसरा के नगरम में शनिवार को कथित तौर पर बिजली का तार टूटकर उसके ऊपर गिर जाने से गंभीर रूप से झुलसी एक महिला की रविवार रात अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब पीड़िता, जिसकी पहचान कीसारा के बापुरेड्डी कॉलोनी निवासी मौनिका के रूप में हुई, अपने पति सुरेश और तीन वर्षीय बेटे श्रेयस के साथ मोटरसाइकिल पर अपने घर जा रही थी।

जानकारी के अनुसार, शहर में भारी बारिश और हवाओं के दौरान, जिसमें कीसरा के कई इलाके शामिल थे, एक बिजली के खंभे से बिजली का तार टूटकर मोनिका पर गिर गया। उसे बिजली का झटका लगा और वह गंभीर रूप से झुलस गई। इस घटना में सुरेश और श्रेयस को भी मामूली चोटें आईं। तीनों को तुरंत पास के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां रविवार को मोनिका की जलकर मौत हो गई। उसके पति और बच्चे का इलाज चल रहा है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। कीसरा पुलिस जांच कर रही है।

# जंगली सूअर ने आदिवासी किसान को मार डाला

आदिलाबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। रविवार शाम को उत्नूर मंडल के राजुलुमदुगु गांव के जंगलों में एक जंगली सूअर ने 35 वर्षीय आदिवासी किसान को मार डाला। स्थानीय लोगों ने बताया कि कोडपा लक्ष्मण जब जंगल में शौच के लिए गए थे, तभी सूअर ने उन पर हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके साथ मौजूद उनकी पत्नी ने शोर मचाया, लेकिन जब तक स्थानीय लोग मदद के लिए पहुंचे, तब तक लक्ष्मण की मौत हो चुकी थी। शव को उटनूर मंडल मुख्यालय के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया। घटना के समय दम्पति साप्ताहिक स्थानीय बाजार से राजुलुगुडा लौट रहे थे। वन अधिकारियों ने घटना के बारे में जानकारी जुटा ली है। उन्होंने कहा कि लक्ष्मण के परिवार को जल्द ही मुआवजा दिया जाएगा।

# रविवार को नेहरू प्राणी उद्यान में 24,000 से अधिक लोग उमड़े

## गर्मी की छुट्टियों का आनंद ले रहे लोग



हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। शैक्षणिक संस्थानों में चल रही गर्मी की छुट्टियों और शहर में बढ़िया मौसम के मद्देनजर रविवार को नेहरू प्राणी उद्यान हैदराबाद में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। चिड़ियाघर में एक ही दिन में 24,000 आगंतुक आए। बड़ी संख्या में आगंतुकों के आने की उम्मीद में चिड़ियाघर प्रबंधन ने पर्याप्त व्यवस्थाएं कीं, जिनमें विभिन्न स्थानों पर अधिक सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, अतिरिक्त बुकिंग काउंटर, बैटरी चालित वाहन और पेयजल इकाइयां आदि शामिल थीं।

आगंतुकों के बीच वन्यजीव संरक्षण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विशेष पशु वार्ता शो और सरीसृप जागरूकता शो भी आयोजित किए गए हैं। वार्ता में जानवरों और उनके आवासों की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया गया, इस विचार को बढ़ावा दिया गया कि वन्यजीव एक स्वस्थ ग्रह के लिए आवश्यक हैं। नेहरू प्राणी उद्यान में 194 से ज़्यादा प्रजाति के जानवर और करीब 2300 व्यक्ति हैं। यह देश का पहला चिड़ियाघर है, जहां जानवरों को खुले बाड़ों में प्राणीशास्त्रीय क्रम में रखा गया है।

अभिभावक चाहते हैं कि बच्चों को अच्छी जानकारी हो, करीब से जानवरों को दिखाकर उनके बारे में बताते हैं ताकि मनोरंजन के साथ-साथ बच्चों को ज्ञान भी हो सके। नेहरू प्राणी उद्यान में पर्याप्त संख्या टूरिस्ट पहुंच रहे हैं जिससे उद्यान प्रशासन को भी लाभ हो रहा है। व्यवस्था की दृष्टिकोण से स्थानीय प्रशासन द्वारा बुनियादी सुविधाओं पर खासा ध्यान दिया जा रहा है ताकि आने वाले टूरिस्टों को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। नेहरू प्राणी उद्यान में अलग-अलग जानवरों को देखकर टूरिस्ट आनंदित हो रहे हैं। बच्चे भी खूब फोटो खींच रहे हैं।

# रेलवे स्टेशन पर कोच बदलते समय गिरने से महिला की मौत

हैदराबाद, 26 मई (स्वतंत्र वार्ता)। रविवार को चेर्लापल्ली रेलवे स्टेशन पर एक महिला यात्री दुर्घटनावश फिसलकर चलती ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गिर गई और उसकी मौत हो गई। आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले के डोंडापुडी के रहने वाले एम वेंकटेश और स्वेता (33) लिंगमपल्ली के एचएमटी टाउनशिप में रहते हैं। उनके दो बच्चे हैं। वेंकटेश एक निजी फर्म में काम करते हैं, जबकि स्वेता एक गृहिणी हैं और बच्चों की देखभाल करती हैं। चूंकि बच्चों की गर्मी की छुट्टियां थीं, इसलिए स्वेता बच्चों के साथ अपने पैतृक स्थान जा रही थी, तभी सुबह यह दुर्घटना घटी।

वेंकटेश ने रविवार को लिंगमपल्ली रेलवे स्टेशन पर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ जन्मभूमि एक्सप्रेस में सवार होने में मदद की। सिकंदराबाद राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के अनुसार, उन्हें कोच डी-8 में चढ़ना था और वे गलती से कोच डी-3 में चढ़ गए। जब ट्रेन चेलापल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंची, तो अन्य यात्री आए और कहा कि वे सीटें उनकी हैं।

जीआरपी अधिकारी ने बताया कि तभी उसे एहसास हुआ कि वे दूसरे कोच में चढ़ गए हैं। वह अचानक अपने बच्चों के साथ कोच से उतर गई और डी-8 पर पहुंच गई। उसने अपने दोनों बच्चों को कोच के अंदर बिठाया। इससे पहले कि वह ट्रेन में चढ़ पाती, ट्रेन चल पड़ी। जल्दी से ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गिर गई। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल स्वेता की मौके पर ही मौत हो गई। जीआरपी स्टाफ ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गांधी अस्पताल भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in
पर्यवेक्षण विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, 6-1-56, सचिवालय मार्ग, सैफाबाद, हैदराबाद - 500 004

सार्वजनिक सूचना

भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (अधिनियम) की धारा 45-IA (6) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक ने अधिनियम की धारा 45-I (a) के अंतर्गत परिभाषित गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थान का व्यवसाय करने के लिए निम्नलिखित कंपनी के पंजीकरण प्रमाणपत्र को रद्द कर दिया है :

| क्र. सं. | कंपनी का नाम और सीआईएन संख्या | कंपनी के पंजीकृत कार्यालय का पता | पंजीकरण प्रमाणपत्र संख्या और दिनांक | रद्द करने की तारीख़ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स गोल्डलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड) (CIN:U65993TG1992PLC014886) | दरवाजा नं. 8-2-293/82/एफ/डी/20, रोड नं. 16, फिल्म नगर, जुबली हिल्स, हैदराबाद - 500033 | 09.00170 दिनांक 29 अप्रैल 1998 | 16 जून, 2023 |

इसलिए यह कंपनी, अधिनियम के तहत परिभाषित गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान का व्यवसाय नहीं कर सकती। रद्द की गई एनबीएफसी की अद्यतन सूची https://rbi.org.in/Scripts/BS_NBFCList.aspx पर देखी जा सकती है।

आम जनता को सचेत किया जाता है कि मेसर्स गोल्डलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड को जारी किया गया उपर्युक्त सी.ओ.आर. (Certificate of Registration) रद्द करने के बाद भारतीय रिज़र्व बैंक को वापस नहीं किया गया है और यदि किसी को सी.ओ.आर. या इसके दुरुपयोग के बारे में कोई जानकारी मिलती है, तो वह उपरोक्त पते पर भारतीय रिज़र्व बैंक, हैदराबाद को सूचित कर सकता है।

इसे जनहित में जारी किया जाता है।

स्थान: हैदराबाद
महाप्रबंधक

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.